


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 228 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.9 2081 रविवार, 10 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## गुजरात के बाद अब आंध्रा में सी-प्लेन सेवा का हुआ डेमो

विजयवाड़ा, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुजरात के बाद अब आंध्र प्रदेश में जल्द ही सी-प्लेन सेवा शुरू हो सकती है। राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू ने शनिवार को विजयवाड़ा के प्रकाशम बैराज और नांद्याल के श्रीशैलम के बीच सी-प्लेन की डेमो फ्लाइट लॉन्च की।

इस लॉन्च के बाद विजयवाड़ा में कृष्णा नदी पर स्थित पुन्नामी घाट पर एक बैठक को संबोधित करते हुए नायुडू ने कहा कि यह एक नया प्रयोग है। मैं इससे काफी खुश हूं। अगर देश में कुछ नया होता है, तो वह अमरावती में होना चाहिए। हम इस उद्देश्य से आगे बढ़ रहा हूं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद सी-प्लेन में उड़ान भरी। उनके साथ केंद्रीय उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायुडू और अन्य नेता भी थे। >14

# हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम : पीएम मोदी

*> चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली तीन राज्यों में डबल हो गई है*



मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार दूसरे दिन रैली की। उन्होंने शनिवार अकोला में एक बार फिर 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा दिया। इससे पहले 8 नवंबर को नासिक और धुले की रैली में भी उन्होंने यह नारा लगाया था। आज अकोला की रैली में पीएम के निशाने पर एक बार फिर कांग्रेस ही रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है।

पीएम ने कहा, कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार (गांधी परिवार) के लिए एटीएम बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया। कहा- चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी। एससी-एसटी, ओबीसी पर : मोदी बोले- कांग्रेस चाहती है कि एससी समाज की अलग-अलग जातियां आपस में लड़ती रहें, झगड़ा करती रहे। क्योंकि वो जानती है कि एससी समाज की अलग-अलग जातियां आपस में झगड़ती रहेगी, तो उनकी आवाज बिखर जाएगी, उनका वोट बिखर जाएगा और ऐसा होते ही कांग्रेस के लिए सरकार में आने का रास्ता बन जाएगा। ओबीसी नाम सुनते ही कांग्रेस चिढ़ जाती है, ओबीसी समाज की अलग से पहचान न बनें, इसलिए कांग्रेस ने भांति-भांति के खेल खेले हैं।

### > राम मंदिर पर : मोदी बोले

एक बार फिर महायुति के लिए आर्शीवाद मांगने आया हूं। आज 9 नवंबर है, ये तारीख बहुत ऐतिहासिक है। आज ही के दिन 2019 में देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर फैसला दिया था। 9 नवंबर की तारीख इसलिए भी याद की जाएगी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर धर्म के लोगों ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। ये राष्ट्र प्रथम की भावना है। पीएम ने जय श्रीराम का नारा भी लगाया।

**> आर्टिकल 370 पर :** मोदी बोले- ये कौन लोग हैं जो 370 वापसी की मांग करते हैं। पाकिस्तान 370 का रोना रोता है। भारत विरोधी ताकतें 370 का समर्थन करते हैं। कांग्रेस भी वहीं भाषा बोलती है। जम्मू-कश्मीर में 370 लगाना, यहां हिंसा को फिर बढ़ावा देना है। ये अंबेडकर के कानून को बाहर निकालने वाला है। उन्होंने कहा, ये संविधान की किताब लहराने वाले कितने पापी लोग हैं, 75 साल से देश में जम्मू-कश्मीर का संविधान था, एक तरफ अंबेडकर का संविधान था। हम पूछते थे कि जम्मू-कश्मीर में संविधान लगेगा कि नहीं, इनके मुंह पर ताला लग जाता था।

**> परिवारवाद पर :** मोदी बोले-जहां कांग्रेस की सरकार बन जाती है, वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन जाता है। इन दिनों हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम बने हुए हैं। लोग बता रहे हैं कि इन दिनों महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर कर्नाटक में वसूली डबल हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कह, चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली कर्नाटक, तेलंगाना में डबल हो गई है। आरोप है कि कर्नाटक में इन लोगों ने शराब दुकानदारों से 700 करोड़ रुपये कि वसूली कराई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी।

### > एक हैं तो सेफ हैं पर

**मोदी बोले-**कांग्रेस अच्छी तरह जानती है, जितना देश कमजोर होगा, उतना ही वे मजबूत होंगे। जब कांग्रेस मजबूत होगी, देश मजबूर होगा। कांग्रेस विभिन्न जातियों के बीच विभाजन पैदा करती है। इसने हमारी जातियों को कभी एकजुट नहीं होने दिया। अगर हमारी जातियां एकजुट नहीं रहेंगी और एक-दूसरे के साथ संघर्ष करती रहेंगी, तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी। आपको सचेत रहना होगा। याद रखें, 'एक हैं तो सेफ हैं।'

## हमारी सरकार बनी तो घुसपैठियों को खदेड़कर झारखंडी युवाओं को नौकरी देंगे : शाह



रांची, 9 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 43 सीटों का प्रचार अंतिम दौर में आ गया है। शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह ने पलामू में कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- ये सरकार (हेमंत) अपने वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है। ये झारखंड के युवाओं की नौकरी खा जा रहे हैं। हमारी सरकार बना दो, हम सभी घुसपैठियों को खदेड़ देंगे।

अमित शाह ने कहा, हम धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देंगे। ये कांग्रेस वाले महाराष्ट्र में 10 प्रतिशत मुस्लिमों को आरक्षण देने के पक्ष में हैं।

मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूं कि अगर ये आरक्षण देंगे तो कम किसका होगा? दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का होगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख कर अपने वादों को दोहराया। उन्होंने कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर जमकर हमला बोला। जनता से अपील करते हुए कहा कि आप 350 करोड़ रुपये लूटने वाले को सबक सीखा दो। हम आपको सुखद प्रदेश देंगे।

पलामू प्रमंडल की छतरपुर विधानसभा सीट से भाजपा की पुष्पा देवी उम्मीदवार हैं, जो पूर्व मंत्री मनोज कुमार की पत्नी हैं। इसके बाद अमित शाह उतरी छोटानागपुर के हजारीबाग और फिर कोल्हान के पोटका में जनसभा करेंगे। हजारीबाग से भाजपा के प्रदीप प्रसाद प्रत्याशी हैं। वहीं, पोटका से पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा चुनाव लड़ रही हैं।

## झूठ का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए सच बोलना जरूरी : रेवंत रेड्डी

हैदराबाद/ मुंबई, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि झूठ का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए सच बोलना जरूरी है और हम सच बोलना जारी रखेंगे। शनिवार को मुंबई कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र भाजपा के नेता पिछले कुछ दिनों से तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के खिलाफ झूठ फैला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा घोषित गारंटियों के क्रियान्वयन के बारे में लोगों से झूठ बोल रहे हैं। जब तक प्रधानमंत्री मोदी झूठ फैलाना बंद नहीं करते, हम सच बोलते रहेंगे। यही कारण है कि मैं तेलंगाना में छह गारंटियों के क्रियान्वयन के बारे में लोगों को सच्चाई बताने के लिए महाराष्ट्र आया हूं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा किसान आत्महत्याएं हुई हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार किसानों के कल्याण



को भूल गई है। पीएम मोदी ने अडानी और अंबानी को लाभ पहुंचाने के लिए 'काले कानून' लाने पर विचार किया। कांग्रेस ने तेलंगाना में 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफी योजना का वादा किया। कांग्रेस सरकार ने 25 दिनों में 22,22,067 किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्त करके 17,869 करोड़ रुपये के कृषि ऋण माफ किए। मेरी सरकार अगर कोई चाहे तो कृषि ऋण माफी योजना के क्रियान्वयन का ब्यौरा देने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने तेलंगाना में किसानों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना का मुंहतोड़ जवाब दिया। मोदी को कड़े जवाब के बाद अपना ट्वीट डिलीट करना पड़ा। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने के 10 महीने के भीतर 50,000 रिक्त पदों को भरा गया। महालक्ष्मी योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर वितरित किया गया। 50 लाख परिवारों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली आपूर्ति का लाभ पहले ही मिल चुका है। सरकार धान को 500 रुपये समर्थन मूल्य दे रही है। 10 महीने में एक करोड़ चार लाख (1.04 करोड़) महिलाओं ने मुफ्त आरटीसी बस यात्रा योजना का लाभ उठाया। सरकार ने मुफ्त बस यात्रा योजना के लिए आरटीसी को 3541 करोड़ रुपये का भुगतान किया। >14

## 'मुंबई में रोहिंग्याओं-बांग्लादेशियों की बढ़ रही घुसपैठ'

*> हिंदू आबादी को लेकर किरीट सोमैया चिंतित*

मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक है तो सुरक्षित है' बयान का समर्थन किया और मुंबई में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। इस दौरान उन्होंने ने दावा किया कि अगर यही हाल रहा तो मुंबई में हिंदू आबादी घटकर सिर्फ 54 प्रतिशत रह जाएगी।

**टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की रिपोर्ट का दिया हवाला**

किरीट सोमैया ने कहा, पीएम मोदी कहते हैं 'एक है तो सुरक्षित है', यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ कहते हैं 'बटेंगे तो कटेंगे'। मेरे पास टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट के अनुसार, जिस तरह से मुंबई में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है, उससे शहर में हिंदू आबादी घटकर 54 प्रतिशत रह जाएगी। इसलिए हम (भाजपा) कहते हैं एक है तो सुरक्षित है।



**कांग्रेस नेताओं के दावों पर साधा निशाना :**

उन्होंने कहा, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष कहते हैं कि वे मुंबई में सभी अवैध मस्जिदों को मान्यता देंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले कहते हैं कि वे 'लव जिहाद' को रोकने के लिए कानून बनाने की अनुमति नहीं देंगे और सभी लव जिहाद के मामलों को वापस लेंगे। इसलिए मतदाताओं ने 'एक है तो सुरक्षित है' का फैसला किया है।इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने धुले रैली में प्रधानमंत्री मोदी के 'एक है तो सुरक्षित है' बयान की आलोचना की और इसकी व्यवहार्यता पर सवाल उठाया और इस बात पर जोर दिया कि महाराष्ट्र के लोग पहले से ही सुरक्षित हैं और भाजपा को बाहर करके सुरक्षित रहना पसंद करेंगे। संजय राउत ने कहा, पीएम को ऐसी बातें कहने की क्या जरूरत है। 'बटेंगे तो कटेंगे' यहां काम नहीं आया और महाराष्ट्र के लोगों ने इसे बाहर कर दिया। अब 'एक हैं तो सुरक्षित हैं', वह किसे एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं और किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं? क्या राज्य और देश के सभी लोग आपके नहीं हैं? हम महाराष्ट्र में सुरक्षित हैं और हम और भी सुरक्षित रहना चाहते हैं, इसलिए हम बीजेपी को बाहर कर देंगे।

संजय राउत की ये प्रतिक्रिया पीएम मोदी की तरफ से विपक्ष पर कटाक्ष करने के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने महा विकास अघाड़ी की तुलना बिना पहियों और ब्रेक के वाहन से की। 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धुले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, एमवीए की गाड़ी में न तो पहिए हैं और न ही ब्रेक और ड्राइवर की सीट पर कौन बैठेगा, इस बात को लेकर लड़ाई चल रही है। राजनीति में उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों को लूटना है। जब एमवीए जैसे लोग सरकार बनाते हैं, तो वे हर सरकारी नीति और विकास में बाधा डालते हैं।

## डीवाई चंद्रचूड़ ने उन मुद्दों को उठाया, जिन्हें पिछले सीजेआई उठाने से बचते थे : कपिल सिब्बल

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल 8 नवंबर को खत्म हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के जजों, वकीलों और उनके सहयोगियों ने विदाई समारोह में उनके कार्यकाल को याद किया और कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की 370, समलैंगिक विवाह और चुनावी बांड जैसे जटिल मुद्दों से निपटने इच्छा सराहना की और कहा कि ऐसे मुद्दों से पिछले सीजेआई बचते रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा कि वे सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के पिता (पूर्व मुख्य न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़) के सामने भी पेश हुए थे, जिन्होंने सात साल से ज्यादा समय तक सीजेआई के रूप में कार्य किया। कपिल सिब्बल ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ को अपने पिता के गुणों और उपलब्धियों को अपने भीतर रखना था, उनकी तरह काम करना था।

## मोदी जी बड़े-बड़े प्लेन में उड़ते हैं, बोझ आम आदमी को उठाना पड़ता है : राहुल गांधी



रांची, 9 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले फेज के प्रचार में नेता पूरी ताकत से लग गए हैं। शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने धनबाद के बाघमारा और जमशेदपुर में चुनावी सभा की। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- मोदी जी बड़े-बड़े भाषण करते हैं। बड़े-बड़े प्लेन में उड़ते हैं। लेकिन बोझ आम आदमी को उठाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों से हाथ मिलाने से भी कतराते हैं। वो अंबानी और अडानी के साथ जाएंगे, लेकिन गरीब दलितों, पिछड़ों से मिलना तक नहीं चाहते। 90 अफसर हिंदुस्तान के बजट को बनाते हैं। लेकिन इन नब्बे अफसरों में से केवल एक आदिवासी अफसर है।

**राहुल गांधी ने इंडिया की सात गारंटी को दोहराया**

उन्होंने लोगों के बीच इंडिया ब्लॉक की सात गारंटी को दोहराया। इसमें उन्होंने आरक्षण के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ जातिगत जनगणना कराने की बातें कही। उन्होंने कहा हमारी सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में खटाखट 2500 रुपये हर महीने जाने लगेगा। एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 प्रतिशत और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे। 10 लाख युवाओं को नौकरी देंगे। राहुल गांधी बोले- मोदी जी जीएसटी के जरिए गरीब लोगों का पैसा छीनना चाहते हैं। यह गरीबों से चोरी करने का सिस्टम है। नरेंद्र मोदी ने हर चीज पर जीएसटी जोड़ दिया है। टैक्स का पूरा ढांचा देश के गरीब लोगों से पैसा लेने का तरीका है।

**इन प्रत्याशियों के लिए कांग्रेस नेता ने की सभा :**

बाघमारा से जलेश्वर महतो को प्रत्याशी बनाया है। वहां भाजपा ने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के भाई शत्रुध्न महतो को उतारा है। जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस ने डॉ. अजय कुमार को टिकट दिया है। वहां उनका मुकाबला भाजपा की पूर्णिमा साहू से है, जो पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू हैं। वहीं, जमशेदपुर पश्चिमी से मंत्री बन्ना गुप्ता कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, वहां उनके सामने एनडीए के सरयू राय हैं।

## नेताजी के पड़पोते ने पीएम को लिखा पत्र, जापान में संरक्षित 'अवशेषों' को भारत लाने की मांग

कोलकाता, 9 नवंबर (एजेंसियां)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परपोते चंद्र कुमार बोस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे जापान के रेनकोजी मंदिर में रखे नेताजी के 'अवशेषों' को अगले साल 23 जनवरी को उनकी जन्मजयंती से पहले भारत लाने के लिए तत्काल कदम उठाएं।



पत्र में उन्होंने कहा कि यह नेताजी का 'बड़ा अपमान' है कि उनके 'अवशेष' अभी भी जापान के रेनकोजी मंदिर में रखे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नेताजी की इच्छा थी कि वह आजाद भारत में वापस लौटें। लेकिन उन्होंने भारत की आजादी के लिए 18 अगस्त 1945 को अपनी जान की कुर्बानी दी।

**कर्तव्य पथ पर नेताजी के सम्मान में बने स्मारक**

चंद्र कुमार बोस ने प्रधानमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि दिल्ली के कर्तव्य पथ पर नेताजी के सम्मान में एक स्मारक बनाया जाए। पत्र में उन्होंने लिखा, नेताजी के अवशेष अभी भी जापान के रेनकोजी मंदिर में हैं। यह एक बड़ा अपमान है कि उनके अवशेष एक विदेशी भूमि पर पड़े हुए हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि नेताजी के अवशेषों को 23 जनवरी से पहले भारत लाया जाए और उनके सम्मान में दिल्ली में एक स्मारक बनवाया जाए।

**नेताजी के निधन पर अंतिम बयान जारी करे सरकार**

उन्होंने आगे कहा, यह सराहनीय है कि आपके (पीएम मोदी) नेतृत्व में भारत सरकार ने नेताजी से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने के लिए कदम उठाया। सभी फाइलों के सार्वजनिक होने के बाद यह स्पष्ट है कि नेताजी की मृत्यु 18 अगस्त 1945 को हुई थी। इसलिए यह जरूरी है कि अब सरकार की ओर से एक अंतिम बयान जारी किया जाए, ताकि भारत के स्वतंत्रता सेनानी के बारे में जो झूठी धारणाएं फैलाई जा रही हैं, उन्हें समाप्त किया जा सके।

**नेहरू सरकार में गठित तीन सदस्यीय समिति का जिक्र**

चंद्र कुमार बोस ने 1956 में जवाहर लाल नेहरू सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति का भी जिक्र किया, जिसने नेताजी के निधन पर रिपोर्ट तैयार की थी। उन्होंने यह भी बताया कि 1974 में बने खोसला आयोग की रिपोर्ट और 2005 में न्यायमूर्ति मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट में नेताजी की मौत पर विभिन्न निष्कर्ष आए थे, जिन्हें भारत सरकार ने सही पाया और उनका समर्थन किया।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एनसी विधायक बोले-आतंकी बनना चाहता था

श्रीनगर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की लोलाब विधानसभा सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक कैसर जमशेद लोन ने विधानसभा में कहा- मैं पहले आतंकवादी बनना चाहता था। मुझे यातनाएं झेलनी पड़ी थीं। लोन ने 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र के आखिरी दिन एलजी मनोज सिन्हा के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान ये बातें कहीं। कैसर ने बताया- मैं जब 10वीं क्लास में था, तब मेरे इलाके में आतंकी घटना हुई थी। इसके बाद सेना ने मेरे सहित 32 लोगों से पूछताछ की थी। आतंकियों में शामिल एक युवक को मैंने जानने की बात स्वीकार की थी, क्योंकि मैं उसके इलाके में रहता था।



कैसर ने कहा, मेरे इस जवाब पर मुझे पीटा गया, आतंकी हमले के दौरान मौके पर मौजूद होने की बात कही गई। मैंने जब इसका जवाब न में दिया तो मुझे और पीटा गया। तभी वहां सेना के एक बड़े अधिकारी पहुंचे। उन्होंने मुझसे पूछा कि मैं क्या बनना चाहता हूं, तब मैंने कहा था- आतंकी। अधिकारी ने इसका कारण पूछा, तो मैंने कहा कि मुझे बहुत यातनाएं झेलनी पड़ी हैं। ये सुनने के बाद उस अधिकारी ने अपने जूनियर अधिकारियों को सभी के सामने डांटा। उनके इस व्यवहार के बाद मेरा व्यवस्था में फिर से विश्वास जागा था।

**पहली बार विधायक बने हैं कैसर जमशेद लोन :**

कैसर जमशेद लोन पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने कुपवाड़ा जिले की लोलाब विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने 7871 वोटों से निर्दलीय प्रत्याशी दाऊद बशीट भट्ट को हराया था। कैसर को 19603 वोट मिले थे। वहीं, दाऊद को 11732 वोट मिले थे।

## भड़काऊ भाषणों, झूठ के जरिए मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही भाजपा : खड़गे

मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा पर भड़काऊ भाषण और झूठ के जरिए लोगों का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया।

खरगे ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका कोई नेता बोलता है- बटेंगे तो कटेंगे, तो कोई बोलता है- एक हैं तो सेफ हैं। सच्चाई ये है कि बांटने वाले भी आप हैं और काटने वाले भी आप हैं। लेकिन दोष दूसरों पर देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, महाराष्ट्र में बेरोजगारी, किसानों, युवाओं, महिलाओं और नशे से जुड़ी कई बड़ी समस्याएं हैं। महाराष्ट्र पहले कानून व्यवस्था, न्याय और रोजगार के लिए जाना जाता था।

## लोकसभा चुनाव के बाद हमें जो गति मिली बरकरार नहीं रह सकी : शरद पवार

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद ने कहा कि प्रदेश के लोग बदलाव के इंतजार में हैं। अपनी इस बात के साथ उन्होंने यह भी जोड़ दिया कि



लोकसभा चुनाव के बाद महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को जो गति मिली थी, बरकरार नहीं रह सकी है। इसकी वजह उन्होंने महयुति सरकार की अलग-अलग 'लोकलुभावन योजनाओं' को बताया। शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग बदलाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो एमवीए को 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल करने में मदद करेगा।

शरद पवार को एमवीए का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद महायुति सरकार ने अपनी सारी मशीनरी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया है और इसने लाडकी बहिन योजना जैसे कई लोकलुभावन फैसले लिए हैं, जिसमें विभिन्न लाभार्थियों को पैसे दिए गए हैं और माहौल बदलने की कोशिश की जा रही है। हमारे सहयोगियों के अनुसार इसका कुछ असर हो सकता है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में महायुति को झटका लगा था। जिसमें उसे 48 में से सिर्फ 17 सीटें ही मिल पाई थीं, जबकि एमवीए को 30 सीटें मिली थीं। विधानसभा चुनावों से पहले शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने विभिन्न वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की थी। जिसमें लाडकी बहिन योजना भी शामिल है, जिसके तहत 2.5 करोड़ वंचित महिलाओं (18 से 65 वर्ष) को 1,500 रुपये मासिक भत्ता दिया जाता है।

# सिकंदराबाद शालीमार एक्सप्रेस पटरी से उतरी

## कोई हताहत नहीं, राहत-बचाव कार्य जारी

कोलकता, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में नलपुर स्टेशन के पास शनिवार सुबह सिकंदराबाद से शालीमार आ रही साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन की गति धीमी होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि, ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। लोगों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर शुरू किए गए हैं।

राहत व बचाव कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। घटना के जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दुर्घटना में फंसे यात्रियों को लाने के लिए विशेष राहत ट्रेन और बसों का इंतजाम किया गया है। कोलकाता में दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) ओमप्रकाश चारण ने बताया कि यह हादसा हावड़ा-खड़गपुर रेल मार्ग पर सुबह 5.31 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि मिडिल लाइन से डाउन लाइन में जाते समय ट्रेन डिरेल हो गई। इसमें एक पार्सल वैन और दो पैसेंजर कोच पटरी से उतर गए। सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बचाव टीम मौके पर पहुंच गई। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रेलवे द्वारा 10 बसों की व्यवस्था की गई है। हादसे के चलते इस खंड पर ट्रेन सेवा भी अवरुद्ध हो गई है। सेवा को बहाल करने का काम जारी है। रेलवे ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## गोदाम में लगी आग, 3 श्रमिकों की मौत

नवसारी, 9 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात में नवसारी जिले के देवसर गांव में शनिवार सुबह एक गोदाम में रसायन रिसाव के कारण लगी आग में तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक श्रमिक लापता है। हादसा सुबह करीब 9 बजे उस वक्त हुआ, जब श्रमिक ट्रक से रसायन भरे बैरल उतार रहे थे। इसी दौरान रसायन के रिसाव से आग भड़क उठी और 6 श्रमिक चपेट में आ गए। घायलों को नवसारी के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आसपास के तालुका से पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया था।

# सीजेआई बनने से पहले जस्टिस खन्ना ने मॉर्निंग वॉक छोड़ी

## सिक्योरिटी के साथ जाने की सलाह दी गई थी; इनकार कर दिया, बोले-आदत नहीं



नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। 11 नवंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेने जा रहे जस्टिस संजीव खन्ना ने मॉर्निंग वॉक छोड़ दी है। दरअसल, जस्टिस खन्ना को सिक्योरिटी के साथ मॉर्निंग वॉक पर जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन जस्टिस खन्ना ने इससे इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी की आदत नहीं है। स्टिस खन्ना सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। वह 11 नवंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेंगे।

अकेले कई किलोमीटर मॉर्निंग वॉक करते हैं जस्टिस खन्ना

जस्टिस खन्ना दिल्ली में हर सुबह लोधी गार्डन एरिया और अपने घर के आसपास कई किलोमीटर तक अकेले टहलते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि कोई उन्हें पहचान नहीं पाएगा।

हालांकि, अब उन्होंने बाहर मॉर्निंग वॉक बंद कर दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे। उससे पहले 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी वर्किंग डे था। सीजेआई चंद्रचूड़ की विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी। वहीं, शाम को विदाई समारोह रखा गया। चंद्रचूड़ ने ही सरकार से संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस संजीव खन्ना का नाम है, इसलिए जस्टिस खन्ना का नाम आगे बढ़ाया है। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा। 64 साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं।

**दिल्ली हाईकोर्ट में 14 साल तक जज रहे**

जस्टिस संजीव खन्ना का जन्म 14 मई 1960 को हुआ था। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस लॉ सेंटर से कानून की पढ़ाई की। ग्रेजुएशन के बाद, उन्होंने 1983 में दिल्ली बार काउंसिल में एक वकील के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया। सुप्रीम कोर्ट जज बनाए जाने से पहले वे दिल्ली हाईकोर्ट में 14 साल तक जज रहे। उन्हें 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया था। 32 जजों की अनदेखी करके जस्टिस खन्ना को सुप्रीम कोर्ट जज बनाने पर जमकर विवाद हुआ था।

## 'अब महसूस होगा खालीपन'

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के अगले चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ के विदाई समारोह में उनकी जमकर तारीफ की और उनके योगदान को लेक भावपूर्ण भाषण दिया। जस्टिस खन्ना ने कहा कि सीजेआई चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत को बेहतर बनाने के मिशन पर काम किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीजेआई चंद्रचूड़ के पद से हटने से सुप्रीम कोर्ट में एक खालीपन रहेगा और यह खालीपन हमें सोमवार से महसूस होगा। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की तरफ से सीजेआई चंद्रचूड़ के लिए आयोजित विदाई समारोह में जस्टिस खन्ना ने अपने भाषण में कहा, "जब न्याय के जंगल में एक विशाल पेड़ पीछे हटता है, तो पक्षी अपने गीत बंद कर देते हैं, और हवा अलग तरह से चलने लगती है।

## खबरें जरा हटके

### 16 हजार रुपये की मछली खरीद लाया कपल, घर के तालाब में डालते ही हुआ 'चमत्कार'

**इंसानों जैसा बन गया चेहरा!**



दुनिया में कई ऐसे जीव हैं जिनके बारे में लोगों को पूरी तरह जानकारी नहीं होती है, इस वजह से उन जीवों की कुछ अजीबोगरीब बातों को लोग जादू समझ लेते हैं या फिर उन जीवों को एलियन मान लेते हैं. ऐसा ही इंग्लैंड के एक शख्स के घर भी हुआ. ये शख्स अपने घर के तालाब में डालने के लिए एक मछली खरीद लाया. पर जब उसने मछली को तालाब में डाला, तो कुछ ही दिनों में उसका चेहरा इंसानों जैसा हो गया. ये देखकर वो शख्स और उसका परिवार ही नहीं, आसपास के लोग भी हैरान हो गए.

डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार 48 साल के मैलकम पॉसन लीड्स में अपनी पार्टनर और बेटी के साथ रहते हैं. वो 3 साल पहले कोई कार्प प्रजाति की मछली खरीद लाए थे. उसकी कीमत 16 हजार रुपये थे. उन्होंने मछली का नाम बॉब रखा. उन्होंने मछली को घर के तालाब में डाल दिया, जिसमें 11 अन्य मछलियां भी थीं. ये मछलियां रंग बदलने के लिए चर्चित हैं. समय के साथ इनके शरीर पर बने डिजाइन और रंग में फर्क आता है. पर बॉब के शरीर की मार्किंग में काफी बदलाव आने लगा. तब मैलकम ने गौर किया कि मछली के सिर पर जो मार्किंग है वो इंसानी आंख, नाक और मुंह जैसी लग रही है. ये देखकर मैलकम और उनका परिवार हैरान हो गए क्योंकि इससे पहले उन्होंने कभी मछली पर चेहरा नहीं देखा था. अब वो मछली मैलकम की नजरों में अनमोल हो गई है. उन्होंने बताया कि उनके दोस्त और परिवार के लोग उस मछली को बहुत पसंद करते हैं. उसकी बेटी की सहेलियां हमेशा उस मछली को देखने आने के लिए जिद करती रहती हैं. कई बार तो जो लोग मैलकम के घर के पास से निकलते हैं, वो भी हमेशा गेट के अंदर झांककर मछली को देखना चाहते हैं. हालांकि, मैलकम कभी किसी को नहीं रोकते और अंजान लोगों को भी आकर मछली को देखने देते हैं. उन्होंने बताया कि जब मछली को उन्होंने खरीदा था, तब उसके चेहरे पर कोई निशान नहीं थे. उन्होंने बताया कि मछली बहुत लालची है, उसे हमेशा खाना चाहिए होता है.

### ऑपरेशन थियेटर में थे डॉक्टर-'नर्स', कहा-एक पैग और बना दूं और एक और हो जाए सर

**इतने में पहुंच गया मरीज**




अस्पताल में एक डॉक्टर और नर्स की पार्टी चल रही थी. दोनों साथ बैठकर अस्पताल में ही शराब पी रहे थे तभी एक पेशेंट अस्पताल पहुंच गया. फिर जो महिला पेशेंट के साथ हुआ उसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंच गया. महिला पेशेंट ने डॉक्टर और नर्स पर बार-बार गलत तरीके से सुई चुभाकर घायल करने का आरोप लगाया है. बताया जा रहा है कि बेंगलुरु में एक महिला ने एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर और नर्स पर नशे की हालत में काम करने और सलाइन ड्रिप लगाते समय उसके हाथ पर 4-5 जगहों पर गलत तरीके से सुई चुभाकर उसे घायल करने का आरोप लगाया है. इस मामले में पुलिस का कहना है कि उन्होंने एक गैर-संज्ञेय रिपोर्ट (एनसीआर) दर्ज की है और वे इस आरोप के बारे में कर्नाटक मेडिकल काउंसिल (केएमसी) को लिखेंगे और कोई भी कार्रवाई शुरू करने से पहले उसकी राय लेंगे. उत्तरहल्ली की निवासी स्नेहा भट ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि वह 3 नवंबर की रात को तेज बुखार के साथ कोनानाकुंटे क्रॉस स्थित प्रगति मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल गई थी. महिला ने बताया कि आरोपी पुरुष नर्स महेंद्र (जिनकी ड्यूटी के घंटे खत्म हो चुके थे) और डॉ. प्रदीप (जो ड्यूटी डॉक्टर नहीं थे) ने मेरा इलाज किया. उन्होंने सलाइन ड्रिप लगाते समय मेरे हाथ पर 4-5 जगहों पर सुई चुभोई, जिससे मेरा हाथ घायल हो गया. महिला ने आरोप लगाया कि वह दोनों शराब के नशे में थे और मेरे साथ दुर्व्यवहार किया. उन्होंने पुलिस को बताया कि वह तुरंत केएस लेआउट पुलिस स्टेशन पहुंची और मौखिक रूप से शिकायत की.

### बॉस ने नौकरी से निकाला, तो गूगल पर कंपनी के खिलाफ लिखा खराब रिव्यू, 2 साल की हो गई जेल!



सोचिए आप बीमार हों और आपको आपका बॉस सिर्फ इस वजह से नौकरी से निकाल दे, तो आपको गुस्सा आएगा या नहीं? बेशक आएगा, और वो गुस्सा आप कंपनी का नाम खराब करने में निकालेंगे! ऐसा ही एक शख्स ने भी किया. उसको जब नौकरी से निकाला गया, तो शख्स ने गूगल पर कंपनी का खराब रिव्यू दे दिया. उसके बाद उस आदमी को 2 साल की जेल की सजा काटनी पड़ रही है! ये मामला दुबई का है और लोगों को काफी हैरान कर रहा है. डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार 33 साल के क्रेग बैलेनटाइन आयरलैंड के बेलफास्ट के रहने वाले हैं. वो पिछले साल करीब 6 महीने के लिए दुबई के एक कुत्तों के सैलून में काम किया करते थे. पर उन्हें उसी साल फाइब्रोमायल्जिया नाम की बीमारी हो गई, जिसमें इंसानी शरीर बहुत ज्यादा दर्द होने लगता है और उठना भी मुश्किल हो जाता है. उन्हें इसकी वजह से नौकरी से छुट्टी लेनी पड़ी. उन्होंने अपने बॉस को डॉक्टर का नोट भी दिया था, मगर उन्हें डॉक्टर ने भगोड़ा घोषित कर के नौकरी से निकाल दिया. बॉस के अनुसार उन्होंने दुबई के रोजगार नियमों का उल्लंघन किया था. इस वजह से उन्होंने नौकरी से निकाल दिया गया और उनके पासपोर्ट पर ट्रैवल बैन लगा दिया गया. उसे हटाने में उन्हें 2 महीने का वक्त लग गया और साथ ही उन्हें हजारों पाउंड खर्च करने लगे. उसके बाद वो अपने घर उत्तरी आयरलैंड जा पाए. जब वो आयरलैंड गए तब उन्होंने गूगल पर अपने पूर्व बॉस के लिए खराब रिव्यू लिख दिया. हाल ही में वो छुट्टियां मनाने अबू धाबी गए, पर उन्हें वहां गिरफ्तार कर लिया गया और दुबई ले जाया गया क्योंकि उनके ऊपर साइब क्राइम नियमों के तहत शिकायत दर्ज की गई थी.

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मर्डर करने का प्लान था पुलिस ने पिस्तौल बरामद की

पुणे, 9 नवंबर (एजेंसियां)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का एक बड़ा नेता भी था। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस बात का खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक लॉरेंस गैंग ने अपने शूटर्स को इस नेता की हत्या करने की जिम्मेदारी दी थी।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि बाबा सिद्दीकी को मारने के लिए लॉरेंस गैंग ने प्लान बी बनाया गया था। जिन शूटर्स को इस प्लान बी में शामिल किया गया था, उन्हें बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद पुणे के नेता को मारने की जिम्मेदारी दी गई थी। क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस साजिश का पर्दाफाश तब हुआ जब उन्हें वह पिस्तौल बरामद हुई, जिससे इस हत्या को अंजाम दिया जाना था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपियों ने इस नेता की रेकी की थी या नहीं।

## युवक ने भाजपा प्रत्याशी से वादों को लेकर किए सवाल गुस्साए समर्थकों ने रैली से बाहर धकेला



मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक युवक को भाजपा विधायक और प्रत्याशी से वादों को लेकर सवाल पूछना भारी पड़ गया। युवक ने रैली में भाजपा प्रत्याशी से सवाल पूछे तो उनके समर्थकों ने युवक को पकड़कर रैली स्थल से बाहर धकेल दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि प्रत्याशी और भाजपा विधायक ने युवक को विरोधी दल का सदस्य बताया और उन्हें बोलने न देने का आरोप लगाया। गंगापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक और भाजपा प्रत्याशी प्रशांत बंब शुक्रवार रात को गवली शिवरा गांव में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान एक युवक ने उनसे पुराने वादों को लेकर सवाल किए। वीडियो के मुताबिक जब भाजपा प्रत्याशी रैली को संबोधित कर रहे हैं तो एक युवक उनसे सवाल करता नजर आ रहा है। वीडियो में भाजपा प्रत्याशी युवक से कहते नजर आ रहे हैं कि आपको अपनी मृत्यु तक पछतावा होगा। इसे लेकर भाजपा प्रत्याशी बंब ने कहा कि वह व्यक्ति 30 मिनट से बोल रहा था। वह मुझे भाषण देने से रोकने के लिए ऐसा कर रहा था। यह पहली बार नहीं है जब किसी ने उनके कार्यक्रम को बाधित करने की कोशिश की हो। मैं ऐसे लोगों से 28 बार पहले भी मिल चुका हूं। वह मेरे प्रतिद्वंद्वी सतीश चव्हाण के समर्थक हैं। वे उनकी कार में घूम रहे थे।

वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने बंब पर आरोप लगाया कि सवाल पूछने पर उस व्यक्ति को धमकाया गया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विपक्षी नेताओं को खुली चर्चा के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। क्या भाजपा विधायक को सवालों पर आम आदमी को धमकाना शोभा देता है? क्या उनकी पार्टी उन्हें यह सिखाती है कि अगर आप जवाब नहीं दे सकते, तो व्यक्ति को धमकाएं।

## 'जमानत याचिका पर फैसले में एक भी दिन की देरी का मौलिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव'

### एससी की अहम टिप्पणी



नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसले में देरी को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर कई वर्षों तक फैसला न देने की अदालतों की प्रथा की भी आलोचना की और कहा कि जमानत याचिका पर एक भी दिन की देरी नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली साबित होती है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने शुक्रवार को एक आदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार निजी स्वायत्ता की अहमियत पर जोर देता रहा है। बेंच ने कहा कि हम जमानत याचिका को वर्षों तक लंबित रखने की प्रथा को ठीक नहीं मानते।

सुप्रीम कोर्ट की यह राय एक व्यक्ति की याचिका पर आया है। इस शख्स की याचिका पिछले साल अगस्त से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित है और मामले में कोई प्रगति भी नहीं हुई है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि इस मामले को हाईकोर्ट ने बिना किसी प्रभावी सुनवाई के कई बार स्थगित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि इस मामले पर हाईकोर्ट 11 नवंबर को सुनवाई करेगा। बेंच ने कहा, जिन भी जजों के सामने इस मामले को सुनवाई के लिए रखा गया है हम उनसे अनुरोध करते हैं कि उसी दिन मामले की सुनवाई हो और इस पर विचार हो। किसी भी स्थिति में 11 नवंबर 2024 से दो हफ्ते के समय में इस पर कुछ फैसला लिया जाए।

## शिमला में भाजपा युवा मोर्चा का 'समोसा जुलूस'

### कांग्रेस सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, बोले-देशभर में हिमाचल की छवि खराब हुई

शिमला, 9 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में समोसे पर सियासत छिड़ गई है। महाराष्ट्र में चल रहे विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी इसे मुद्दा बना रही है। बीजेपी के तमाम बड़े नेता कांग्रेस सरकार पर हमलावर हैं। इस बीच भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) ने शिमला में आज 'समोसा जुलूस' निकाला। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हाथ में समोसे लेकर प्रकरण की निंदा की और शेरे-ए-पंजाब के पास लोगों को समोसे बांटे। इस दौरान कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। बीजेवाईएम के प्रदेश अध्यक्ष तिलक ने बताया कि समोसा कांड जांच की वजह से पूरे देश में सरकार की किरकिरी हुई है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्ट सरकार की बुद्धि भी भ्रष्ट हो चुकी है। जहां प्रदेश की जनता परेशान है, युवा नौकरियों के इंतजार में है, बेरोजगारी बढ़ रही है, युवाओं की सरकार के प्रति आस कम हो रही है, वहीं इस कांग्रेस सरकार को मुख्यमंत्री के समोसे गायब होने की चिंता सता रही है। उन्होंने कहा, ऐसी क्या नौबत आ गई कि मुख्यमंत्री के समोसे गायब होने पर सरकार को सीआईडी जांच बिठानी पढ़ी?

**सीएम के गृह जिले के एमएलए ने सुक्खू को 11 समोसे भेजे**

वहीं सीएम सुक्खू के गृह जिले हमीरपुर से बीजेपी विधायक आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री को ऑनलाइन माध्यम से 11 समोसे भेजे।

आशीष शर्मा ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए सुक्खू सरकार पर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि प्रदेश पहले ही बेरोजगारी, वित्तीय संकट, कर्मचारियों की पेंशन में देरी और डीए बकाया जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री सुक्खू जी के लिए लाए गए समोसों पर सीआईडी जांच का आदेश देना बेहद निराशाजनक है।

## मध्य प्रदेश में खाद का संकट और सरकार इवेंट व चुनाव में व्यस्त : कमलनाथ



भोपाल, 9 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में गहराए खाद संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि प्रदेश का किसान खाद के लिए परेशान है तो राज्य सरकार चुनाव प्रचार व इवेंट में व्यस्त है।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को कहा है कि मध्य प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है और सरकार किसानों को राहत देने की बजाय इवेंट और चुनाव प्रचार में व्यस्त है। हैरानी की बात है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के गृह जिले में भी खाद का भीषण संकट बरकरार है। किसान पूरी पूरी रात जागकर खाद मिलने का इंतजार कर रहे हैं, सरकार आंख और कान बंद कर अपनी मस्ती में मस्त है। कमलनाथ ने आगे कहा, आंकड़े बताते हैं कि सरकार की लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण कुल मांग के अनुपात में बहुत कम खाद की आपूर्ति हो सकी है, यही कारण है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। जब केंद्रीय कृषि मंत्री के राज्य मध्यप्रदेश और खासतौर से उनके गृह जिले सीहोर में ही खाद का संकट है, तो पूरे प्रदेश और देश के हालात का आप अनुमान लगा सकते हैं। डबल इंजन सरकार का नारा जमींदोज हो चुका है। अब डबल बर्बादी जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से कहा, खाद का संकट कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है।

# कश्मीरी पंडितों की घर वापसी के लिए नई पॉलिसी

## 4600 विस्थापित परिवारों की लिस्ट तैयार, 175 परिवारों को 3 महीने में बुलाने की कोशिश

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने के बाद कश्मीरी पंडितों की घर वापसी की प्रक्रिया नए सिरे से शुरू होने जा रही है। इसके लिए 4600 परिवारों की सूची तैयार की गई है। इनमें करीब 175 परिवारों की पहले चरण के तहत अगले तीन महीने में वापसी सुनिश्चित कराने की कोशिश है। इस अभियान को केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार मिलकर चलाएंगे।

गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, कश्मीरी पंडितों की वापसी की प्रक्रिया को लेकर इस बार जो ब्लू प्रिंट तैयार हुआ है, उसे व्यवहारिक रखने की कोशिश की गई है। पहले घर वापसी को पूर्णरूपेण रखा गया था। यानी जो विस्थापित होकर बाहर चले गए हैं, वे अपने परिवार और सामान सहित कश्मीर में अपने मूल स्थान पर लौट आएं। उन्हें कश्मीर में बसने के लिए आर्थिक मदद, नौक, सुरक्षा और बाकी सुविधा देने की बात थी। लेकिन पूर्ण वापसी का यह प्रयोग अधिक सफल नहीं हो सका। माना जा रहा है कि इस कवायद के तहत पहले चरण में 175 परिवार घाटी में लौटेंगे। उनकी सुरक्षा और जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार विशेष व्यवस्था करेंगी।




**विस्थापित कश्मीरी पंडितों को प्रवासी कश्मीरी कहेंगे**

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, फिलहाल 4600 ऐसे परिवारों की सूची तैयार की गई है। इस बार कश्मीरी पंडितों की पूर्ण रूप से घर वापसी को शिथिल किया गया है। विस्थापितों की जगह इन्हें प्रवासी की श्रेणी में रखा गया है। यानी ऐसे विस्थापित जो काम-काज या रोजगार, शिक्षा के लिए बाहर हैं। नई योजना में उन्हें घाटी के उनके पैतृक घर का मालिकाना हक सौंपने, घर की जरूरी मरम्मत के लिए 100 फीसदी आर्थिक मदद (केंद्र और राज्य सरकार मिलकर), बिजली-पानी मीटर में मूल निवासी का नाम-पता और जमीन-जायदाद की डिजिटल मैपिंग के साथ प्रमाण पत्र सौंपना आदि शामिल हैं। जो कश्मीरी पंडित विस्थापित वापसी चाहते हैं उन्हें यह सुविधा होगी कि वे चाहें तो अभी जिस जगह काम में लगे हैं, वह करते रहें, लेकिन छुट्टियों या पर्व-त्योहार पर रिश्तेदारों-मित्रों के घर पर किसी आयोजन में ठीक उसी तरह शामिल हों, जैसे अन्य राज्यों के प्रवासी करते हैं।

**4600 परिवार देश के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे**

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, फिलहाल 4600 ऐसे परिवारों की सूची तैयार की गई है, जो घाटी से पलायन के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे हैं।

इन्हें विस्थापितों की श्रेणी में रखना जारी रहेगा, लेकिन एक उपनियम के जरिए इन्हें प्रवासी का दर्जा दिया जाएगा। यानी जो मूल रूप से घाटी के रहने वाले हैं और कामकाज के लिए राज्य से बाहर हैं, लेकिन साल-दो साल में अपने घर आते रहते हैं। राज्य सरकार पंचायत और वार्ड स्तर पर यह माहौल बनाने की कोशिश करेगी कि जो कश्मीरी पंडित घर लौटें, उन्हें पड़ोसी और स्थानीय प्रशासन से वह सारी सुविधाएं और सहयोग मिले, जो वहां रहने वाले गैर-पंडितों को मिल रहा है।

सुविचार
कर्म पर विश्वास रखो और ईश्वर पर आस्था, कितना भी मुश्किल वक्त क्यों ना हो निकलेगा जरुर रास्ता।

# भारतीय युवाओं को साइबर अपराध के लिए मजबूर करने वाला गिरफ्तार

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो तेलंगाना के युवाओं सहित भारतीय नौकरी चाहने वालों को कंबोडिया भेज रहा था, जहां उन्हें बंदी बनाकर रखा जाता था और भारतीयों के खिलाफ साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया जाता था। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी 37 वर्षीय सदाकत खान के रूप में हुई है। टीजीसीएसबी ने खान को 2 नवंबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया जब वह भारत लौट रहा था।

आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए मालदीव में शरण ले रहा था। सदाकत खान के सहयोगी तेलंगाना के जगतियाल निवासी के साई प्रसाद, पुणे निवासी मोहम्मद आबिद हुसैन अंसारी और बिहार निवासी मोहम्मद शादाब आलम को पहले ही टीजीसीएसबी ने गिरफ्तार कर लिया था। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, आरोपी सदाकत खान और अन्य ने भर्ती एजेंट के रूप में खुद को पेश किया, जिन्होंने भारतीय युवाओं को विदेश में बुनियादी स्तर की डेटा एंट्री की नौकरी की पेशकश की और उनसे पैसे वसूले। इसके बाद युवाओं को कंबोडिया भेजा गया, जहां उन्हें नौकरी देने के बजाय चीनी तस्करों ने बंधक बना लिया।

शिकायत के अनुसार, सिरसिला के मूल निवासी, इस घोटाले के पीड़ित के परिवार से 1.4 लाख रुपये वसूले गए और उन्हें विदेश भेज दिया गया। पीड़ित को कंबोडिया में बंधक बनाकर रखा गया और एजेंटों ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया। साइबर अपराध करने के लिए उसे दिन में 16-17 घंटे काम करने के लिए मजबूर किया गया।

एक अलग लेकिन समान मामले में, सितंबर में टीजीसीएसबी ने मुंबई की एक महिला प्रियंका शिवकुमार सिद्दू को तेलुगू भाषी नौकरी चाहने वालों को विदेश जाने के लिए लुभाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। नौकरी चाहने वालों को फिर कंबोडिया में बंदी बनाकर रखा गया और भारत में तेलुगू भाषी लोगों के खिलाफ साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया गया। पीड़ितों को विजिटिंग वीज़ा दिया गया था, और वादा किया गया था कि वे आने पर इसे वर्क वीज़ा में बदल देंगे। लेकिन, चीनी अपराधियों ने उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए।

# जब तक तेलंगाना रहेगा, केसीआर रहेगा

## केटीआर ने की मुख्यमंत्री की आलोचना



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर तीखा हमला करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का नाम इतिहास से मिटाने की उनकी क्षमता पर सवाल उठाया और कहा कि जब तक तेलंगाना रहेगा, केसीआर रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने रेवंत रेड्डी की आलोचना करते हुए कहा कि वे पार्टी टिकट के लिए लॉबिंग कर रहे हैं, जबकि केसीआर ने संघर्ष और दृढ़ता से पैदा हुए राज्य की कल्पना की थी। रामाराव ने याद दिलाया कि रेड्डी ने असहमति की आवाजों को दबाने के लिए बंदूक उठाई, जबकि केसीआर ने तेलंगाना के सपने के लिए अपनी जान जोखिम में डाली। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य को अस्थिर करने की कोशिशों के बावजूद, केसीआर की दूरदर्शिता और समर्पण ने तेलंगाना को गौरव की किरण बना दिया है। तीखी फटकार लगाते हुए रामा राव ने रेवंत रेड्डी को 'सस्ता मंत्री' कहा और उनसे ऐसे बयान देने से पहले दोबारा सोचने का आग्रह किया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सलमान खान की 'सिकंदर' की शूटिंग शुरू



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से अभिनेता को मिली धमकियों की पृष्ठभूमि में सलमान खान अभिनीत फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग हैदराबाद के पुराने शहर के एक होटल में कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही थी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को विस्तृत जानकारी देने से इनकार करते हुए बताया कि खान को 'वाई प्लस' श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है, इसलिए उनकी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार खान के पास सरकारी सुरक्षा के अलावा खुद की सुरक्षा भी थी। अधिकारियों ने शुक्रवार को मुंबई में बताया कि खान को पहले लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिली थी, लेकिन अब उन्हें फिर से धमकी दी गई है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर गुरुवार रात को धमकी भरा संदेश भेजा गया।

संदेश भेजने वाले ने अभिनेता को धमकाया और 5 करोड़ रुपये की मांग की, दावा किया कि यह बिश्नोई गिरोह की ओर से बनाया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा व्यक्ति ने 'मैं सिकंदर हूं' गाने के गीतकार को भी धमकी दी। यातायात अधिकारियों की शिकायत पर वर्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 'सिकंदर' में 'पुष्पा: द राइज' स्टार रश्मिका मंदाना भी हैं।

# हैदराबाद के एक ही परिवार के 3 लोगों समेत 4 की मौत

कलबुर्गी, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के यहां कमलापुरा तालुक में मारगुट्टी क्रॉस के पास एक कार और एक पिकअप माल वाहन के बीच टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान हैदराबाद निवासी भार्गव कृष्ण (55), उनकी पत्नी संगीता (45) और उनके बेटे उत्तम राघवन (28) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक कार चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिवार अफजलपुरा तालुका के गणगपुरा में दत्तात्रेय मंदिर की तीर्थयात्रा पर गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया।

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, No. 14589311Y, Rank. HAV, Name. SHAILENDRA KUMAR, S/o.Sri. RAMNANDAN PRASAD, Resident of H. No. 6-1-95/1,2,5 & 6/502, Aashritha Residency, Anitha Enclave, Ammuguda, Jawahar Nagar, Medchal Malkajgiri District, Secunderabad, Telangana-500087. No. 14589311Y, Rank. HAV, Name. SHAILENDRA KUMAR, in my Service Book my wife's Name SMITA Date of Birth as 19-01-1973, and my daughter's name BASU and date of Birth as 19-09-1996 and the correct wife's Name SMITA KUMAR Date of Birth as 19-01-1974 the same is recorded in Aadhaar Card and pan card anddaughter's name VASUMANA KUMAR and date of Birth as 19-09-1996 Aadhaar Card and pan card, but my wife's Name SMITADate of Birth as19-01-1973 and my daughter's name BASU and date of Birth as 19-09-1996 in my Service Book (affidavit dated 05-11-2024)

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Fulwanti Devi Wife of JC 293249A Rank- Nb Sub Name Kedar Singh R/o VPO Anupshahr Teh Bhadra Distt. Hanumangarh, Rajasthan-335501, changed name from Fulwanti to Fulwanti Devi affidavit dated 23-10-2024

I, Surya Parkash Son of JC 293249A Rank- Nb Sub Name Kedar Singh R/o VPO Anupshahr Teh Bhadra Distt. Hanumangarh, Rajasthan-335501, changed name from Surya Prakash to Surya Parkash affidavit dated 23-10-2024

**HOUSE FOR SALE**

KeshavaReddy Nagar, Meerpet 100ft Main Rd to 4th House,233 Yds,E/F, G+1,Nr Narayana School. 9849756999 /8639720658

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# ग्रामीणों ने पारिवारिक सर्वेक्षण का किया बहिष्कार

## इथेनॉल संयंत्र की चिंता

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल जिले के दिलावरपुर मंडल के गुंडमपल्ली और दिलावरपुर के ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में इथेनॉल संयंत्र की स्थापना पर चिंता जताते हुए एक व्यापक पारिवारिक सर्वेक्षण का बहिष्कार किया है। जवाब में तेलंगाना बीसी आयोग के अध्यक्ष जी निरंजन ने निर्मल जिले के कलेक्टर अभिलाष अभिनव से बात की और स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई। निरंजन ने कलेक्टर से आग्रह किया कि वे ग्रामीणों से बात करें, उन्हें सर्वेक्षण के लाभों के बारे में बताएं और उनकी चिंताओं का समाधान करें, ताकि आगे कोई व्यवधान न हो।


जिला अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि ग्रामीणों से जुड़ने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर अभिलाष अभिनव कथित तौर पर सर्वेक्षण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और आपत्तियों को दूर करने के लिए समुदाय के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं। बीसी आयोग की ओर से कलेक्टर को एक औपचारिक पत्र सौंपा गया है, जिसमें सर्वेक्षण के महत्व को रेखांकित किया गया है और समुदाय के सहयोग की मांग की गई है।

इससे पहले, 7 नवंबर को किसानों और इथेनॉल विनिर्माण इकाइयों के प्रतिनिधियों ने बीआरके भवन में तेलंगाना कृषि और किसान कल्याण आयोग से संपर्क किया था, दोनों पक्षों ने इस बात पर बहस की थी कि क्या इन इकाइयों की स्थापना पारस्परिक रूप से लाभकारी है।

जहां किसानों ने इथेनॉल विनिर्माण इकाइयों की स्थापना पर सवाल उठाए, वहीं इन इकाइयों के प्रतिनिधियों ने तर्क दिया कि उच्च उत्पादन लागत के कारण इन्हें बंद करना अव्यवहारिक है।

# कलेक्टर्स को प्रगणकों से विस्तार से चर्चा करनी चाहिए : विक्रमार्क मल्लू

## डिप्टी सीएम ने घर-घर परिवार सर्वेक्षण पर वीडियो कॉन्फ्रेंस की



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने कहा कि हाउस लिस्टिंग का काम पूरा होने के बाद आज से घर-घर सर्वे शुरू होगा। उन्होंने शनिवार को व्यापक घरेलू सर्वेक्षण पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में बात की। उन्होंने कहा कि आज से घर-घर सर्वे शुरू करने की पृष्ठभूमि में लोगों द्वारा कई शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, अगर कलेक्टर समय-समय पर प्रगणकों से बात करेंगे तो उन्हें लोगों की शंकाओं को तुरंत जानने का मौका मिलेगा। कलेक्टर ने लोगों की शंकाओं को उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया और उन्हें समय-समय पर लोगों की शंकाओं का समाधान करने के निर्देश दिये। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि मंत्री और विधायक सर्वेक्षण में अधिक से अधिक भाग लें। व्यापक पारिवारिक सर्वेक्षण एक बहुत बड़ा कार्यक्रम है, डिप्टी सीएम ने ऐसे कार्यक्रम को अब तक बिना किसी परेशानी के अंजाम देने वाले अधिकारियों को बधाई दी. प्रश्नावली अच्छी तरह से डिज़ाइन की गई थी, एनिमेटरों को अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया गया था और घरों की सूची सफलतापूर्वक पूरी की गई थी। उन्होंने इसी प्रकार परिवार सर्वेक्षण को भी सफलतापूर्वक संचालित करने का अनुरोध किया। यह इस देश का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। इस सर्वेक्षण की सफलता हमारी प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना राज्य द्वारा कराये गये पारिवारिक सर्वेक्षण का अवलोकन पूरा देश करेगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण इस देश में प्रगतिशील भावनाओं और कार्यक्रमों को फैलाने में बहुत मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर हर छोटे-छोटे मामले को नजरअंदाज न करें तथा समय-समय पर योजना विभाग के प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारियों के ध्यान में लाकर समस्याओं का समाधान कराएं। सर्वे को लेकर कलेक्टरों और सभी स्तर के अधिकारियों को व्यापक अभियान चलाने के आदेश दिये गये हैं। उन्होंने मुख्य रूप से शहरों पर फोकस करने को कहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव शांति कुमारी, योजना विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# शास्त्रीपुरम में चला फुटपाथ अतिक्रमण विरोधी अभियान

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी द्वारा शनिवार को शास्त्रीपुरम में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। जीएचएमसी ने साइबराबाद पुलिस की सहायता से शास्त्रीपुरम में फुटपाथ पर अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। जीएचएमसी फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों द्वारा लगाए गए शेडों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जीएचएमसी की कुल चार टीमें अतिक्रमण हटा रही हैं। बताया जाता है कि जीएचएमसी ने स्थानीय दुकानदारों से शेड हटाने को कहा। कुछ दुकानदारों ने स्वेच्छा से शेड हटा लिए, जबकि अन्य दुकानदारों ने ऐसा नहीं किया और फिर जीएचएमसी ने अभियान शुरू किया।

।। श्री 1008 खेतारामजी महाराज ।।
राजपुरोहित युवा वाहिनी
अमीरपेट हैदराबाद के तत्वावधान में
दिपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसाद
आज रविवार दि.10.11.2024 दिपावली स्नेह मिलन शाम 6.01 बजे से
अन्नकूट प्रसादी रात्रि 7.01 बजे से
: शुभस्थल :
श्री बालाजी राजस्थानी भवन, अमीरपेट, हैदराबाद
: निवेदन : सभी राजपुरोहित समाज बंधुओ व भक्तो से निवेदन है सपरिवार, इष्टमित्रो सहित पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे
: निवेदक : राजपुरोहित युवा वाहिनी अमीरपेट के समस्त सदस्यगण
* अश्विन सिंह: 9700002143 * नवीन सिंह: 9908031035 * दीपक सिंह: 8008791520
* मांगू सिंह: 8885174175 * प्रीतम सिंह: 9014919129
P.Solankey

।। श्री 1008 खेतारामजी महाराज ।।
राजपुरोहित युवा वाहिनी अमीरपेट हैदराबाद
के तत्वावधान में
दिपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद
आज रविवार दि.10.11.2024 दिपावली स्नेह मिलन शाम 6.01 बजे से
अन्नकूट प्रसादी रात्रि 7.01 बजे से
: शुभस्थल :
श्री बालाजी राजस्थानी भवन, अमीरपेट, हैदराबाद
------: शुभकामनाओं सहित :------
विजयसिंह गुन्देचा
महावीरसिंह गुन्देचा
कृष्णा गुन्देचा
राजपुरोहित (गुन्देचा) परिवार - जाणुंदा
कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएँ
Ganesh Jewellers,
Main Road, Ameerpet
9949304771
P.Solankey

।। श्री गणेशाय नमः ।।
ग्यारस उद्यापन कार्यक्रम
कल सोमवार 11 नवम्बर 2024 (दशम)
* प्रात: 6.15 बजे कलश-यात्रा
* प्रात: 9.15 बजे हवन
* सायं 7 बजे भोजन-प्रसादी
* रात्रि 8 बजे से भजन संध्या
भजन गायक एवं कथा वाचक: सियारामजी महाराज (जोधपुर)
मंगलवार 12.11.2024 (ग्यारस)
प्रात: 8 बजे घोड़ा चढावा कार्यक्रम
बुधवार 13.11.2024 (बारस)
व्रत खोलना कार्यक्रम
:शुभस्थल: श्री आईमाताजी मंदिर (बडेर), जीडिमेटला, हैदराबाद
: कार्यक्रम के लाभार्थी : ममताबाई-प्रकाश हाम्बड़, मंजूबाई-रमेश हाम्बड़, लीलाबाई-जेठाराम काग, सुखियाबाई-मनीष काग, मंजूबाई-चौथाराम पंवार, मसरीबाई-मांगीलाल सोयल, केलीबाई-ढगलाराम राठौड़, मंजूबाई-मोहनलाल आगलेचा, गणकीबाई-रमेश काग, संगीताबाई-चेनाराम भायल, कमलाबाई-चुन्नीलाल देवड़ा, शांतिबाई-चौथाराम देवड़ा, पिंकीबाई-जगदीश वर्फा, विमलाबाई-सुरेश राठौड़, कमलाबाई-चिमनाराम देवड़ा, संतोषबाई-दुर्गाराम पंवार, सुखियाबाई-नारायणलाल भायल, गवरीबाई-राजाराम पंवार, पतासीबाई-नेमीचन्द परिहार, मोकाबाई-गौतमचन्द परिहार, गीताबाई-तिलोकराम परिहार, संतोषबाई-प्रेमाराम काग, लीलाबाई-हनुमान गेहलोत, लीलाबाई-गेनाराम गेहलोत, सुखियाबाई-सुरेश सोलंकी, गीताबाई-डुंगाराम काग, मोहनीबाई-ताराराम भायल, गजरीबाई-रामलाल गेहलोत, कमलाबाई-ऊकाराम सोयल, लक्ष्मीबाई-मुकेश मुलैवा, इन्द्राबाई-भोलाराम लचेटा, लीलाबाई-जितेन्द्र सेपटा, कमलाबाई-मंगलाराम काग, सीमाबाई-मोहनलाल गेहलोत, पोनीबाई-भंवरलाल पंवार, रेखाबाई-अशोक गेहलोत, ममताबाई-शेषाराम मुलैवा, सुखियाबाई-हंसाराम काग, सुखियाबाई-बुधाराम लचेटा, पपीयाबाई-दीपाराम देवड़ा, विमलाबाई-वेनाराम राठौड़, संतोषबाई-बाबुलाल पंवार, डगरीबाई-विंजाराम सोलंकी, कंचनबाई-सोहनलाल सोलंकी, मंजूबाई-शेषाराम पंवार, दीपिका-सुरेश हाम्बड़
: निवेदन : भक्तों से निवेदन है पधारकर दर्शन, भजनों व महाप्रसादी का लाभ लेकर कार्यक्रम को सफल बनावे
: सम्पर्क : * जीवाराम हाम्बड़ 9492926640 * मोहनलाल आगलेचा 9908125255 * रमेश हाम्बड़ 9246376676 * हनुमान गेहलोत 9490046127 * तिलोक परिहार 9985054741
P.Solankey

।। श्री गणेशाय नमः ।।
विश्व मंगल गौशाला
सोमारम विलेज, मेड़चल, हैदराबाद में
महा दीपोत्सव एवं दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम
आज रविवार 10 नवम्बर 2024 सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक
: कार्यक्रम : * गौमाता पूजन *
दीप उत्सव (21000 दीपक से गौशाला सजाई जाएगी),
* डांडिया उत्सव * भोजन-प्रसादी * दान-दाताओं का स्वागत
: मुख्य वक्ता :
* जसमतभाई पटेल- चेयरमैन लव फॉर काऊ फाऊंडेशन
* ओमप्रकाशजी झंवर- गौभक्त
* लुम्बारामजी सीरवी- गौभक्त
: भोजन-प्रसादी के लाभार्थी : D.K. INTERIORS
दिनेशकुमारजी सुथार (ओल्ड बोइनपल्ली)
हरी घास के लाभार्थी: गुमदान (कानाजीगुडा)
: आयोजनकर्ता : समस्त गौभक्त,
मारवाड़ी युवा मंच मेड़चल (अध्यक्ष: गोगारामजी सीरवी)
बाबा रामदेव मित्र मंडल अलवाल
(अध्यक्ष: महेन्द्रसिंहजी आगलेचा पितावत),
सीरवी युवा मंडल अलवाल (भरतजी सीरवी)
सभी गौभक्तों से निवेदन है समय पर सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे
: दिपोत्सव के लाभार्थी : धर्माराम सुथार-अलवाल, गुमदान-अलवाल, महेन्द्रसिंह आगलेचा(पितावत)-अलवाल, गोगाराम सीरवी-मेड़चल, टी.वी.सुरेश-बोइनपल्ली, केराराम, पेमाराम, नारायण, चौथाराम, ताराचन्द सीरवी-बोइनपल्ली मार्केट, एस.उदय भास्कर-कोमपल्ली, पवन, कैलाश, लुम्बाराम मुलैवा-कानाजीगुडा, सुरेश देवासी-मेड़चल, रतनाराम देवासी-गंडीमैस्समा, प्रकाश सीरवी-बोइनपल्ली, बी.वेंकटेशवर रेड्डी-कोमपल्ली, शांतिलाल सुथार-अलवाल, पुरणमल, गोपी भाई, सुपुत्र : लुणाराम कच्छावा-ओल्ड अलवाल, सुनिल पंवार-वेंकटापूरम, सवाईराम सुथार-दम्माईगुडा, सेसमल सीरवी-मेड़चल, कानाराम, बाबुलाल, राजु सीरवी-मेड़चल, भीकाराम गुर्जर-मेड़चल, सुरेशकुमार चौधरी-मेड़चल, सकाराम सीरवी-कानाजीगुडा, रमेश सीरवी-रावलकोल, भंवरसिंह राठौड़-अलवाल, खेताराम सीरवी-अलवाल, नारायण, सुरेश सीरवी-नारापल्ली, साँवलराम सोलंकी-यादमानगर, सोहनलाल हाम्बड़-कोकोन्डा, मुकेश पूनिया(जाट)-कोमपल्ली, खेताराम सुथार-दम्माईगुडा, कैलाश सीरवी-कोतुर, नेमाराम सीरवी-गाजुलारामाराव, गेनाराम मुलैवा-गाजुलारामाराव, विनोद शर्मा-कृष्णानगर, अनिल जांगिड़-कृष्णानगर, अमराराम सुथार-दम्माईगुडा, मोतीराम घड़ोई-मियापूर, गुमदान-सिकंदराबाद, शंकरलाल सिणली-सुचित्रा, गोविन्द सुथार-जुबलीहिल्स, श्रवण, लक्ष्मण कुमावत-कानाजीगुडा, मांगीलाल माली-अलवाल, मनोहरसिंह मेलवा-खैरताबाद
सम्पर्क: 9346917593, 9989446571, 9490521913, 9963879981, 9032681280, 8106083609, 9032664444
P.Solankey

## पति की मौत के वियोग में पत्नी ने भी तोड़ा दम

झांसी, 9 नवंबर (एजेंसियां)। झांसी जिले के पूंछ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धौरका में एक महिला पति की मौत का वियोग सह नहीं सकी। पति की मौत के कुछ मिनट बाद पत्नी की भी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धौरका निवासी रतिराम खंगार उम्र 75 वर्ष काफी समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को रात्रि करीब 8:00 बजे बीमारी की वजह से रतिराम की घर पर ही मौत हो गई। रतिराम की मौत के समय तीनों बेटे विनोद, प्रमोद, प्रवीण के अलावा पत्नी जानकी मौजूद थी। जानकी उनकी मौत सहन नहीं कर सकी। जानकी वहीं लुढ़क गई। कुछ देर बाद जानकी देवी की भी सांसें थम गईं। अचानक दोनों की मौत होने से घर में कोहराम मच गया। रतिराम और जानकी की मौत होने पर परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

## सहारनपुर में दिनदहाड़े डबल मर्डर

सहारनपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में पंचकूला हाईवे पर चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस मौके पर पहुंची है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सहारनपुर के नांगल थाना इलाके के लाखनोर बाईपास पर दो लोगों की हत्या कर दी गई। कार सवार बदमाशों ने ट्रक चालक और क्लीनर की गोली मारकर हत्या की गई है। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी। एसएसपी मौके पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार बदमाशों ने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया है। ट्रक पंजाब नंबर का है। पुलिस दोनों मृतकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# योगी बोले–एएमयू सिर्फ मुस्लिमों की नहीं सरकार का पैसा लगा, सबको आरक्षण मिले

### आंखों में पट्टी बांधकर मत बैठिए



सीएम योगी ने शनिवार को अलीगढ़ के खैर में चुनावी रैली की। इस दौरान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर पहली बार प्रतिक्रिया दी। कहा- यूनिवर्सिटी में मुस्लिमों को 50% आरक्षण मिलता है। ये व्यवस्था वे लोग खुद करते हैं। ये कैसे हो सकता है। इसमें भारत का भी पैसा लगा है। इसलिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों को भी आरक्षण मिलना चाहिए। यही नहीं, वहां के नौकरियों भी आरक्षण मिलना चाहिए।

लेकिन ये सुविधा क्यों बंद की गई? क्योंकि सपा, बसपा और कांग्रेस सिर्फ वोट की राजनीति कर रही है। वोट बैंक को बचाने के लिए ये लोग आपकी भावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसलिए आंख पर पट्टी बांधकर मत बैठिए। अगर हम जाति और स्वार्थों में बंटे तो कटने के सिवाय कुछ नहीं बचा है। दरअसल, 8 नवंबर यानी कल सुप्रीम कोर्ट में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर सुनवाई हुई। 7 जजों की बेंच ने 4:3 के बहुमत से दो हिस्सों में फैसला सुनाया है। पहला- 1967 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि एएमयू, अल्पसंख्यक दर्जे का दावा नहीं कर सकता। यानी अब एएमयू से माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन नहीं होने का टैग हट गया है। दूसरा- अब 3 जजों की एक नई बेंच यह फैसला करेगी कि एएमयू, अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं।

**मैं इसलिए बार-बार कहता हूं...बंटिए मत**

अलीगढ़ में कांग्रेस ने जिस राजा महेंद्र प्रताप सिंह को भुला दिया था, उन्हीं राजा महेंद्र के नाम पर अलीगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय दिया है। बंटिए मत। बंटे थे तो कटे थे। मैं इसीलिए बार-बार कहता हूं। देश का इतिहास बताता है कि बंटे थे, तो राम मंदिर का अपमान हमें झेलना पड़ा था। मथुरा में भगवान कान्हा की जन्मभूमि का अपमान सामने आया। काशी में भगवान विश्वनाथ का अपमान सामने आया। हमारी बहन-बेटियों को क्या कुछ नहीं सहना पड़ा? इन सबके बावजूद अगर हम आंखों में पट्टी बांधकर जाति और स्वार्थों में बंटें हैं तो कटने के सिवाय कुछ नहीं बचा है।

**जिसने बेटियों को छेड़ा, उसका यमराज इंतजार करता है**

अलीगढ़ में पहले 10-10 दिन का कर्फ्यू लगता था। आज साढ़े सात साल में कोई उपद्रव नहीं हुआ। किसी ने गुंडागर्दी, उपद्रव या बहन-बेटियों को छेड़नी की कोशिश नहीं की। उन्हें पता है कि ऐसा किया तो उसका यमराज इंतजार कर रहा होगा।

### 'अटल बिहार वाजपेयी ने मुझे सीएम बनाया था'

# चुनावी रैली में सीएम नीतीश कुमार ने कही बड़ी बात



पटना, 9 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक जनसभा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तारीफ की। नीतीश कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था। नीतीश ने यह भी दोहराया कि उनसे दो बार गलती हो गई कि वे एनडीए का साथ छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के साथ चले गए थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि दो बार वो गलत लोगों के साथ चले गए, लेकिन जब पता चला कि वे गड़बड़ करते हैं तो वापस भाजपा के साथ आ गए। उन्होंने एक बार फिर साफ किया कि वे अब दोबारा कभी एनडीए छोड़कर नहीं जाएंगे और दाएं-बाएं नहीं करेंगे।

नीतीश कुमार शनिवार को भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली के दौरान यह बातें कहीं। कुमार ने भाजपा प्रत्याशी विशाल प्रशांत के समर्थन में प्रचार किया और उपचुनाव में एनडीए को जिताने की अपील की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी रबड़ी देवी के शासन काल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कथित जंगलराज की याद दिलाते हुए कहा कि वे लोग (आरजेडी) केवल मुस्लिमों का वोट लेते थे, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए कोई काम नहीं किया। हम सभी के लिए काम करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर दंगे की याद दिलाते हुए कहा कि जब तक हम हैं, हिंदू हो या मुस्लिम सभी के लिए काम करेंगे। हमने काम किया है,इसलिए आपके बीच आए हैं। कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई। 2016 से मंदिरों की भी घेराबंदी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार में कुछ काम नहीं हुआ था। जब से हम सत्ता में आए हैं काम कर रहे हैं। उस वक्त जन्म लेने वाले लोगों की उम्र अब 18-19 साल हो गई है। जेडीयू अध्यक्ष ने सहयोगी पार्टी भाजपा से अपने गहरे संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि वाजपेयी ने ही उन्हें बिहार सीएम की कुर्सी पर बैठाया था।

## बाइक सवार ने चार बच्चों को कर लिया अगवा, पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी

लखनऊ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड में शनिवार सुबह बाइक सवार ने चार बच्चों को अगवा कर लिया। घटना से वहां हड़कंप मच गया। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई। विभवखंड एक निवासी आशाराम का 11 वर्षीय बेटा गुल्लू दोस्त विष्णु 10, भाई ब्रह्मा 9 और अब्दुल रहमान 7 दोपहर करीब एक बजे विभूतिखंड में मंत्री आवास के पास टहल रहे थे। इलाके के एक दुकानदार ने बताया कि बच्चों के पास एक बाइक सवार आ कर रुका और कुछ बातचीत की।

**पुलिस ने दुकानदार से पूछताछ की**

इसके बाद चारों बच्चे बाइक में बैठ कर कहीं चले गए। दुकानदार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह के मुताबिक दुकानदार से पूछताछ की। फुटेज भी देखे। करीब पौने तीन बजे बच्चे घर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि उन्हें अगवा नहीं किया गया था। बल्कि वह लिफ्ट मांगकर घूमने गए थे। अब पार्क में घूमने के बाद वापस लौट आए हैं। बात सुनकर लोगों ने अपना माथा पकड़ लिया।

## व्यक्ति वस्त्रों से नहीं, वचन से योगी होता है : अखिलेश



लखनऊ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री का बिना नाम लिए कहा कि व्यक्ति वस्त्रों से नहीं, वचन से योगी होता है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनविार को राजधानी लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में आयोजति एक जन्मदनि समारोह में शामलि हुए थे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह की भाषा इस्तेमाल हो रही है, उससे लग रहा है कि उनकी योग्यता के बारे में भी आपको और हमें जानना चाहिए। कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं, वचन से योगी होता। उन्होंने कहा कि जो जितना बड़ा संत होता है, वो उतना ही कम बोलता है और बोलता भी है, तो जनकल्याण के लिए, इसलिए उसके वचन प्रवचन कहलाते हैं। अखिलेश ने कहा कि हमारे यहां मौनी और मुनि की परंपरा है, जो जितना ज्ञानी, वो उतना चुप होता है। जिनका काम सरकार चलाना है, वो बुलडोजर चला रहे हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने भी इन पर जुर्माना लगाया है। उत्तर प्रदेश में शक्ति और सत्ता का अनुचित दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों के माध्यम से चुनाव लड़ना चाहती है, जनता भाजपा के साथ नहीं है, सरकार को झूठ नहीं बोलना चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसान लाइन में खड़ा है कि उसे कब खाद मिलेगी, कोई ऐसी जगह नहीं होगी, जहां किसान लाइन में न खड़ा हो, रात में किसान लाइन लगा रहे हैं खाद के लिए, उन्हें किसान से कोई प्रेम नहीं है। सपा नेता ने कहा, भाजपा के लोग खाद माफिया के साथ मिलकर काम कर रहें हैं। उन्होंने आगे कहा कि एनकाउंटर वालों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है।

### अधिवक्ता अंजलि हत्याकांड में नया मोड़

# '20 लाख और पांच दुकान देने की बात कही थी' किलर का बड़ा दावा




मेरठ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। मेरठ में अधिवक्ता अंजलि हत्याकांड में जेल से जमानत पर बाहर आए आरोपी नीरज शर्मा के खुलासे के बाद यह मामला एक बार फिर से चर्चा में है। नीरज का दावा है कि अंजलि के करीबियों ने उसकी हत्या के लिए 20 लाख रुपये और पांच दुकाने देने की बात कही थी।

आरोप है कि हत्या के बाद भी सुपारी की रकम नहीं मिली। पुलिस ने इन लोगों को जांच में क्लीनचिट दे दी थी। अब एसएसपी ने सीओ ब्रह्मपुरी को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं। नीरज का दावा सही निकला तो अंजलि के करीबियों समेत मामले की जांच करने वाले पुलिसकर्मी भी फंस सकते हैं। सात जून 2023 में टीपीनगर थाना इलाके के उमेश विहार निवासी अधिवक्ता अंजलि गर्ग डेयरी से दूध लेकर घर लौट रही थी। घर के गेट पर स्कूटी सवार दो हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। अंजलि के परिजनों ने संपत्ति विवाद के चलते ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया था।

**पुलिस ने आरोपियों को किया था गिरफ्तार**

पुलिस ने इस मामले में अंजलि के ससुर पवन गुप्ता और पति नितिन गुप्ता को गिरफ्तार किया था। लेकिन दो दिन बाद ही नौ जून को पुलिस ने शालू बेकरी के मालिक यशपाल, ब्यूटी पार्लर संचालिका के पति नीरज शर्मा, भाड़े के शूटर अनुज उर्फ मनहर और रोहित उर्फ काकुल को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया था।

**'नहीं मिली सुपारी की रकम'**

पुलिस ने हत्या का मुख्य साजिशकर्ता टीपी नगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर संजय भाटी को बताया था। हत्या के लिए हथियार टीपी नगर के सागर उर्फ गोल्डी ने उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने 11 जून को सुरेश भाटी और 14 जून को सागर को गिरफ्तार कर लिया था। नीरज के मुताबिक सुपारी की रकम के लिए ही उन्होंने अंजलि के ससुराल वालों का नाम पुलिस के सामने नहीं लिया। जिसके चलते पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। बृहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर नीरज शर्मा ने ऑडियो रिकॉर्डिंग, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज समेत अन्य सबूत सौंपे थे। सीओ ब्रह्मपुरी एएसपी अंतरिक्ष जैन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

**यह थी पुलिस की थ्योरी**

पुलिस के मुताबिक, अंजलि अपने पति से तलाक के बाद ससुर पवन गुप्ता के मकान में अकेली रहती थी। इस मकान को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। काफी प्रयास के बाद भी ससुराल वाले मकान खाली नहीं करा पाए थे। बाद में यह करोड़ों का मकान प्रॉपर्टी डीलर सुरेश भाटी, शालू बेकरी के मालिक यशपाल और एडवोकेट प्रदीप शर्मा को 27 लाख रुपये में बेच दिया था। मकान खाली कराने के लिए इन लोगों ने अंजलि पर दबाव डाला था। अंजलि को घर से जबरन बाहर निकालकर मकान पर कब्जा कर लिया था। सुरेश भाटी ने सहारनपुर में दरोगा से सेटिंग कर अंजलि के खिलाफ चोरी का फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था।

## कार्यकर्ता पर उंगली उठी तो काट दी जाएगी-संतोष सिंह

कैमूर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। कैमूर में 6 अक्टूबर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ था। इस दौरान बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने कहा था कि साल 2020 के विधानसभा चुनाव में तीन बूथ पर भाजपा के लोगों की पिटाई की गई थी।

अगर इस बार चुनाव में गड़बड़ी करते मिलेंगे तो 300 बूथों पर लाठी से उनकी पिटाई की जाएगी। इस पर मंत्री संतोष सिंह ने पलटवार किया है। रामगढ़ विधानसभा के चंडेश में नीतीश कुमार की सभा में संतोष सिंह ने जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर हमारे एक भी कार्यकर्ता के ऊपर कोई उंगली उठा देगा, तो उसकी उंगली काट ली जाएगी। बक्सर सांसद सुधाकर सिंह और उनका प्रत्याशी भाई दोनों चावल चोरी के आरोप में जेल जा चुके है। फिलहाल, ये बेल पर है। ये दोनों की कैसी समाज सेवा है।

## दरोगा ने पिस्टल तानी, कहा-गोली मार देंगे

### पुलिस टीम को भीड़ ने खदेड़ा, खुद को घिरता देख दरोगा ने की फायरिंग



मोतिहारी, 9 नवंबर (एजेंसियां)। मोतिहारी में भीड़ ने दरोगा धर्मेन्द्र कुमार को घेर लिया। जिसके बाद बचाव में डुमरिया घाट थाना के दरोगा ने फायरिंग कर दी। हवाई फायरिंग के बाद लोग थोड़ी दूर हुए। जिसके बाद दरोगा ने वहां मौजूद लोगों पर पिस्टल तान दी, और गोली मारने की धमकी दी। तब जाकर लोग शांत हुए। पुलिस फिलहाल टीम पर हमला करने वालों की अरेस्टिंग के लिए रेड कर रही है। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि भीड़ पुलिस की गाड़ी की ओर दौड़ती है। लेकिन, समय रहते पुलिस वाले गाड़ी लेकर वहां से निकल जाते हैं। इसके बाद भीड़ पीछे मुड़ती है, और वहां खड़े दरोगा को घेर लेती है। दरोगा पर हमला करती इससे पहले दरोगा ने हवाई फायरिंग कर दी। मामले की जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा- 'डुमरिया घाट थाना में गश्ती गाड़ी पर असामाजिक लोगों ने हमला किया है। पुलिस ने अपनी सुरक्षा के लिए पहले लाठीचार्ज किया, फिर हवाई फायरिंग की है। वीडियो सामने आया है। उसमें से आरोपियों की पहचान की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर एसआईटी बनाई गई है। मौके पर एसडीपीओ और सर्किल इंस्पेक्टर मौजूद हैं। फिलहाल स्थिति सामान्य है।'

## पुलिस को गाली देने पर सपा प्रत्याशी पर एफआईआर

मुरादाबाद, 9 नवंबर (एजेंसियां)। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से सपा प्रत्याशी हाजी रिजवान पर पुलिस को गाली देने पर एफआईआर दर्ज हुई है। दरोगा नरेंद्र कुमार ने मूंढापांडे थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। 3 दिन पहले हाजी रिजवान की थाने के सामने पुलिस से हॉट-टॉक हुई थी। इसका वीडियो भी सामने आया था। इसमें वो गालियां देते नजर आ रहे हैं।

कह रहे हैं- मुझे जेल में डाल दो। आप बगैर चुनाव के ही रामवीर (भाजपा प्रत्याशी) को जीत का सर्टिफिकेट दे दो। पुलिस ने अब वीडियो के आधार पर हाजी रिजवान, उनके बेटे और 10-15 समर्थकों के खिलाफ शुक्रवार देर रात एफआईआर दर्ज की है।

## सपा को जनता नहीं करेगी माफ, उपचुनाव में यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर होगी हमारी जीत : ब्रजेश पाठक

लखनऊ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा और सपा के प्रत्याशियों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दोनों पार्टियों के लिए यह चुनाव काफी अहम है। इस उपचुनाव को सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि, साल 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सपा के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दावा किया है कि वह 9 की 9 सीट जीत रहे हैं।

अखिलेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, "डरे हुए इंसान की सबसे बड़ी पहचान होती है उसकी नकारात्मक बातें। जिनके पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं होती वो दूसरों की बात करते हैं। नकली मुस्कान असलियत नहीं छुपा सकती। अगर प्रतिशत की बात की जाए तो भाजपा 100 फीसदी यह उपचुनाव हार रही है। भाजपा 9 की 9 सीट हार रही है।" अखिलेश के इस दावे पर पलटवार करते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा है कि समाजवादी पार्टी के झूठ का पर्दाफाश हो चुका है। प्रदेश की जनता ने उन्हें नकार दिया है। भाजपा 9 की 9 सीटों पर जीत हासिल करेगी। उपचुनाव को लेकर हमारी तैयारी पूरी है।

नोटबंदी को लेकर समाजवादी पार्टी काला अध्याय मना रही है। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा है कि सपा स्वयं के बुने जाल में फंस चुकी है। सपा ने अपराधियों को बढ़ावा देना का काम किया है। जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, ये 8 साल पहले लगी नोटबंदी की लाइन नहीं है, कल की तस्वीरें हैं जहां किसान और उनके परिवारवाले खाद पाने की उम्मीद में लाइनें लगाकर बैठे हैं। भाजपा पहले तो केवल बोरी में चोरी करती थी, अब तो बोरी ही चोरी हो गई है।

## यूपी की महिला कारोबारी का दर्द : होटल में गैंगरेप-धर्मांतरण की कोशिश, ढाई करोड़ हड़पे; मुंबई से है कनेक्शन




लखनऊ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के गोमतीनगर की रहने वाली महिला कारोबारी से धर्म छिपाकर पहले नजदीकी बढ़ाई गई फिर धर्मांतरण की कोशिश कर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। यही नहीं, आरोपियों ने पीड़िता के ढ़ाई करोड़ रुपये भी हड़प लिए। पीड़िता ने डीसीपी पूर्वी से मिलकर शिकायत की। विभूतिखंड थाने में दो युवकों और महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला के मुताबिक, वह मुंबई में पार्लर और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थीं। वर्ष 2020 में उनकी मुलाकात ईस्ट थाना मीरा रोड मुंबई निवासी ईशा दीवान से सिटी सेंटर माल गोरेगांव में हुई थी। आरोप है कि ईशा हिंदू पहचान के साथ मिला था और कलावा भी पहने था। अगले दिन दोबारा मुलाकात होने पर महिला के पति ने दोनों को देख लिया, जिसके बाद दंपती में विवाद हो गया। महिला अगले दिन फ्लाइट से लखनऊ चली आईं। आरोप है कि ईशा भी लखनऊ पहुंच गया। उसने फोन कर कहा कि मेरी वजह से तुम्हारी पति से लड़ाई हो गई है। तुम लीनेज होटल आओ, मैं सारी गलतफहमी दूर कर दूंगा। होटल पहुंचने पर ईशा ने पति को तलाक देने की बात कही। कहा कि वह उनसे शादी करेगा। उनको जबरन शराब पिलाई और नशे में हो जाने पर दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि अगले दिन होश में आने पर वह होटल गईं और विरोध जताया। इस पर आरोपी ने धमकाया कि उसने वीडियो बना लिया है। कुछ बोलोगी तो मुंबई जाकर इसे वायरल कर देगा। इसके बाद आरोपी ने चार दिन तक होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। दबाव में आकर पीड़िता मुंबई लौटीं और किराये के फ्लैट में रहने लगीं, वहां आरोपी आकर उनका शोषण करता था।

**बाद में पता चला ईशा का धर्म**

इस बीच पता चला कि आरोपी शादीशुदा है। उसका विवाह विनीता भटिया के साथ हुआ था। बाद में आरोपी ने धर्म परिवर्तन कराकर विनीता को वसिफा बना दिया। इसके बाद ही उनको ईशा के धर्म का पता चला।

**दोस्तों से मिलवाया, व्यापार कब्जाया**

महिला का आरोप है कि ईशा ने चिंचोली बंदर थाना मलाड मुंबई निवासी नादिया और तौसिफ शेख से उनकी मुलाकात करवाई। तीनों मिलकर उनके व्यापार पर कब्जा करने लगे। बाद में ईशा दीवान ने महिला को अपने फ्लैट में रखा, वहां वह अक्सर मारपीट करता था। पीड़िता के लखनऊ आने पर तीनों भी वहां पहुंच जाते थे। पीड़िता का आरोप है कि 23 मई 2022 को वह लखनऊ में थीं। नादिया, तौसिफ और ईशा नोवोटल होटल में ठहरे थे।

## सपा उम्मीदवारों को मिलेगा फायदा गठबंधन के पक्ष में होंगे समीकरण

लखनऊ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने अब बसपा पृष्ठभूमि वाले नेताओं पर निगाह लगी दी है। इन नेताओं को कांग्रेस के खेमे में करके सामाजिक न्याय के मुद्दे को धार देने की तैयारी है। पार्टी उपचुनाव से पहले कुछ नेताओं को जोड़ने में सफल रही तो इसका सीधा लाभ सपा उम्मीदवारों को मिलना तय है। प्रदेश में नौ सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस इस चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारी है लेकिन गठबंधन में शामिल होने का दावा कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दलित व अति पिछड़े वर्ग के वोटबैंक को अपने खेमे में कर लिया जाए तो उसका वोटबैंक बढ़ सकता है।

इसी रणनीति के तहत अब बसपा पृष्ठभूमि वाले नेताओं को जोड़ने की तैयारी है। सभी जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि बसपा के जो नेता खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, उनसे संपर्क किया जाए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की ओर से उठाए जा रहे सामाजिक मुद्दे की जानकारी दी जाए। उन्हें यह भी बताया जाए कि दलितों व अति पिछड़ों के हित को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है।

**उपचुनाव में मिलेगा सीधा फायदा**

सियासी जानकारों का कहना है कि कांग्रेस उपचुनाव से पहले इन नेताओं को जोड़ने में सफल रही तो इसका सीधा फायदा उपचुनाव में मिलेगा। क्योंकि कांग्रेस का भले ही कोई उम्मीदवार नहीं है लेकिन वह खुले तौर पर सपा उम्मीदवारों के साथ होने का दावा कर रही है। कई सीटों पर बसपा उम्मीदवार वोटों का बंटवारा कर रहे हैं। इन नेताओं के जरिये सामाजिक न्याय के मुद्दे पर वोटबैंक को एकजुट किया जा सकेगा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कहते हैं कि विभिन्न दलों के कई नेता संपर्क में हैं।

# मुस्लिम उलेमा बोर्ड का एमवीए नेताओं को लेटर

## 17 शर्तें रखीं-वक्फ बिल का विरोध और आरएसएस पर बैन की मांग की




मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड (एआईयूबी) ने महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को समर्थन देने के लिए 17 शर्तें रखी हैं। बोर्ड ने 7 नवंबर को एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को चिट्ठी लिखी है।

चिट्ठी में उलेमा बोर्ड ने कहा है कि अगर महाराष्ट्र में एमवीए की सरकार बनती है तो वे वक्फ बिल का विरोध करें। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बैन लगाएं। बोर्ड ने महाराष्ट्र में मुस्लिमों के लिए 10% आरक्षण और मुस्लिमों के खिलाफ बयान देने वाले भाजपा विधायक नीतिश राणे जैसे नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। भाजपा महायुति गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 148, शिंदे गुट ने 80, अजित गुट ने 53 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। बाकी सीटें छोटे दलों को दी हैं।

**महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटर्स अहम क्यों हैं**

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र में मुस्लिम आबादी करीब 1.3 करोड़ है। जो कि प्रदेश की कुल 11.24 करोड़ आबादी का 11.56% हिस्सा हैं। राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 38 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां मुसलमान करीब 20% हैं। इनमें 9 सीटें तो ऐसी हैं जहां मुस्लिम आबादी 40% से ज्यादा है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की बात करें तो यहां 10 सीटें पर 25% से ज्यादा आबादी मुस्लिमों की है। पिछले लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक वोट महाविकास अघाड़ी को मिले थे। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए कुल 4,140 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें से मुस्लिम उम्मीवारों की संख्या मामूली है। महायुति की बात करें तो इसमें शामिल बीजेपी ने किसी भी मुस्लिम नेता को टिकट नहीं दिया। शिंदे गुट की शिवसेना से एक मुस्लिम प्रत्याशी उतारा गया है जबकि अजित पवार की एनसीपी ने चार मुस्लिम नेताओं को टिकट दिया है। महाविकास अघाड़ी में शिवसेना उद्धव गुट ने भी एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है जबकि कांग्रेस ने आठ, एनसीपी-शरद गुट और सपा ने एक-एक मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दिया है। वहीं, ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने 14 प्रत्याशी चुनाव में खड़े किए हैं जिसमें 10 मुस्लिम हैं।

**उलेमा बोर्ड की 7 मुख्य शर्तें**

1. वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध
2. वक्फ बोर्ड के लिए वित्तीय सहायता
3. अतिक्रमण हटाने के लिए कानून
4. मुसलमानों के लिए 10% आरक्षण
5. मुसलमानों को पुलिस भर्ती में वरीयता
6. RSS पर प्रतिबंध
7. विवादित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

# महाराष्ट्र में वाडा पुलिस ने कार से जब्त किए 3.70 करोड़

मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पालघर में वाडा पुलिस ने एक कार से 3.70 करोड़ रुपये से अधिक जब्त किए। पुलिस ने बताया कि कार ऐरोली नवी मुंबई से वाडा के विक्रमगढ़ जा रही थी। कार एक कंपनी की है। कंपनी ने दावा किया कि नकदी एटीएम में भरने के लिए थी, लेकिन उनके पास इतनी बड़ी रकम के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। इसलिए नकदी जब्त कर ली गई। चालक और कार को थाने लाया गया और जांच की जा रही है।

## कर्नाटक के कलबुर्गी में हादसे में चार की मौत

**पिकअप से टकराई कार, चालक समेत चार की मौत**

कर्नाटक के कलबुर्गी के कमलापुरा तालुक में शनिवार सुबह मरागुट्टी क्रॉस के पास एक पिकअप मालवाहक वाहन और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान हैदराबाद के भार्गव कृष्ण (55), उनकी पत्नी संगीता (45) और उनके बेटे उत्तम राघवन (28) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक कार चालक की पहचान नहीं हो पाई है। परिवार अफजलपुरा तालुक के गणगापुरा में दत्तात्रेय मंदिर के दर्शन को गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया।

**अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 19 गिरफ्तार**

विदेशी नागरिकों को धोखा देने में शामिल दो अवैध कॉल सेंटरों का मुंबई पुलिस ने भंडाफोड़ कर 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि आरोपियों में कॉल सेंटर के मालिक, पांच टीम लीडर, सेल्स मैनेजर और ऑपरेटर शामिल हैं। वे पीड़ितों को विदेशी मुद्रा व्यापार में निवेश पर मोटी कमाई का लालच देकर पैसे ठगते थे। अवैध कॉल सेंटर अंधेरी पूर्व और कांदिवली पश्चिम के जेबी नगर में चल रहे थे। पुलिस ने बीएनएस और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। आगे की जांच चल रही है।

**त्रिपुरा में 6 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को किया गिरफ्तार**

त्रिपुरा से मुंबई जाने की योजना बना रहे तीन ट्रांसजेंडर समेत कुल छह बांग्लादेशी नागरिकों को पश्चिम त्रिपुरा जिले के जिरानिया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जिरानिया रेलवे स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी। शाम करीब 4.30 बजे जीआरपी कर्मियों ने प्लेटफार्म पर कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियों के चलते पूछताछ की तो वे बांग्लादेशी निकले। पूछताछ में बताया कि वे ट्रेन से मुंबई जाने की फिराक में थे।

**अंतिम सांस तक राजनीति में सक्रिय रहूंगा**

पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के दिग्गज नेता एचडी देवेगौड़ा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक कांग्रेस की सरकार को सत्ता से बाहर नहीं कर देंगे चैन से नहीं बैठेंगे। मैं अंतिम सांस तक राजनीति में सक्रिय रहूंगा। वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर निशाना साधते हुए कहा, मैं अंतिम सांस तक राजनीति में रहूंगा। मैंने कभी संन्यास लेने की बात नहीं कही।

# उत्तर भारत की हवा में घुला जहर 12 जगह एक्यूआई 300 के पार

## देश के 72 फीसदी शहरों में प्रदूषण चिंताजनक




नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हवा बहुत खराब हो गई है। हिमाचल से लेकर हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के 12 स्थानों पर शुक्रवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार दर्ज किया गया। दिल्ली में 38 निगरानी केंद्रों में से 18 में एक्यूआई 400 से अधिक रहा, जो गंभीर श्रेणी में है।

यानी दिल्ली की हवा में घुला जहर लोगों को बीमार बना देने के लिए काफी है। हवा की गति कम होने से सुबह आसमान में धुंध की मोटी परत छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक सोमवार तक वायु गुणवत्ता में सुधार की कोई उम्मीद नहीं है। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, हिमाचल के बद्दी में एक्यूआई 327 रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में एक्यूआई 25 अंक बढ़कर 380 पहुंच गया। वहीं, चंडीगढ़ में एक्यूआई 310, गुरुग्राम में 302 और गाजियाबाद में 315 रहा। एनसीआर में सर्वाधिक प्रदूषित हरियाणा का बहादुरगढ़ रहा, जहां एक्यूआई 392 दर्ज किया गया। फरीदाबाद में एक्यूआई 257, नोएडा में 278 और ग्रेटर नोएडा में 288 दर्ज किया गया। दिल्ली में आनंद विहार (414), बवाना (440) समेत 18 जगहों पर एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। जहरीली हवा के चलते लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। डिसिजन सपोर्ट सिस्टम के मुताबिक, शुक्रवार को हवा में वाहनों से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 11 फीसदी रही।

**72 फीसदी शहरों में प्रदूषण चिंताजनक**

देश के सिर्फ सात फीसदी से ज्यादा शहरों में वायु गुणवत्ता बेहतर है। करीब 21 फीसदी शहरों में वायु गुणवत्ता संतोषजनक है, जबकि 72 फीसदी से ज्यादा शहरों में यह चिंताजनक है। सीपीसीबी के अनुसार देश के 47 शहरों में वायु गुणवत्ता खराब है, इनमें बागपत, बुलंदशहर, भिवाड़ी, चंडीगढ़, भिवानी, मेरठ, पंचकुला, सोनीपत और अमृतसर भी शामिल हैं।

# 'बहू को कालीन पर सुलाना, टीवी देखने से रोकना क्रूरता नहीं'

मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक व्यक्ति और उसके परिवार के खिलाफ दिए गए 20 साल पुराने फैसले को पलट दिया। उन पर आरोप था कि उन्होंने अपनी दिवंत पत्नी के साथ क्रूरता की थी। अदालत ने पाया कि महिला को ताने देने, उसे टीवी न देखने देने, उसे अकेले मंदिर जाने से रोकने और कालीन पर सुलाने के आरोप भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत गंभीर कृत्य नहीं हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि आरोप मुख्य रूप से घरेलू मुद्दों पर केंद्रित हैं और शारीरिक या मानसिक क्रूरता के स्तर के नहीं हैं। अपने फैसले में अदालत ने व्यक्ति, उसके माता-पिता और उसके भाई को बरी कर दिया। उन्हें निचली अदालत ने क्रूरता और आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए आईपीसी की धारा 498ए और 306 के तहत दोषी पाया था। उच्च न्यायालय का यह फैसला निचली अदालत की सजा के खिलाफ उनकी अपील पर आया है।

# आईसीयू में पति के सामने पत्नी की बॉडी डोनेट

## बगल वाले बेड से ब्रेनडेड पत्नी को मांग भरकर विदा किया; किडनी और आंखें दान




इंदौर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। एक महिला के ब्रेन डेड होने के बाद उसकी दोनों किडनी और आंखें दान की गईं। इसके लिए इंदौर में शुक्रवार शाम को दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। दोनों किडनी अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती मरीजों को ट्रांसप्लांट की गईं। यह इंदौर में बनाया गया 58वां ग्रीन कॉरिडोर था। यह अंगदान रुला देने वाला रहा। दरअसल पति-पत्नी भाई दूज पर एक हादसे में घायल हो गए थे और हॉस्पिटल में पास-पास ही एडमिट थे। शुक्रवार को पति ने ब्रेन डेड पत्नी की किडनी और आंखें डोनेट करने की इच्छा जताई। साथ ही हॉस्पिटल में ही उसकी मांग पर सिंदूर भरकर आखिरी विदाई दी। यह दृश्य देखकर हर किसी की आंखें डबडबा गईं।

**एक्सीडेंट में घायल हुई महिला, बाद में हुआ ब्रेन डेड**

जिस महिला के अंगदान किए गए, उनका नाम मनीषा पति भूपेंद्र राठौर (44), निवासी शाजापुर है। 3 नवंबर को भाई दूज के दिन वे अपने पति के साथ इंदौर में रहने वाली ननद के यहां आईं थी। लौटते समय मक्सी रोड पर हुए हादसे में मनीषा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिसके बाद उन्हें सीएचएल अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां हालत बिगड़ती गई और 6 नवंबर को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने 7 नवंबर को उन्हें विधिवत ब्रेन डेड घोषित किया।

**एक किडनी 5 मिनट तो दूसरी 7 मिनट में पहुंचाई गई**

ऑर्गन्स को-आर्डिनेटर जीतू बगानी और संदीपन आर्य ने बताया कि अंगदान का हर मामला चुनौतीपूर्ण होता है। इस मामले में 72 घंटे की कोशिश के बाद यह अंगदान हो पाया। इसमें सीएचएल हॉस्पिटल के सीईओ मनीष गुप्ता, डॉ. निखिलेश जैन और कोऑर्डिनेटर मनीषा बगानी ने परिजन की सहमति के बाद प्राथमिकता के आधार पर तैयारियां शुरू की। पहला ग्रीन कॉरिडोर सीएचएल हॉस्पिटल से राजश्री अपोलो हॉस्पिटल तक बना। शुक्रवार शाम 6.45 बजे एम्बुलेंस से किडनी भेजी गई जो अपोलो राजश्री हॉस्पिटल में 6.52 बजे पहुंच गई। दूसरा कॉरिडोर भी 6.45 बजे सीएचएल हॉस्पिटल से बना और किडनी 6.50 बजे एमिनेंट हॉस्पिटल पहुंचा दी गई और ट्रांसप्लांट शुरू हो गया।

**अंगदान जागरूकता के पोस्टर्स लगे, रथ में शवयात्रा**

शाजापुर में परिवार और समाज के लोग मनीषा के अंगदान से इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने शाजापुर में कई जगहों पर अंगदान जागरूकता के पोस्टर्स लगाए हैं और लोगों से अपील की है कि वे भी अंगदान के लिए आगे आएं। इसके साथ ही मनीषा की अंतिम यात्रा रथ में निकाली गई। यह यात्रा आदर्श कॉलोनी से शुरू हुई जो टंकी चौराहे होते हुए महुपुरा, सोमवारिया बाजार नई सड़क होते हुए श्मशान घाट पहुंचेगी। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।

# गला घोंटकर दफनाया, फिर भी कब्र से जिंदा निकली

## योगा टीचर थी, इसलिए सांस साधकर दिया हत्यारे को चकमा; प्रेम प्रसंग का मामला



बेंगलुरु, 9 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के चिकबल्लापुर में एक महिला योगा टीचर को निर्वस्त्र करने के बाद मारपीट, गला घोंटने और दफनाने का मामला सामने आया है। हालांकि, योगा टीचर होने के कारण महिला ने सांस साधकर हमलावर को चकमा दिया और जिंदा बच गई।

चिकबल्लापुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था। घटना 23 अक्टूबर को चिकबल्लापुर से 30 किलोमीटर दूर सुनसान जगह पर हुई। दफनाए गए गड्ढे से बाहर निकलकर 34 साल की योगा टीचर ने गांव वालों की मदद मांगी। गांववालों से कपड़े मांगने के बाद वह सीधे पुलिस स्टेशन पहुंची। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद महिला का मेडिकल कराया। केस में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कर्नाटक के चिकबल्लापुर में रहने वाली बिंदु नाम की महिला को अपने पति पर योगा टीचर के साथ अफेयर का शक हुआ। महिला ने अपने दोस्त सतीश रेड्डी से योगा टीचर पर नजर रखने को कहा। रेड्डी बेंगलुरु का रहने वाला है। वह एक प्राइवेट डिटेक्टिव भी है। रेड्डी ने 3 महीने पहले योगा टीचर से योगा क्लास लेनी शुरू की और इसी बहाने उसने योगा टीचर का भरोसा जीता। 23 अक्टूबर को वह योगा टीचर को शहर घूमाने ले गया।

योगा टीचर के मुताबिक, शहर घुमाने के दौरान रेड्डी शहर के बाहर सुनसान जगह ले गया। इसके बाद उसने योगा टीचर के कपड़े उतारकर मारपीट करने लगा। मरपीट के बाद रेड्डी ने योगा टीचर का केबल से गला घोंटा। योगा टीचर ने पहले बेहोश होने का नाटक किया। फिर सांस लेने की खास टेक्नीक से मरने का नाटक किया। रेड्डी ने उसे मृत समझकर एक गड्ढे में दफना दिया। इसके बाद रेड्डी ने अपने दोस्तों की मदद से योगा टीचर के जेवर लूटे, मिट्टी डाली और मौके से भाग गए। पुलिस ने बताया कि योगा टीचर गांववालों की मदद से गड्ढे से बाहर निकली। उसने गांववालों से कपड़े मांगे और फिर पुलिस स्टेशन पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

मामले में बिंदु, सतीश रेड्डी समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। विक्टिम योगा टीचर का मेडिकल कराया गया। किडनैपिंग, मर्डर की कोशिश और बीएनएस की अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि जिस कार से योगा टीचर को किडनैप किया गया था। वह बेंगलुरु से कुछ दिन पहले चुराई गई थी। आरोपी महिला बिंदु और सतीश रेड्डी के बीच ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी हुए हैं। जांच के बाद ही केस की पूरी जानकारी दी जाएगी।

# जलवायु परिवर्तन : शहरों में घट रही हरियाली

## साल 2040 तक दुनियाभर में 200 करोड़ लोग बढ़ती गर्मी से जूझेंगे



नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण शहरों को गंभीर चुनौतियों से जूझना होगा। दुनिया भर में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन का एक बड़ा हिस्सा शहर पैदा कर रहे हैं। बगैर योजनाबद्ध तरीके से तेजी से विकसित होते शहरों और उनका उचित प्रबंधन न किए जाने का खामियाजा हरे-भरे क्षेत्रों को भुगतना पड़ रहा है।

शहरों की हरियाली तेजी से सिमट रही है, और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल पनप रहे हैं। इसकी वजह से भी कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। दुनिया के शहरों में हरे भरे क्षेत्रों की हिस्सेदारी 1990 में औसतन 19.5 फीसदी थी जो 2020 तक घटकर सिर्फ 13.9 फीसदी रह गई है। अनुमान के मुताबिक 2040 तक शहरों में रह रहे 200 करोड़ से ज्यादा लोगों को तापमान में कम से कम 0.5 डिग्री सेल्सियस की अतिरिक्त वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। यह चेतावनी संयुक्त राष्ट्र संगठन यूएन-हैबिटेट ने अपनी नई रिपोर्ट में दी है। वर्ल्ड सिटीज रिपोर्ट 2024 वर्ल्ड अर्बन फोरम के दौरान जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के कई बड़े शहर लाखों लोगों को आवास प्रदान कर रहे हैं, लेकिन उन पर साल दर साल कई तरह के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। जैसे जैसे शहर बढ़ते हैं वे जलवायु से जुड़ी आपदाओं के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते जाते हैं।

**समस्याएं बढ़ रहीं, शहर उसके लिए तैयार नहीं**

जलवायु परिवर्तन से जो समस्याएं पैदा हुई हैं उसके अनुरूप शहर तैयार नहीं हैं। शहरों में बेघरों की संख्या और झुग्गी बस्तियों की तादाद बढ़ती जा रही है। झुग्गी बस्तियां आमतौर पर ऐसे इलाकों में होती हैं जो पर्यावरण के दृष्टिकोण से बेहद संवेदनशील होते हैं। इन क्षेत्रों में आपदाओं से बचाव के लिए बुनियादी ढांचा बेहद लचर है। ऐसे में अक्सर जलवायु सम्बन्धी आपदाओं या चरम घटनाओं का खामियाजा यहां रहें वाले आम लोगों को भुगतना पड़ता है। रिपोर्ट में शहरों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए मौजूदा समय में उपलब्ध राशि और वित्तीय आवश्यकतों के बीच की गहरी खाई को भी उजागर किया गया है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि शहरों को सालाना साढ़े चार से 5.4 लाख करोड़ डॉलर की दरकार है।

# महायुति सत्ता में आई तो फडणवीस के हाथ हो सकती है राज्य की कमान-शाह का संकेत

मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी महायुति एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। महायुति के सत्ता में आने पर अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन, गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को संकेत दिया हैं कि देवेन्द्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। शाह ने सांगली जिले के शिराला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि डेढ़ महीने पहले मैंने महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदेश में उत्तर महाराष्ट्र हो, कोकण हो, विदर्भ हो या मुंबई हर जगह लोग चाहते हैं कि महायुति की सरकार लाना है और देवेन्द्र फडणवीस को विजयी बनाना है।

शाह ने कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार बन चुकी है राज्य में भी महायुति की सरकार बना दीजिए। डबल इंजन की सरकार महाराष्ट्र को देश का नंबर एक राज्य बनाने का काम करेंगी। चुनाव प्रचार के दौरान अमित शाह जनता से कहते नजर आए कि महायुति को जिताएं, देवेन्द्र फडणवीस को विजयी बनाएं। महाराष्ट्र की राजनीति के जानकारों का मानना है कि संकेत साफ हैं। इसलिए अमित शाह ने महायुति को वोट देने और देवेंद्र फडणवीस को विजयी बनाने की अपील की है।

फिलहाल, महायुति सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं और तीनों दलों के सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जा रहा है। लेकिन, अब फडणवीस का नाम आने से मुख्यमंत्री को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, देवेंद्र फडणवीस पहले ही कह चुके हैं कि चुनाव के बाद हालात देखकर बड़े नेता मुख्यमंत्री का फैसला करेंगे। लेकिन अमित शाह के बयान के सियासी मायने निकाले जाने लगे हैं। देवेन्द्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने के अमित शाह के संकेत पर उपमुख्यमंत्री व एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने कहा कि चुनाव के बाद हम साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे। वहीं, शिवसेना नेता व पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने कहा कि अमित शाह ने यह बयान भाजपा के वरिष्ठ नेता के तौर पर दिया है।

# पीएमओ में अतिरिक्त सचिव बताकर सीआरपीएफ सुरक्षा में श्रीनगर घूमने वाले ठग पर कार्रवाई

## ईडी ने दायर की शिकायत

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। गत वर्ष श्रीनगर में किरण पटेल को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया था। ठग किरण पटेल ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय में 'अतिरिक्त सचिव' बताया। इसके बाद उसे जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ सुरक्षा कवच मुहैया कराकर पांच सितारा होटल में ठहराया गया। सीआरपीएफ सुरक्षा में उसने श्रीनगर की खूबसूरत वादियों की सैर करते हुए रील बनाई। बाद में पता चला कि वो तो एक ठग है। भांडा फूटने पर उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए। उसे गिरफ्तार किया गया। ईडी ने उसे आदतन घोटालेबाज बताया। उसके खिलाफ ईडी ने 28 अक्तूबर को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), श्रीनगर में अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की थी। यह शिकायत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दायर की गई है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए किरण पटेल को 27 नवंबर को कोर्ट के समक्ष पेश होने का नोटिस जारी किया गया है।

ईडी ने गत वर्ष आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध के लिए किरण पटेल और अन्य के खिलाफ निशात पुलिस स्टेशन, श्रीनगर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। पटेल के विभिन्न परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया गया। वहां से आपत्तिजनक दस्तावेज/रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए थे। ईडी की जांच से पता चला कि किरण पटेल एक जालसाज है। उसने खुद को अतिरिक्त निदेशक (रणनीति और अभियान), पीएमओ के रूप में पेश किया। लोगों को धोखा देने और अपराध की आय उत्पन्न करने के अपने गुप्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उसने धोखाधड़ी से नकली विजिटिंग कार्ड बनवाए।

इसके अलावा, उक्त फर्जी विजिटिंग कार्ड और प्रतिरूपण का उपयोग करके, पटेल न केवल केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर सरकार के प्रशासन से अवैध रूप से सुरक्षा का लाभ उठाया, बल्कि दूसरे कई काम भी करा लिए। पटेल की गतिविधियों से राज्य को संसाधनों की हानि हुई। राज्य के खजाने को मौद्रिक नुकसान हुआ। इतनी नहीं, किरण पटेल ने भोले-भाले गुजरात के अनेक लोगों को भी धोखा दिया। उसने व्यवसायियों को कश्मीर घाटी में व्यवसाय के अवसर प्रदान करने का झूठा वादा कर अनुचित लाभ प्राप्त किया। बता दें कि गत वर्ष यह मामला काफी तूल पकड़ गया था। विपक्षी दलों ने इस केस को लेकर केंद्र सरकार और जम्मू कश्मीर प्रशासन पर खूब निशाना साधा था। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने तो किरण पटेल को लेकर प्रेसवार्ता में केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। ठग किरण पटेल ने प्रधानमंत्री कार्यालय का एक शीर्ष अधिकारी बताकर जम्मू-कश्मीर में शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकें की थीं। तब भी उसका असली रूप सामने नहीं आ सका। जब मामला खुला तो उसे श्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया गया।

तब वह कश्मीर घाटी में अपनी तीसरी यात्रा पर था। पिछले साल मार्च के पहले सप्ताह में उसे सतर्क सुरक्षा अधिकारियों ने पकड़ा था। पटेल ने वहां के प्रशासन के समक्ष दावा किया था कि उसे दक्षिण कश्मीर में सेब के बागों के लिए खरीदारों की पहचान करने का काम सौंपा गया है। इस मामले में किरण पटेल की पत्नी मालिनी पटेल को अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार था। 22 मार्च को किरण पटेल और उसकी पत्नी मालिनी पटेल के खिलाफ एक वरिष्ठ नागरिक का बंगला हड़पने की कोशिश करने के आरोप में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच की एक टीम, किरण पटेल को जम्मू-कश्मीर भी ले गई थी।

# महिमा अमित न जाए बखानी : तुलसी



अतुल कुमार

तुलसी केवल एक पौधा या वृक्ष नहीं है . यह जीवन का संबल है जिससे आस्था ,श्रद्धा और आराधना जुडी है . कई औषधीय गुणों से युक्त , भावनाओं से जुडी और दृष्टि को आकर्षित करने वाली . वनस्पति शास्त्र ने इसे स्वास्थ्य और लोक हितकारी माना .तुलसी की पत्तियों का पूजा में बहुत महत्व है . फूल तभी सुगंधित होते हैं जब वह खिलते हैं . लेकिन तुलसी के पौधे का हर हिस्सा सुगंध वाला होता है .इसके बीज तने पत्ते और जड में सुगंध होती है जिस मिट्टी में लगाया जाता है उसमें भी पौधे की खुशबू आती है . प्राय; सभी घरों , मंदिरों और उद्यानों में पायी जाती है . इसमें कई रोगों से लडने के गुण हैं इसकी पत्तियों को खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है तो ज़ुकाम या खांसी होने पर इसका काढा या चाय पीने को फायदेमंद माना गया . जहां होती है वहां कीडे मकोडे और मच्छर नहीं आते अमूमन इसे घर के आंगन में लगाया जाता है जिससे इसके दर्शन होते रहें जिनको शुभाशीष माना गया कहा भी गया है कि " घर आंगन में तुलसी होवे नकारात्मक ऊर्जा दूर भागे ,कई प्रकार के वास्तु दोष हों समाप्त , परिवार सुख समृद्धि से भरपूर होवे " तुलसी आमतौर पर दो किस्मों में पायी जाती हैं .हरे रंग की लक्ष्मी तुलसी और बैंगनी रंग की कृष्णा तुलसी . सभी एशियाई देशों में व्यापक रूप से पायी जाती है . इसमें एंटीबायोटिक ,एंटी वायरल ,एंटी बैक्टेरियल और एंटी कार्सिजोनिक गुणों की अधिक मात्रा होती है .आयुर्वेद के अनुसार यह शरीर में यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित करती है जिससे गुर्दे की पथरी के होने या बढने का जोखिम खत्म होता है कई स्वास्थ्य लाभों के कारण इसे " जडी बूटियों की रानी कहा गया . विभिन्न इंफेक्शनों लीवर , मधुमेह , और कालेस्ट्राल आदि के उपचार में प्रभावी साबित हुई .आज ऐसा बीमार वातावरण बना हुआ है जहां शूगर , ब्लड प्रेशर ,मोटापा , डिप्रेशन ,जाइंट पेन और कैंसर आदि कई अन्य बीमारियों का खतरा बना है और बड रहा है ,तब चिंता की कोई बात नहीं क्यों कि एक ऐसी जडी बूटी का वरदान मनुष्य को प्राप्त है जिसमें ज़बर्दस्त ट्रीट्मेंट की शक्ति बसी है जिसको " तुलसी " कहा गया .

तुलसी को सांसारिक रूप माना गया .जो भगवान कृष्ण की अनन्य समर्पित उपासिका थीं . शास्त्रानुसार तुलसी स्वर्ग और पृथ्वी का प्रवेश द्वार है . कथानुसार तुलसी भगवान कृष्ण की गोपियों में से एक थीं पुराणों के संदर्भानुसार राधा की सखियों में एक वृंदा नाम की सखी थी जिसकी समर्पित कृष्ण भक्ति को देख राधा ने ईर्ष्या वश उसको श्राप दिया .जिसमें तुलसी को पृथ्वी पर रहने का श्राप मिला इसको जान भगवान कृष्ण ने उसको आशीर्वाद देते हुए कहा हे !देवी ! पृथ्वी लोक में घर घर में पूजी जाओगी और जहां तुम्हारा वास होगा वहां यमदूत नहीं आयेंगे क्यों कि तुम स्वास्थ्य वर्धक , प्रदूषण को खत्म करने और लोगों को निरोगी बनाये रखोगी .तुम्हारी सुगंध इतनी मोहक होगी कि उससे शुद्ध वायु निरंतर मिलती रहेगी . जहां तुम होगी वहां स्वत; मेरा वास और कृपा बनी होगी , तुम्हारी पूजा सीधे मुझ तक पहुंचेगी क्यों कि तुम में लोक हित के सभी गुण विद्यमान हैं .पूजा में चढाया जाने वाला पंचामृत / चरणामृत तुम्हारे बिना अधूरा होगा .



कार्तिक मास में तुलसी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है . भगवान क्रष्ण ने कहा भी है मुझे महीनों में कार्तिक , वनस्पतियों में तुलसी और ,कार्तिक तिथियों में एकादशी सबसे प्रिय हैं अत; शास्त्रों ने इसे सर्वोत्तम मास माना क्यों कि इसमें ईश्वर का वास है . प्रसंगानुसार एक बुढिया कार्तिक मास में तुलसी को प्रतिदिन जल चढाती हुई कहती कि हे ! मां मुझे भगवान कृष्ण का कांधा देना जिससे कि मोक्ष मिले . उसकी बात सुन तुलसी सूखने लगी वह सोच में पड गयीं कि इसे मैं सब कुछ दे सकती हूं पर कृष्ण का कांधा कैसे दूं ? इस चिंतन में उसको सूखता देख कृष्ण ने पूछा सब महिलाएं तुमको सींचती हैं ,फिर भी तुम क्यों सूख रही हो !इस पर तुलसी ने बुढिया की मनोकामना बताते हुए कहा हे प्रभु ! उसको सब कुछ दे सकती हूं ,पर भगवान कृष्ण का कांधा कैसे दे सकती हूं .


कुछ दिनों बाद उस बुढिया का निधन हो गया सभी उसको उठाने लगे ,पर वह इतनी भारी हो गयी कि किसी से नहीं उठी तब भगवान बूढे ब्राह्मण का रूप धारण कर आये और पूछा इतनी भीड क्यों है ? लोगों ने कहा एक बुढिया का देहांत हो गया है पर वह किसी से नहीं उठ रही है तब बूढे ब्राह्मण ने कहा मुझे इसके कान में एक बात कहने दो तो यह उठ जायेगी तब सभी लोगों ने कहा आप भी कोशिश कर देख लीजिये तब भगवान ने उसके कान में कहा कि " बुढिया माई तू बिडता सींचे मेरा ,मैं करूं निस्तारा तेरा ,बुढिया माई अडुवा ले गडुवा ले ,पीतांबर की धोती ले , मीठा मीठा गास ले , क़ैकुंठ का वास ले ,चटके की चाल ले ,चंदन की काट ले , झालर की झीणकार ले , साई का राज ले और कृष्णा का कांधा ले '' इसको सुन बुढिया हल्की हो गयी भगवान उसको अपने कंधे पर ले गये . तुलसी माता ने उसको मुक्ति दिलवायी .

तुलसी का स्थान घर के आंगन में या प्रमुख स्थान पर माना गया कार्तिक मास में उनकी कथा पढने और सुनने से कष्टों से छुट्कारा मिलता है क्यों कि उनको भक्तों की पुण्य दायिनी माना गया . शास्त्रों में तुलसी के संबंध में कहा भी गया है कि " सौभाग्यम संतति देहि / धनं धान्यंच में सदा / आरोग्यम शोक शमनम / कुरु में माधव प्रिये // तुलसी एक ऐसा पौधा है जिसे रोज़ाना पानी चाहिये . यह कोई विशाल वृक्ष नहीं जो भीतर गहराई से पानी खींच ले .अतः इसकी सुरक्षा के लिये प्रतिदिन जल से पूजन का विधान किया गया . विद्वान इसको सौ दवाओं की एक दवा मानते हैं . जिस भी पूजा या देवालय में चरणामृत दिया जाता है उसमें तुलसी की पत्तियों को रखने का विधान है .

तुलसी का वैज्ञानिक नाम " आसीमम सैक्टम " है जो झाडी के रूप में उगता है जिसकी लंबाई 1 से 3 फीट होती है ,जिसमें विटामिन सी और यूजेनाल जैसे एंटी आक्सीडेंट होते हैं जो ह्रदय के लिये लाभकारी माने गये . पुराणों के अनुसार तुलसी माता लक्ष्मी का अवतार हैं . इसका अंग्रेज़ी नाम " होली बेसिल " है . यह बारह मासी पौधा है . इसके तने को सुखा कर तुलसी की माला बनायी जाती है जो रक्तचाप और ह्रदय के लिये फायदेमंद मानी गयीं . तुलसी अनेक आध्यात्मिक और वैज्ञानिक गुणों से संपन्न है अतः श्री तुलसी चालीसा की पंक्ति " "महिमा अमित न जाए बखानी " इसकी विराट महिमा पर फिट बैठती है .

# काव्य कुंज

## एक हैं तो नेक हैं



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

एक हैं तो नेक हैं,
नेक ही एकता है,
अनेकता में एकता
भारत की है विशेषता।
जुटे रहेंगे तो जुड़े रहेंगे,
बिछड़ेंगे तो बिखरेंगे ही,
बिखरेंगे तो बिगड़ेंगे भी,
बिगड़ेंगे तो उजड़ जायेंगे।
इसीलिए तो कहा जाता है,
सौ टके की है एक बात है,
मिलकर रहना, बाँटकर खाना,
खिलकर हंसना खुलकर कहना।
एकात्मता ही तादात्म्यता है,
तादात्म्यता ही संयमता है,
संयमता ही समता ममता है,
ममतामयी बंधुत्व श्रेयस्कर है।

## बहुत ही आसान है...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

प्राय: देखा होगा कुछेक
हाथ आसमान तक उठाकर
नमस्ते बोलते हैं
दाएं बाएं,आगे पीछे को
साक्षी बनाकर नमस्ते लहराते हैं
हालांकि मुख में राम बगल में छुरी तरह करतूतें होती हैं
सीधे शरीर को विघ्न कर देती हैं
ऐसी मान्यवर की वजूदें होती हैं
सही सशक्त कदम नैया किनारे लग जाती है
बहुत ही आसान है जमीं पर मकान बना लेना
दिल में जगह बनाने में जिंदगी गुजर जाती हैं
नींव मजबूत न हो तो
बड़ी से बड़ी अट्टालिका की जड़ें हिल जाती है
आंधी तूफानों को छोड़ो
हवा के हल्के से थपेड़ों को सहन नहीं कर पाती हैं
इतराना तो हर किसी को अच्छा लगता है
सांप भी मर जाए ,लाठी भी न टूटे
काबिलियत सलाही जाती है
करें चिंतन पापड़ बेलने पड़ते हैं
यूं ही नहीं क्लिष्ट चोटियों पर फतह हासिल की जाती है
बहुत ही आसान है...
रहेंगे पॉजिटिव तो कुछ हद तक
मुट्ठी में सितारों को कैद किया जा सकता है
विचारों को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है
मुंगेरी सपनों में झूमते रहे तो न घर का ना घाट का
पहेलियों को समझे तो ध्येय हासिल किया जा सकता है
पानी पर तस्वीर बनाने की बजाए
सुंदर गढ़ना ,सदियां याद की जाती हैं
बहुत ही आसान है...

## वज़ह तुम हो



डॉ डी डी देसाई

ये जो खुली साँसे लेता हूँ मैं...
खुली आँखों से निहारता हूँ मैं ...
इस नई दुनिया की सैर करता हूँ मैं..
हर डगर की पहचान मिली हैं मुझे...
सिर्फ और सिर्फ...वजह तुम हो.... माँ।
तुमने ही वाकिफ कराया मुझे,
अपने पराये का भेद सीखाया।
हर एक नजर जानने की काला..
हर एक के नजरिये को जानने का हुनर
मिलने की सिर्फ.......वजह तुम हो.... माँ।
अपनों के प्रति जो प्रेम रखता हूँ मैं,
बड़े बुजुर्गों का आदर करता हूँ मैं।
नीत.. नियमित...निरंतरता के गुण,
अक्सर वहन करने की शक्ति मुझे...
मिलने की असली....वज़ह तुम हो...माँ।
नौ दिन की तकलीफों से हैरान मैं..
नौ महीने की अंदरूनी पीड़ा सही हैं तूने।
जन्म से अब तक तेरा सहना देख माँ,
मुझमें भी सशक्त.. निडर..और धैर्य
भरने की असली......वज़ह तुम हो.... माँ।
मेरे जीवन का आरम्भ और अंत तुम हो,
मेरे जीवन का आधार और सफर तुम हो माँ।
तुम बिन मैं एक शून्य की अंतिम इकाई,
मेरा अस्तित्व...मेरा वजूद...मेरा रुतबा,
सबकी असली..... वज़ह तुम हो... माँ।
न जाने तेरी कितनी ख्वाहिशें अधूरी हैं,
न जाने तेरे कितने सपने दम तोड़ रहें हैं।
पर मेरी जिद्द..मेरे सपने...मेरी ख्वाहिशें,
अपने खून पसीने से सींचा हैं तुमने माँ।
पलकों के आँसू पोंछ होटों पर हँसी दे दी तूने,
दुखों की पोटली खोल खुशियाँ परोस दी तूने।
आज छप्पन भोग जिंदगी जो जी रहा हूँ मैं,
सिर्फ और सिर्फ...वज़ह तुम हो...माँ।

## मौसम का सुरूर



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

खुशियां आती है तो आने दो।
दिल बहलाती है बहलाने दो।
लक्ष्य हीन जीना कोई जीना नही
ज़िन्दगी को भी कोई मायने दो।
रिमझिम बौछारें पड़ रही है
दिल गाता है तो गाने दो।
खिली हुई धूप है पँछी आये है
हाथों से पंछियों को दाने दो।
मौसम का सुरूर दिल मे है
मदहोशी छाई है तो छाने दो।
सुबह ,सांझ को पाना चाहती है
साँझ बेला मे सुबह खो जाने दो।
शाम भी गुज़र गई रात आई है
सूरज के संग सहर को आने दो।
धरती ने ओढ़ी हरी चुनरिया
धरती को भी तो लहराने दो।
बादल करे सिंगार धरती का
धरती को खूब इठलाने दो।
कुदरत की माया कोई नजाने
यौवन को पंख लग जाने दो।
नदी चली समंदर में घुलने को
मौजों को चट्टान से टकराने दो।
प्यास बुझी धरती की भी तो
पिया संग रेणु कोभी गाने दो।

## बाल हठ



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

बाल हठ जगजाहिर बचपन की पहचान।
हठ से कई बार आफत में आ जाती जान।।
राजकुमार को भाए मिट्टी के खिलौने,
सोने चांदी के झुनझुने लगते उसको बौने,
हठ पूरी करते गए तो बिगड़ गए सलोने
संस्कारित दुनिया को लगते फिर वो खोने
हठ भी हद से बाहर हो तो जीवन रहे परेशान।
बाल हठ जगजाहिर बचपन की पहचान।।
बाल हठ ईश्वर में लीन ज्यों प्रहलाद महाराज,
हिरण्यकश्यप के पैंतरों से न रुकी आवाज,
हठ तो कुछ थी पर खिल गया नया साज
सही राह दिखाओगे तो हठ का बदले अंदाज,
बाल हठ को दिखाना होगा सुंदर आदर्श संज्ञान।
बाल हठ जगजाहिर बचपन की पहचान।।
बाल हठ जब ममता मांगे मां फूली न समाती,
पिता से बाजार में हर फरमाइश पूरी करवाती ,
नाजायज मांगे पूरी हो तो बाल बुद्धि भरमाती
जो चाहे वह मिल जाएगा ऐसी भावना आती,
सीमा में फरमाइश पूरी बनाओ बाल महान।
बाल हठ जगजाहिर बचपन की पहचान।।
बाल हठ नाजायज हो तो कभी न पूरी करें,
पूरी कर देंगे तो समझो मूल्यों से दूरी धरें,
जीवन में मूल्य नहीं तो मजबूर ही रहें
खुद को मालिक समझे वो,दूसरे मजदूर ही रहें,
दुर्योधन सा चिराग बालक जला दे खानदान।
बाल हठ जगजाहिर बचपन की पहचान।।

## वही देशभक्त , क्रांतिकारी कहलाता है



कुमुद बाला,
हैदराबाद

सर पे कफ़न और कर्तव्य साधना ,
संग ले चलता है जो,
वही देशभक्त , क्रांतिकारी कहलाता है।।
बहु मुश्किलों की आँधियों को ,
मुट्ठी में बाँध बढ़ता है जो,
वही देशभक्त ,
क्रांतिकारी कहलाता है।।
हिल उठा सिंहासन देख जिसे
व स्वयं आगे चलता है जो,
वही देशभक्त , क्रांतिकारी कहलाता है।।
अंधविश्वास की बेड़ियों को तोड़ ,सदा आगे बढ़ता है जो,
वही देशभक्त ,क्रांतिकारी कहलाता है।।
क्रूर होकर भी जो अहं को , खूटियों पर टाँग दे
सभी दिल में देशराग के , हुनर को झट टाँक दे
इंसानियत के यज्ञ में , भवगीता को जो बाँच दे
भाषाओं के गुलदस्ते को , एक सूत्र में बाँध दे
बुद्ध-राम औ कृष्ण के,विचारों का मंथन कर,बढ़ता है जो,
वही देशभक्त , क्रांतिकारी कहलाता है।।
सुप्रेम को पूजा समझ कर , धर्म को आधार दे
जो हृदय की वर्तिकाओं में,व्योम सा विस्तार दे
जो क्षितिज की सीमाओं को , दूर से ही नाप ले
दुश्मन की रण- योजना को , पूर्व में ही भाँप ले
दस्तावेज,व्यक्त कर संवेदना , नव वक्त पे लिखता है जो,
वही देशभक्त , क्रांतिकारी कहलाता है।।

## बाबूजी का चश्मा



पूजा महेश
हैदराबाद

मां बाबूजी जी के पास इस बार
एक लम्बे अरसे बाद गई थी
अपने घर को छोड़ कर
वहां हर चीज नयी थी
सोचा था कि घर की हालत इस बार
कुछ सुधर गयी होगी ?
घर की छतें और दीवारें
शायद कुछ नयी बन गई होगी?
पर वहां तो वहीं छतें और वहीं दीवारें थी
तीन पैर की कुर्सी अभी भी टिकी एक किनारे थी
चर चर करता तख्त अभी तक एक ओर पड़ा था
शायद वही बाबू जी का साथ देने को अड़ा था
वर्षों पहले खरीदीं मां की धोती में
अब जगह जगह पैबंद लगे थे
आंखों के ख्वाब भी अब दम तोड़ने लगें थे
बाबूजी का वो बरसों पुराना एक कमानी का चश्मा
अभी तक उनकी आंखों पर था
मजबूरी भरा अंदाज उनकी बातों का था
मुझसे यह सब देखा नहीं गया
मेरा दिल भर गया
अनकहे ही घर अपने हालात
सब बयां कर गया मैंने कहा बाबू जी!
पहले तो आप कहते थे बेटी!
पहले मुझे तेरा ब्याह रचाना है
और फिर तेरे भाई को पढ़ा लिखा कर
बड़ा आदमी भी तो बनाना है
अरे मेरे चश्मे का क्या है
वह तो एक नहीं दस बन जायेंगे
एक बार तेरा भाई पढ़ गया तो समझों
सारे घर के हालात सुधर जाएंगे
मेरा ब्याह भी हो गया और
भाई पढ़ कर बड़ा आदमी भी बन गया
आज उसके पास आलीशान मकान है
लग्जरी गाड़ी की अपनी ही शान है
बाबूजी सच कहते थे ''''::
सचमुच सारे हालात बदल गए हैं
मां बाबूजी की काया और भी जर्जर हो गई है
आंखों में आशा की रोशनी भी कम हो गयी है
यहां तक कि उनके चश्मे कानम्बर भी बदल गया है
यदि नहींबदला तो बस उनका बूढ़ा शरीर औ'''ररररररर'।
उनका वही बरसों पुराना एक कमानी का चश्मा।।

## चाहतें



टी तारासिंह
हैदराबाद

दु:ख दर्द मे रो दिये तो
दिल को प्यार से कौन समझायेगा !
तेरे दर्द भरे आँसू कौन पोछेगा !
कल के दिन तेरे अच्छे आयेंगे
हां, सब्र कर, इंतज़ार कर
कल का सूरज तेरे लिए खुशियाँ लायेगा
सब्र का फल मिठा ही मिलेगा
देर से ही सही कामयाबी जरूर मिलेगी
सोच सोचकर वक़्त ना गवा
तेरे आंखो से खुशियो के आँसू आयेंगे
तेरा दिल खुशियो से भर जायेगा
तेरी सब चाहते पूरी हो जायेगी
तू अब हवा मे मत उड जाना
करले अब तू रब का शुक्रिया
ओर अब ना कर ज्यादा चाहते ।।


## शारदा भी लड़ रही थींs मौत से



संजय एम.
तराणेकर

जिंदगी से तो हर कोई लड़ता,
शारदा भी लड़ रही थी मौत से!
वो जूझ रही थी एक-एक पल!
कैंसर जैसी भयानक सौत से।
पुरकशिश थी आवाज उनकी,
जैसे जलता था दिया ज्योत से।
जिंदगी से तो हर कोई लड़ता,
शारदा भी लड़ रही थी मौत से!
अंचल के स्त्री की विरह-वेदना,
वो हर लेती थी मन की संवेदना।
कर देती थी सबकी व्यथा बखान।
जिंदगी से तो हर कोई लड़ता,
शारदा भी लड़ रही थी मौत से!
बनी भोजपुरी संस्कृति का प्रतीक,
छठ पर्व के उनके हैं गीत सटीक।
महापर्व की गहराई को देते हैं उकेर।
जिंदगी से तो हर कोई लड़ता,
शारदा भी लड़ रही थी मौत से!
गाया 'सूर्य देवता हो सतवा दिन',
सुनते सभी कान लगा हर दिन।
'छठी मैया के घाट घाट घाट घाट',
लौट आओगी जोह रहे बाट-बाट।
जिंदगी से तो हर कोई लड़ता,
शारदा भी लड़ रही थी मौत से!
वो जूझ रही थी एक-एक पल!
कैंसर जैसी भयानक सौत से।
सदियों तक गूंजेंगे गीत तुम्हारे।
खूब आओगी शारदा यादों में हमारे।
(संदर्भ : लोकगायिका पद्मश्री शारदा सिन्हा)

## किरायेदार



हेमंत सुराना,
उदयपुर

यह रुतबा, यह दबदबा
यह नशा, यह घमंड,
है किस बात का
सब है किरायेदार ,
सब है किरदार
वक्त की कश्ती में सवार
भूख अपनी ,रोटी किसी और की
प्यास अपनी, पानी किसी और का
आंगन अपना, छत किसी और की
सांस अपनी, हवा उधर की
किराये की जिंदगी, जहाँ की कठपुतली
किराये पे आना, किराये पे जाना
दो दिन की बहार में,हम सब है किरायेदार
शरीर है मालिक, रूह किरायेदार, रूह किरायेदार ।

## आशाओं के रंग



सत्यवान सौरभ

बने विजेता वह सदा, ऐसा मुझे यक़ीन।
आँखों में आकाश हो, पांवों तले ज़मीन।।
तू भी पायेगा कभी, फूलों की सौगात।
धुन अपनी मत छोड़ना, सुधरेंगे हालात।।
बीते कल को भूलकर, चुग डालें सब शूल।
बोयें हम नवभोर पर, सुंदर-सुरभित फूल।।
तूफ़ानों से मत डरो, कर लो पैनी धार।
नाविक बैठे घाट पर, कब उतरें हैं पार।।
छाले पांवों में पड़े, मान न लेना हार।
काँटों में ही है छुपा, फूलों का उपहार।।
भँवर सभी जो भूलकर, ले ताकत पहचान।
पार करे मझदार वो, सपनों का जलयान।।
तरकश में हो हौंसला, कोशिश के हो तीर।
साथ जुड़ी उम्मीद हो, दे पर्वत को चीर।।
नए दौर में हम करें, फिर से नया प्रयास।
शब्द क़लम से जो लिखें, बन जाये इतिहास।।
आसमान को चीरकर, भरते वही उड़ान।
जवां हौसलों में सदा, होती जिनके जान।।
उठो चलो, आगे बढ़ो, भूलो दु:ख की बात।
आशाओं के रंग से, भर लो फिर ज़ज़्बात।।
छोड़े राह पहाड़ भी, नदियाँ मोड़ें धार।
छू लेती आकाश को, मन से उठी हुँकार।।
खुद से ही कोई यहाँ, बनता नहीं कबीर।
सहनी पड़ती हैं उसे, जाने कितनी पीर।।

## ईश्वर ने जो लिखा उन पलों को जिया



संजीव ठाकुर,
रायपुर

जिंदगानी ने जब बड़ा दर्द जो दिया
बड़े धीरज से मैंने आंसुओं को पिया।
जिंदगी ने जिन जख्मों को उधेड़ दिया
कच्चे धागे से सभी सपनों को सिया।
हमने आत्मा की ही आवाज सुनी सदा
ईश्वर ने जो लिखा उन पलों को जिया।
हौसला नहीं दर्द देने खड़े हैं हर हाथ
बड़े हौसले से हमने हर दर्द को पिया।
दिन में भी घना अंधेरा है यहां संजीव
हमने हौले से दिल की रोशनी को जिया।

## मुखौटे



मुनीश भाटिया
कुरुक्षेत्र

दुनिया में परेशान है
यहाँ हर शख्स बेहद,
कोई दुख अपने से तो
कोई दूसरे के सुख से !
प्रेम हो तो पराये भी
रिश्ते निभा जाते हैं,
ना हो यकीन तो भाई भी,
भाई का चारा बना लेते हैं !
मन की व्यथा और दिल की कथा
ना समझे जब यहाँ कोई,
फिर मौन होना ही होता है,
इस हालत में बेहतर !
मुखौटों के बाजार में आज
चेहरे की तस्दीक मुश्किल है,
कब कोई कैसे ठग ले,
मौके की तलाश में है हर कोई !

## त्योहारों के बदलते मायने



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

न ध्यान न योग, न मनसा ना कर्मणा
न एकाग्रता ना समग्रता,
न वाचन ना श्रवण, ना भावना ना भाव।
छठ पूजा का पावन पर्व !
तपोवन के घाट पर एक ही दृश्य सर्वत्र
एक ही दृश्य दिखा!
ध्यान, योग, भोग, मोह, कामना,
सब कुछ समाहित उस जिन्नी चिराग में।
सरिता में खड़ी वनिता श्रीफल लिए,
सूर्य देव को नहीं, उस चिराग को निहारती,
अलग-अलग अंदाज में।
मिट्टी के हाथी मिट्टी के दिए,
जुगनूओं से चमकते रंगीन बल्बों की लड़ियां ।
फलों सब्जियों से सजी सूपों की कतारें।
सुहागिनों की सिंदूर, पांव में आलता,
माथे तक ओढ़ी लाल चुनरी।
अद्भुत अप्रतिम दृश्य आंखों में बसा लूं ।
गलत ! जिन्नी चिराग में छुपा लूं।
दिखा दूं सबको।
पूजा की ओट में अपनी ग्लैमर साज सज्जा बता दूं ।
देखेंगे पसंद करेंगे मेरे दिल ख़ुशी से झूम उठेंगे।
ईश्वर तो सर्व व्यापी है देखूं ना देखूं उनको,
वे रोशनी फैलाएंगे ऊर्जावान बनाएंगे
समग्रता का भाव लायेंगे।
दिखाना तो है पर उनको जो कैमरे की आंखों से देखते हैं
लाइक करते हैं मनोबल बढ़ाते हैं ।
तो क्यों ना इस परिवर्तनशील जगत में,
पूजा के भाव को भी परिवर्तित करें।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# बारामती के वोटर कन्फ्यूज : शरद साहेब या अजित दादा

## घरों में ही बंट गए वोट, लोग बोले- दोनों को नाराज नहीं कर सकते

'मेरे पति अजित पवार को वोट करते हैं और मैं शरद पवार को। हमारे घर में ही वोट बंट गए हैं। एक वोट दादा को, दूसरा वोट साहेब को, हमें किसी को नाराज नहीं करना है। रेशमा की तरह ही बारामती के ज्यादातर वोटर उलझन में हैं। महाराष्ट्र की बारामती सीट पहले एनसीपी लीडर शरद पवार का गढ़ रही, फिर यहां उनके भतीजे अजित पवार का सिक्का चलने लगा। अब अजित पवार शरद पवार से अलग हो चुके हैं।

बारामती से 7 बार चुनाव जीत चुके अजित पवार फिर से मैदान में हैं। इस बार उनके सामने शरद पवार ने युगेंद्र पवार को उतार दिया है। युगेंद्र, अजित पवार के भाई श्रीनिवास के बेटे हैं। बीते 57 साल में ये पहला मौका है जब पवार परिवार के दो कैंडिडेट आमने-सामने हैं। लोकसभा चुनाव में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के बीच बारामती सीट पर मुकाबला हुआ था। तब सुप्रिया सुले 1.58 लाख वोट के बड़े अंतर से जीती थीं।

बारामती के पास ही पवार फैमिली का गांव कन्हेरी है। यहां के नाना विट्ठल कहते हैं, 'दोनों कैंडिडेट पवार परिवार से हैं। हमारे लिए मुश्किल है कि दादा का समर्थन करें या साहेब का। दोनों के रास्ते अलग-अलग हो गए हैं। हमने सब भगवान पर छोड़ दिया है। वो जो फैसला करेंगे, वही हमें मान्य होगा। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव की वोटिंग होनी है। पवार Vs पवार की वजह से बारामती प्रदेश की सबसे हॉट सीट है।


मुंबई से 261 किलोमीटर और पुणे से करीब 100 किमी दूर बारामती तालुका है। तालुका मतलब तहसील। 1967 में शरद पवार पहली बार यहीं से विधायक चुने गए थे। इसके बाद लगातार 6 बार चुनाव जीते। 1991 के उपचुनाव में शरद पवार ने ये सीट भतीजे अजित पवार को दे दी। तब से इस सीट से अजित पवार ही विधायक हैं। जुलाई, 2023 में अजित पवार ने बगावत कर दी और शरद पवार की पार्टी पर दावा ठोक दिया। 1967 के बाद करीब 30 साल तक शरद पवार ने बारामती में गन्ना किसानों, शुगर मिल्स और सहकारी संगठनों के लिए काम किया। इसी की बदौलत वे महाराष्ट्र के सबसे बड़े मराठा नेता बन गए। इसके बाद बारामती के डेवलपमेंट की जिम्मेदारी अजित पवार ने ली। उन्होंने शानदार सड़कें, एयरपोर्ट की तरह लगने वाला बस स्टैंड, आलीशान सरकारी इमारतें, पार्क और मंदिर बनवाए। बारामती का बस स्टैंड अजित पवार की पहल पर बनकर तैयार हुआ है।

रेशमा के पति किराना स्टोर चलाते हैं। रेशमा कहती हैं, 'हम हमेशा से पवार परिवार को वोट करते आए हैं। एनसीपी में बंटवारे के बाद शरद पवार गुट को सपोर्ट करते हैं। बारामती का डेवलपमेंट देखकर अच्छा लगता है। इस बार तुतारी (शरद पवार की पार्टी का चुनाव चिह्न) ही आएगी। अजित दादा भी हमें पसंद हैं, लेकिन साहेब (शरद पवार) को ज्यादा अनुभव है। दोनों में फूट हुई है, लेकिन ये दिखाने के लिए है। वो एक ही परिवार के हैं। अगर शरद पवार को कोई कुछ कहता है तो अजित पवार को भी गुस्सा आता है। अभी अजित पवार की एनसीपी के नेता ने शरद पवार को कुछ कहा, तो उन्होंने उसे फटकार लगाई थी। रेशमा आगे कहती हैं, 'शरद पवार ने किसानों के लिए बहुत काम किया है। अजित दादा की सरकार से लाडकी बहन योजना के पैसे आए हैं।'

बारामती से करीब 10 किमी दूर कन्हेरी गांव हैं। इसी गांव के पास पवार परिवार का घर है। बारामती की राजनीति में कन्हेरी के हनुमान मंदिर की काफी अहमियत है। पहले चुनाव से लेकर आज तक शरद पवार ने हर बार प्रचार की शुरुआत इसी मंदिर में नारियल फोड़कर की है।

सिर पर सफेद टोपी, माथे पर चंदन और टीका, सफेद दाढ़ी और गले में भगवा गमछा





डाले नाना विट्ठल मिले। वे कहते हैं, 'हाथों की पांचों उंगलियां एक जैसी नहीं होतीं, लेकिन दांत और होंठ तो हमारे हैं। हमें अपनी जुबान का संभलकर इस्तेमाल करना है। हमने तय किया है कि किसी के लिए बुरा नहीं बोलेंगे। शरद पवार के कैंडिडेट युगेंद्र के बारे में नाना विट्ठल कहते हैं कि 'युगेंद्र पवार अभी राजनीति में नए हैं। उनके काम दिखते नहीं है। अजित पवार कई साल से काम कर रहे हैं, इसलिए उनके काम दिखते हैं। हमारे लिए तो दोनों पार्टियां एक ही हैं। पास में खड़े बुजुर्ग दादा पवार कहते हैं, 'दोनों एक ही परिवार से हैं। हम यही सोच रहे हैं कि आखिर किसका सपोर्ट करना है। दादा और साहेब दोनों हमारे हैं। मुझे लगता है कि एक परिवार में अगर 5 सदस्य हैं, तो 3 किसी एक को वोट करेंगे और बाकी के लोग दूसरे पवार को वोट करेंगे।'

युगेंद्र पवार, शरद पवार के पोते और अजित पवार के भतीजे हैं। पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। वे कई बार शरद पवार की चुनावी रैलियों में नजर आए हैं। बारामती के लोगों के लिए अब ये नया नहीं है। लोकसभा चुनाव में उन्हें ये समझ आ चुका है। अब ये चुनाव भी उसी तर्ज पर होगा। सुप्रिया ताई बारामती और आसपास के इलाके में बड़े मार्जिन से जीती थीं। यहां की स्वाभिमानी जनता पवार साहेब (शरद पवार) के साथ ही रहेगी। कुछ लोग बोलने में हिचकिचाते हैं। उन पर दबाव है। उन्हें लगता है कि अगर कुछ बोलूंगा तो मेरा ट्रांसफर हो सकता है। लोकसभा चुनाव में ऐसा हुआ था। हमने ऐसा कभी नहीं किया। लोग पवार साहेब के साथ हैं और उन्होंने लोकसभा चुनाव में ये दिखाया है। पवार साहेब मैसेज या सलाह नहीं देते हैं। वे कहते हैं कि मृदुभाषी बनो, जमीन पर काम करो, मेहनत करो, लोगों के बीच रहो, उनकी समस्या समझकर काम करो।

पवार साहेब ने कहा है कि 30 साल मुझे दिए, 30 साल दादा को दिए और अगले 30 साल आप युगेंद्र को दे दीजिए। पीढ़ियां बदलती हैं, वक्त के साथ नए लोगों को मौका मिलना चाहिए। हमारी पीढ़ी में टेक्नोलॉजी और पर्यावरण के बारे में ज्यादा सोचते हैं। अगर बारामती ने मुझे आशीर्वाद दिया तो पवार साहेब की तरह ही काम करूंगा। किसानों के लिए सिंचाई का पानी, बिजली, खेती का विकास, उत्पादन बढ़ाने पर जोर, फसलों के लिए अच्छा दाम, रोजगार के लिए इंडस्ट्री का विकास, ये सब पवार साहेब ने किया है। पानी की दिक्कत पर काम करेंगे। नदियों का पानी बहुत प्रदूषित हो गया है, नदियों की सफाई जरूरी है। हमारे पहले जो लोग थे, उन्हें ये इतना जरूरी नहीं लगा। हमारी पीढ़ी को लगता है कि ये जरूरी है और होना ही चाहिए। कल क्या पता, कुछ भी हो सकता है। सिर्फ पॉलिटिक्स में नहीं, आम जीवन में भी आशावादी होना चाहिए।

6 नवंबर, बुधवार को अजित पवार ने बारामती में पार्टी का मेनिफेस्टो लॉन्च किया था। उन्होंने कहा बारामती से चुनाव लड़ना मेरा फैसला नहीं है। ये पार्टी का फैसला है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तय किया कि यहां से मैं ही चुनाव लड़ूं। अब महाविकास अघाड़ी से कौन चुनाव लड़ेगा, ये तो वही तय करेंगे। मैं 7 बार असेंबली और एक बार लोकसभा चुनाव लड़ चुका हूं।

हर बार बारामती के लोगों ने मुझे जिताया। हम जब भी चुनाव में उतरते हैं, तो यही मानकर चलते हैं कि सामने वाला कैंडिडेट बहुत मजबूत है और हमें भी वैसा ही काम करना पड़ेगा। यही सोचकर हम लोगों के बीच जाते हैं। हम अपना काम कर रहे हैं। जनता उसे देखकर ही फैसला सुनाएगी। मनोज जरांगे ने फैसला लिया है कि वे चुनाव नहीं लड़ रहे। वे पहले चुनाव लड़ने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने लोगों से बातचीत की और तय किया कि चुनाव का हिस्सा नहीं बनेंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि जो कैंडिडेट अच्छा लगे उसे वोट दें।

अजित पवार कई साल से बारामती में एक्टिव हैं। युगेंद्र पवार विदेश से आए और उन्हें विद्या प्रतिष्ठान और कुश्तीगर संघ में बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई। उनका राजनीति में इतना दखल नहीं है, न ही वे बहुत एक्टिव हैं। उनकी मां जरूर सोशल वर्क में एक्टिव रहती हैं। जिन इलाकों में पानी की समस्या है, वहां किसान नाराज है। शहरी इलाकों में तो टैंकर के भरोसे काम चल रहा है। ग्रामीण इलाकों में दिक्कत ज्यादा है। सिंचाई का काम प्रभावित हो रहा है। लिहाजा, लोग अजित पवार से नाराज हैं।'

मराठा आंदोलन का यहां इतना असर नहीं है। खुद अजित पवार भी मराठा हैं। बारामती में माली और ओबीसी कम्युनिटी ज्यादा है। अजित पवार सभी को साथ लेकर चल रहे हैं। इसलिए उन्हें कोई खतरा नहीं है। 'बारामती में चाचा-भतीजा के बीच चुनाव है।

युगेंद्र के सिर पर शरद पवार का हाथ है। अजित पवार ने बारामती का डेवलपमेंट किया है। उनकी शहरों में अच्छी पकड़ है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में शरद पवार को मानने वाले बहुत हैं। वहां खेती और एजुकेशन सेक्टर में शरद पवार ने बहुत काम किया है। 'जातिगत समीकरणों की बात करें तो बारामती में मराठा और धनखड़ कम्युनिटी की आबादी ज्यादा है। उनका वोट जीत-हार तय करता है।'

अजित पवार ने शुक्रवार को कहा था कि महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबा आंबेडकर और शाहू जी महाराज की धरती है। बाहर के लोग आकर ऐसे विचार बोल जाते हैं, दूसरे राज्यों के बीजेपी सीएम तय करें कि उन्हें क्या बोलना है। हम महायुति में साथ काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी पार्टियों की विचारधारा अलग-अलग है। हो सकता है कि दूसरे राज्यों में यह सब चलता हो, लेकिन महाराष्ट्र में ये काम नहीं करता।

इससे पहले बुधवार को बीजेपी के समर्थन वाले एमएलसी सदाभाऊ खोत ने शरद पवार की आलोचना की थी। उस वक्त मंच पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। इसके जवाब में अजित पवार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पवार साहब के खिलाफ सदाभाऊ खोत का बयान गलत है। यह महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है। एनसीपी भविष्य में पवार साहब के खिलाफ इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# एएमयू में क्या एससी-एसटी को आरक्षण नहीं मिलेगा ?

एक अल्पसंख्यक संस्थान होने के लिए इसे सिर्फ अल्पसंख्यकों द्वारा स्थापित किया जाना जरूरी है। ये जरूरी नहीं है कि इसे अल्पसंख्यक लोग चलाएं। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए यह बात कही। 7 जजों की बेंच ने 4:3 के बहुमत से दो हिस्सों में फैसला सुनाया है। पहला- 1967 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि एएमयू, अल्पसंख्यक दर्जे का दावा नहीं कर सकता। यानी अब एएमयू से माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन नहीं होने का टैग हट गया है। दूसरा- अब 3 जजों की एक नई बेंच यह फैसला करेगी कि एएमयू, अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं।

1967 में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा खत्म कर दिया था। फैसले में कहा गया था कि एएमयू अल्पसंख्यक दर्जे का दावा नहीं कर सकता क्योंकि यह संस्थान साल 1920 के एएमयू अधिनियम के तहत स्थापित हुआ था। इसके बाद 1981 में केंद्र सरकार ने एएमयू एक्ट में संशोधन कर यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक का दर्जा बहाल कर दिया। फिर जब 2006 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक फैसले में एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को दोबारा खत्म किया तो इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं।

किसी शैक्षिक संस्थान को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा देने के मापदंड क्या हैं?

क्या संसद से पारित किसी कानून के तहत बनाए गए शैक्षिक संस्थान को संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक संस्थान होने का दर्जा मिल सकता है?

सुप्रीम कोर्ट ने 8 दिन की सुनवाई के बाद 1 फरवरी 2024 को मामले पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। 8 नवंबर को फैसला सुनाया गया। कुल 501 पेजों में 4 फैसले लिखे गए।

सात जजों की संविधान पीठ में से 4 जजों ने बहुमत से एक राय होकर फैसला सुनाया। ये फैसला सीजेआई चंद्रचूड़ ने लिखा था। इनमें उनके अलावा जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र शामिल रहे।

वहीं जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने अपने अलग-अलग फैसले लिखे और सुनाए। ये तीनों फैसले बहुमत के फैसले से उलट थे।

एएमयू को एक शाही कानून के जरिए स्थापित किया गया, इसका मतलब यह नहीं है कि उसे किसी अल्पसंख्यक ने स्थापित नहीं किया। यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए कानून बना था, इसलिए यह कहा जाना भी गलत है कि यूनिवर्सिटी की स्थापना संसद ने की थी। संस्था की स्थापना किसने की, यह पता लगाने के लिए यह जानना होगा कि इसके पीछे दिमाग किसका था। यह भी देखना होगा कि इसका विचार किसे आया, जमीन के लिए पैसा किसे मिला और क्या अल्पसंख्यक समुदाय ने इसमें मदद की थी। किसी अल्पसंख्यक ने संस्थान शुरू किया है तो वह अल्पसंख्यक संस्थान है। यह जरूरी नहीं है कि इसका प्रशासन अल्पसंख्यक के पास ही होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब आगे क्या होगा?

सुप्रीम कोर्ट की एक 3 सदस्यीय रेगुलर बेंच एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर फाइनल फैसला करेगी, मतलब अब ये बेंच तय करेगी कि एएमयू अल्पसंख्यक है या नहीं। इसके



साथ अल्पसंख्यक संस्थान को बनाने और उसके प्रशासन को लेकर भी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी होंगे। इसमें यूनिवर्सिटी का इतिहास, स्थापना की परिस्थितियां और यूनिवर्सिटी के प्रशासन की कार्रवाई शामिल है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एएमयू में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से फैसला आना छात्रों के लिए अच्छा ही है, क्योंकि फैसले में देरी की वजह से छात्रों में चिंता देखी जा रही थी। हालांकि यह जश्न मनाने जैसा फैसला नहीं है, लेकिन कम से कम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक का दर्जा खत्म नहीं हुआ है, यह राहत है। अगर फैसला विपरीत आता तो छात्रों की एडमिशन पॉलिसी और टीचर्स की भर्ती की प्रक्रिया पर भी असर पड़ सकता था।

उबैद कहते हैं कि यूनिवर्सिटी में प्रशासन के स्तर पर कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि 1981 की तरह यूनिवर्सिटी के काम होते रहेंगे। 1981 में एएमयूएक्ट में संशोधन करके अल्पसंख्यक का दर्जा बहाल किया गया था। उसी के तहत अब भी छात्रों के एडमिशन और टीचर्स की नियुक्तियां होंगी।

एएमयू की वाइस चांसलर के चुनने की प्रक्रिया बाकी संस्थानों से अलग है, इसमें भी कोई बदलाव नहीं होगा। साथ ही एएमयू कोर्ट का दर्जा भी बरकरार रहेगा। एएमयू कोर्ट, यूनिवर्सिटी एक्ट में बदलाव करने का काम करती है। एएमयू कोर्ट में 190 अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक सदस्य होते हैं। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग के मुताबिक, 'अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का मतलब है एक कॉलेज या एक शैक्षिक संस्थान, जिसे किसी अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित और प्रशासित किया जाता है।' हालांकि इस परिभाषा के मूल में भारतीय संविधान का एक आर्टिकल है। संविधान का अनुच्छेद-30(1) सभी अल्पसंख्यक समुदायों (धार्मिक और भाषा दोनों के आधार पर) को यह अधिकार देता है कि वह अपनी पसंद के एजुकेशनल इंस्टीट्यूट खोल और चला सकते हैं। इस कानून को आधार बनाकर ही AMU को अल्पसंख्यक दर्जा देने की मांग की गई थी। 1970 में सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार बनाम मदर प्रोविंशियल केस में कहा कि अगर अल्पसंख्यक समुदाय का कोई व्यक्ति अल्पसंख्यकों के हित में शिक्षण संस्थान शुरू करता है तो उस संस्थान को अल्पसंख्यक का दर्जा मिलेगा।

अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा लेने के लिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग से अल्पसंख्यक दर्जा प्रमाण पत्र मिलता है। अल्पसंख्यक का दर्जा स्थायी होता है। इसे रिन्यू करवाने की कोई जरूरत नहीं होती।

क्या अल्पसंख्यक संस्थानों में दूसरे धर्म के छात्र एडमिशन ले सकते हैं? इसका जवाब हां है। हालांकि 2004 के 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग अधिनियम' के तहत अल्पसंख्यक संस्थान 50% सीटें अपने समुदाय के लिए रिजर्व कर सकते हैं। उबैद अहमद सिद्दीकी बताते हैं कि एएमयू के अंदर प्रोफेशनल कोर्सेज जैसे कि मेडिकल, इंजीनियरिंग और एमबीए में करीब 60% तक मुस्लिम छात्र हैं। बाकी समान्य डिग्री कोर्सेज में इससे भी कम हैं। सभी धर्म के बच्चे यहां पढ़ने आते हैं। अल्पसंख्यक संस्थानों में एससी/एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं होती। सरकार भी संस्थानों को इन कैटेगरी में आरक्षण देने के लिए जोर नहीं दे सकती। दर्जा मिलने के बाद यूनिवर्सिटी की सारी कार्रवाई यूनिवर्सिटी के बोर्ड के अधीन होती है। सरकार का इसमें हस्तक्षेप नहीं होता। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान आयोग से अल्पसंख्यक का दर्जा मिलने के बाद संस्थान को अनुदान दिया जाता है। केंद्र सरकार की यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ने 2019 से 2023 तक एएमयू को 5,467 करोड़ रुपए का अनुदान दिया था। यूनिवर्सिटी को एडमिशन प्रोसेस, टीचरों और बाकी स्टाफ की नियुक्तियों से लेकर कैंपस और यूनिवर्सिटी चुनाव कराने की आजादी होती है। हालांकि यह देखा जाता है कि यूनिवर्सिटी अनुदान के पैसे का इस्तेमाल किन मदों में कर रही है। अल्पसंख्यक यूनिवर्सिटी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत काम करती हैं। अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी) की शिक्षा और विकास के लिए विभाग से आर्थिक सहायता दी जाती है। अल्पसंख्यक संस्थानों में सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय के टीचर या स्टाफ रखे जाने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। अल्पसंख्यक संस्थानों को टीचर, प्रिंसिपल और दूसरे नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति करने का अधिकार है। हालांकि सरकार इन संस्थानों को अनुदान देती है, इसलिए वह इस पैसे के इस्तेमाल पर नियंत्रण रखती है, लेकिन स्टाफ के अपॉइंटमेंट पर उसका नियंत्रण नहीं रहता।

उबैद अहमद सिद्दीकी बताते हैं कि एएमयू में भी सभी डिपार्टमेंट्स में करीब 10 से 15% तक नॉन-मुस्लिम टीचर्स हैं। नॉन-टीचिंग स्टाफ में भी करीब इतने ही गैर-अल्पसंख्यक या गैर-मुस्लिम लोग काम करते हैं। 2004 के नेशनल कमीशन फॉर माइनॉरिटी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एक्ट के तहत केंद्र सरकार ने देश के 6 धार्मिक समुदायों को अल्पसंख्यक माना है- ईसाई, सिख, मुस्लिम, पारसी, बौद्ध और जैन। देश भर में माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन का सर्टिफिकेट देता है। साल 2021 तक NCMEI ने देश भर में 13,602 शिक्षण संस्थानों को माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन का सर्टिफिकेट दिया है। इनमें से सबसे ज्यादा 7,550 अल्पसंख्यक संस्थान ईसाईयों के हैं, वहीं 5,153 संस्थान मुलिमों के हैं। ये शिक्षण संस्थान, स्कूलों के अलावा हैं। वहीं केंद्र सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2020 तक देश में 50,536 माइनॉरिटी स्कूल हैं। इनमें से 27,259 स्कूलों का मैनेजमेंट में मुस्लिम समुदाय के लोग हैं।

# ट्रम्प की जीत के सुपरस्टार हैं एलोन मस्क





**शिवानंद मिश्रा**

ट्रम्प की जीत के कई अर्थ हैं, कई आयाम हैं। यदि ट्रम्प पिछले चुनावों में बाइडेन को हरा कर आए होते तो उनकी यह स्वीकार्यता और वैधता नहीं होती जो आज है। पिछले चुनावों के बाद से पूरा ईकोसिस्टम जिस तरह ट्रम्प को विलेनाइज और विक्टिमाइज करने में जुट गया था, वह पूरी दुनिया ने देखा। ट्रम्प को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बाहर कर दिया गया, ट्रम्प के सभी बिजनेस को सारे बैंकिंग प्लेटफॉर्म से बैन कर दिया गया और ज्यूडिशियरी की पूरी ताकत ट्रम्प के विरुद्ध खड़ी हो गई।

उन्हें तरह तरह के क्रिमिनल केसेज में फंसा कर हर तरह से खत्म करने का प्रयास किया गया। उन्हें लगभग चुका और हारा हुआ मान लिया गया। लेकिन फीनिक्स की कहानी की तरह ट्रम्प अपनी राख से उठ खड़े हुए और फिर उड़ान भरी। इसने यह सिद्ध कर दिया कि ग्लोबल इकोसिस्टम शक्तिशाली है, पर अजेय नहीं है। और जिस अमेरिकी स्पिरिट की मै बात करता हूं और प्रशंसा करता हूं वह दिखाई दिया अदम्य और अजेय. पिछले 80 वर्षों के वामपंथी इंडॉक्टरिनेशन ने उसे क्षति तो पहुंचाई है पर नष्ट नहीं कर सका है।

लेकिन इस पूरी लड़ाई में जो एक सुपरस्टार रहा, वह था एलोन मस्क। मस्क ने पश्चिमी समाज का एक बड़ा टैबू तोड़ा और खुल कर ट्रम्प के साथ खड़े हुए। उसके पहले अमेरिका में ट्रम्प का समर्थन करने में एक हिचक थी। ट्रम्प समर्थक और सिम्पैथाइजर इस बात को लेकर एक गिल्ट में और डिफेंसिव रहते थे। एलोन ने खुल कर इस बात को चैलेंज किया और लोगों के भीतर स्थापित इस शर्म और गिल्ट को धो दिया कि ट्रम्प समर्थक कम पढ़े लिखे और इंटेलेक्चुअली कमजोर होते हैं। एलोन मस्क ने सिर्फ ट्विटर नहीं खरीदा, अमेरिका के लिए आजादी, लोकतंत्र और अभिव्यक्ति का अधिकार खरीदा। एलोन और ट्रम्प, इन दो लोगों ने अपना सबकुछ, पूरी आर्थिक शक्ति और प्रतिष्ठा दांव पर लगा कर यह लड़ाई लड़ी और जीत कर दी।

समझें, एक दैवी आपदा टल गई, एक विशाल उल्कापिंड हमारी ओर, धरती से टकराने आ रहा था, उसने दिशा बदल दो और लौट गया। सभ्यताओं का असभ्यताओं से यह युद्ध, यह देवासुर संग्राम सतत है, अनंत है लेकिन इस गाथा में ट्रम्प और एलोन, इन दो योद्धाओं के पदचिन्ह अमर रहेंगे।

# गधे और हाथी की लड़ाई

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

अमेरिका में गधे और हाथी की रेस चल रही थी । डेमोक्रेट्स का चुनाव चिन्ह गधा और रिपब्लिकन का हाथी है। चुनावो के समय अपने देश मे भी अचानक रुपयो की गड्डियां बाजार से गायब होने की खबर आती है , मैं अपनी दिव्य दृष्टि से देख रहा होता हूं कि हरे गुलाबी नोट धीरे धीरे काले हो रहे हैं ।

अखबार में पढ़ा था, गुजरात के माननीय १० ढ़ोकलों में बिके । सुनते हैं महाराष्ट्र में पेटी और खोको में बिकते हैं । राजस्थान में ऊंटों में सौदे होते हैं ।

सोती हुई अंतर आत्मायें एक साथ जाग जाती हैं और चिल्ला चिल्लाकर माननीयो को सोने नही देती । माननीयो ने दिलों का चैनल बदल लिया , किसी स्टेशन से खरखराहट भरी आवाजें आ रही हैं तो किसी एफ एम से दिल को सुकून देने वाला मधुर संगीत बज रहा है , सारे जन प्रतिनिधियो ने दल बल सहित वही मधुर स्टेशन ट्यून कर लिया । लगता है अब क्षेत्रीय दल , राष्ट्रीय दल से बड़े होते हैं । सरकारो के लोकतांत्रिक तख्ता पलट , नित नये दल बदल , इस्तीफे ,के किस्से अखबारो की सुर्खियां बन रहे हैं । हार्स ट्रेडिंग सुर्खियों में है, यानी घोड़ो के सौदे भी राजनीतिक हैं ।


रेस कोर्स के पास अस्तबल में घोड़ों की बड़े गुस्से , रोष और तैश में बातें हो रहीं थी । चर्चा का मुद्दा था हार्स ट्रेडिंग ! घोड़ो का कहना था कि कथित माननीयो की क्रय विक्रय प्रक्रिया को हार्स ट्रेडिंग कहना घोड़ो का सरासर अपमान है । घोड़ो का अपना एक गौरवशाली इतिहास है । चेतक ने महाराणा प्रताप के लिये अपनी जान दे दी ,टीपू सुल्तान , महारानी लक्ष्मीबाई की घोड़े के साथ प्रतिमाये हमेशा प्रेरणा देती है । अर्जुन के रथ पर सारथी बने कृष्ण के इशारो पर हवा से बातें करते घोड़े , बादल , राजा ,पवन , सारंगी , जाने कितने ही घोड़े इतिहास में अपने स्वर्णिम पृष्ठ संजोये हुये हैं । धर्मवीर भारती ने तो अपनी किताब का नाम ही सूरज का सातवां घोड़ा रखा । अश्व शक्ति ही आज भी मशीनी मोटरो की ताकत नापने की इकाई है ।राष्ट्रपति भवन हो या गणतंत्र दिवस की परेड तरह तरह की गाड़ियो के इस युग में भी , जब राष्ट्रीय आयोजनो में अश्वारोही दल शान से निकलता है तो दर्शको की तालियां थमती नही हैं।

# देव दीपावली पर वाराणसी दर्शन





काशी विश्वनाथ मंदिर



राम नगर क़िला



दशाश्वमेध घाट

वाराणसी भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में गंगा नदी के किनारे एक बेहद ही खूबसूरत शहर है, जो हिन्दुओं के लिए एक बहुत ही खास तीर्थ स्थलों में जाना जाता है। अगर आप वाराणसी गए हैं तो आपने ये चीज़ खुद देखी होगी कि यहां कई लोग मुक्ति और शुद्धिकरण के लिए भी आते हैं। वाराणसी अपने कई विशाल मंदिरों के अलावा घाटों और अन्य कई लोकप्रिय स्थानों से हर साल यहां आने वाले लाखों पर्यटकों को बेहद आकर्षित करता है।

ये जगह न केवल भारतीयों, बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी काफी पसंद आती है। अगर आप भी इस जगह अपनी फैमिली के साथ जाने की प्लानिंग कर रहे हैं या अकेले जाने की सोच रहे हैं, तो इस लेख में बताई गई वाराणसी जगहों को अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करें, इन जगह का सौंदर्य तो आपको आकर्षित करेगा ही लेकिन इनका अपना अलग धार्मिक महत्व भी है। आज आपको बता रहे हैं कि आपको वाराणसी की धार्मिक यात्रा कैसे करनी चाहिए और यहां की मुख्य जगहों का क्या महत्व है।

**काशी विश्वनाथ मंदिर :** बहुत से लोग इसे वाराणसी में सबसे प्रमुख मंदिर के रूप में देखते हैं, और कुछ इसे पूरे देश में सबसे महत्वपूर्ण मंदिर मानते हैं। इस मंदिर की कहानी तीन हजार पांच सौ साल से भी अधिक पुरानी है। काशी विश्वनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जिसके दर्शन करने के लिए हर महीने लाखों संख्या में लोग यहां आते हैं। कई भक्तों का मानना है कि शिवलिंग की एक झलक आपकी आत्मा को शुद्ध कर देती है और जीवन को ज्ञान के पथ पर ले जाती है। हमारा मानना है कि आपको वाराणसी में घूमने की शुरुआत इसी जगह से करनी चाहिए।

**अस्सी घाट :** अस्सी घाट को वह स्थान माना जाता है जहां महान कवि तुलसीदास का निधन हुआ था। इस जगह का दक्षिणी घाट पर्यटकों के बीच सबसे लोकप्रिय है। रोजाना इस जगह को देखने के लिए लोगों की संख्या हर एक घंटे में बढ़ती रहती है और त्योहारों में तो ये संख्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है। अस्सी घाट अस्सी और गंगा नदियों के संगम पर स्थित है और एक पीपल के पेड़ के नीचे स्थापित बड़े शिव लिंगम के लिए प्रसिद्ध है। इस घाट का अत्यधिक धार्मिक महत्व है और पुराणों और भी कई चीजों में भी इसका उल्लेख किया गया है। अस्सी घाट वाराणसी और स्थानीय लोगों का दिल है, साथ ही पर्यटक गंगा में सूर्यास्त और सूर्योदय के अद्भुत दृश्य का आनंद लेने के लिए वहां आते हैं।

स्थानीय युवाओं के बीच शाम को समय बिताने के लिए घाट एक प्रसिद्ध स्थान रहा है। घाट की सुबह की आरती बेहद ही शानदार होती है, देखने के लिए वैसे आपको सुबह जल्दी उठना पड़ेगा।

**राम नगर क़िला :** तुलसी घाट से गंगा नदी के पार स्थित, यह उस समय बनारस के राजा बलवंत सिंह के आदेश पर 1750 ईस्वी में बलुआ पत्थर से बनाया गया था। 1971 में, सरकार द्वारा एक आधिकारिक राजा का पद समाप्त कर दिया गया था, लेकिन फिर भी पेलू भीरू सिंह को आमतौर पर वाराणसी के महाराजा के रूप में जाना जाता है। इसमें वेद व्यास मंदिर, राजा का निवास स्थान और क्षेत्रीय इतिहास को समर्पित एक संग्रहालय है।

**संकट मोचन हनुमान मंदिर :** अस्सी नदी के किनारे स्थित है और 1900 के दशक में स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा बनाया गया था। यह भगवान राम और हनुमान को समर्पित है। वाराणसी हमेशा संकट मोचन मंदिर से जुड़ा हुआ है और इस पवित्र शहर का एक अनिवार्य हिस्सा है। वाराणसी आने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस मंदिर में जाता है और हनुमान के दर्शन जरूर करता है। इस मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू स्थानीय लोगों के बीच अनिवार्य रूप से प्रसिद्ध हैं।


**बीएचयू विश्वनाथ मंदिर :** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अंदर स्थित इस मंदिर में दर्शन करने लिए रोजाना पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। बिड़ला परिवार, जो भारत में उद्यमियों का एक बेहद सफल समूह रहा है, ने इसका निर्माण शुरू किया था। मंदिर के बारे में एक बड़ी बात यह है कि यह सिर्फ एक इमारत नहीं है, बल्कि असल में सात अलग-अलग मंदिर हैं जो मिलकर एक बड़ा धार्मिक परिसर बनाते हैं। वाराणसी के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक इस खूबसूरत मंदिर में आपको एक बार जरूर जाना चाहिए।

**दशाश्वमेध घाट :** जैसा कि नाम से पता चलता है, ऐसा माना जाता है कि यह वह स्थान है जहां भगवान ब्रह्मा ने दशा अश्वमेध यज्ञ किया था। यह घाट एक धार्मिक स्थल है और यहां कई तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। यह घाट हर शाम आयोजित होने वाली गंगा आरती के लिए सबसे प्रसिद्ध है, और हर दिन सैकड़ों लोग इसे देखने आते हैं। गंगा आरती देखना एक ऐसा अनुभव है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। आप चाहे वाराणसी अकेले आ रहे हैं या फैमिली के साथ जा रहे हैं, इस घाट का नजारा देखना बिल्कुल भी न भूलें।

**काशी के कोतवाल :** धार्मिक मान्यता के अनुसार एक बार भगवान ब्रह्माजी और विष्णुजी के बीच चर्चा छिड़ गई कि उन दोनों में से आखिर कौन बड़ा और शक्तिशाली है। दोनों अपने अपने तर्क दे रहे थे। विवाद के बीच भगवान शिव की चर्चा होने लगी। चर्चा के दौरान ब्रह्माजी के पांचवें मुख ने भगवान शिव की कुछ आलोचना कर दी। अपनी आलोचना को अपमान समझकर बाबा भोलेनाथ बहुत अधिक क्रोधित हो गए। उनके इस क्रोध से काल भैरव का जन्म हुआ। अर्थात काल भैरव के रूप में शिव का ही एक अंश प्रकट हो गया और इस अंश ने ब्रह्मा जी के आलोचक पांचवें मुंह पर नाखून मार दिए।

नाखून मारने के बाद काल भैरव के नाखूनों से ब्रह्मा का मुंह चिपक गया। ब्रह्मा का शीश काटने के कारण इन्हें ब्रह्म हत्या लगा। आकाश, पाताल घूमने के बाद जब बाबा काल भैरव काशी पहुचे तो ब्रह्मा का मुख हाथ से अलग हो गया, इसलिए काल भैरव ने अपने नाखून के कुण्ड की स्थापना की और यहीं स्नान कर उन्हें ब्रह्म हत्या से मुक्ति मिली। काल भैरव को पाप से मुक्ति मिलते ही भगवान शिव वहां प्रक्रट हुए और उन्होंने काल भैरव को वहीं रहकर तप करने का आदेश दिया। उसके बाद से कहा जाता है कि काल भैरव इस नगरी में बस गए।मान्यता है वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन बिना भैरव के दर्शन के सम्पूर्ण नहीं होते हैं।

## सात फेरे, सात वचन, हर कदम पर जन्मों का संग शादी के इस पवित्र बंधन का रहस्य!



शादी का नाम सुनते ही मन में खुशी की लहर दौड़ जाती है। पर क्या आपने कभी सोचा है कि हिंदू धर्म में शादी सिर्फ दो इंसानों का मिलन नहीं, बल्कि दो आत्माओं का सात जन्मों का बंधन है? हर रस्म, हर परंपरा और खासकर सात फेरे, इस बंधन को हमेशा के लिए मजबूत बनाते हैं। लेकिन क्यों लेते हैं हम ये सात फेरे और क्यों है 'सात' का इतना महत्व? आइए, जानें इस पवित्र अनुष्ठान के पीछे छुपे गहरे अर्थ और सात फेरों के खास महत्व के बारे में।

हिंदू धर्म में विवाह 16 प्रमुख संस्कारों में से एक है। इसे केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों के एक पवित्र बंधन के रूप में देखा जाता है। माना जाता है कि विवाह की प्रक्रिया में देवी-देवता भी साक्षी बनते हैं, जिससे ये अनुष्ठान और भी शुभ हो जाता है।

हिंदू विवाह में वर-वधु अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेते हैं। पहले चार फेरों में वर आगे रहता है और बाकी तीन फेरों में वधू। ये सात फेरे न केवल उनके संबंध की स्थिरता को दर्शाते हैं, बल्कि साथ मिलकर जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने का वचन भी होते हैं।

हिंदू धर्म में सात का अंक बेहद शुभ माना जाता है। सात सुर, इंद्रधनुष के सात रंग और सात दिन हमारी दिनचर्या का हिस्सा हैं। इसी तरह, विवाह के सात फेरों में भी इस अंक का महत्व देखा जाता है, जो रिश्ते में संतुलन, शक्ति और निरंतरता लाने का प्रतीक है। योगशास्त्र के अनुसार, मानव शरीर में सात ऊर्जा केंद्र होते हैं। इन फेरों के माध्यम से वर-वधु एक-दूसरे को अपनी ऊर्जा और शक्ति अर्पित करते हैं। ये आदान-प्रदान उनके रिश्ते को और भी मजबूत और संतुलित बनाता है, जिससे दोनों को जीवन में एक दूसरे का सहारा मिलता है।

सात फेरों के माध्यम से वर-वधु ये वादा करते हैं कि वे सात जन्मों तक एक-दूसरे का साथ निभाएंगे। ये वचन न केवल उनके वर्तमान जीवन, बल्कि उनके अगले जन्मों के लिए भी उनके बंधन को पवित्र और स्थाई बनाता है, जो विवाह के इस अनुष्ठान को और भी अर्थपूर्ण बना देता है।

## 6 राशि के जातकों को फलता है पन्ना धारण करने से पहले जान लें कुछ नियम

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब कोई व्यक्ति ग्रह दोष से ग्रसित होता है तो उसे कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे बचाव और राहत के लिए ग्रह से संबंधित रत्न धारण किया जाता है। रत्न शास्त्र में विशेष रूप से 9 रत्नों के बारे उल्लेख मिलता है। इनमें से एक है पन्ना रत्न, जो कि बुध ग्रह से संबंध रखता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आपकी कुंडली में बुध ग्रह कमजोर है तो आपको पन्ना रत्न धारण करना चाहिए। यह रत्न आपको व्यापार और करियर में तरक्की देता है। लेकिन पन्ना रत्न किसे पहनना चाहिए और किसे नहीं? यह जानना आपके लिए जरूरी है। साथ ही हर रत्न को धारण करने के लिए कुछ नियम भी होते हैं।



**किसे पहनना चाहिए और किसे नहीं?**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पन्ना रत्न वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, कुंभ राशि, कन्या और मिथुन लग्न के जातकों के लिए पहनना शुभ माना गया है। यदि आपकी कुंडली में बुध कमजोर है या फिर बुध की महादशा या फिर अंतरदशा का प्रभाव आप पर है तो आपको पन्ना रत्न धारण करना चाहिए।

लेकिन, जिन लोगों की कुंडली में बुध ग्रह तीसरे, छठे, आठवें और 12वें भाव में होता है उसे भूलकर भी यह रत्न धारण नहीं करना चाहिए। इससे आपको आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**धारण करने के नियम**

– पन्ना रत्न खरीदने से पहले ध्यान रखें यह कम से कम 2 रत्ती का होना चाहिए।

– पन्ना रत्न को हमेशा सोने या चांदी की अंगूठी में ही धारण करना चाहिए।

– इसे पहनने से पहले एक रात के लिए गंगाजल, शहद, मिश्री, और दूध के मिश्रण में डुबाकर रखना चाहिए।

– इस रत्न को हाथ की सबसे छोटी यानी कि कनिष्ठा में धारण करना चाहिए।

– धारण करने से पहले ऊं बुं बुधाय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें।

## तुलसी में निकल आई है मंजरी तो बिना देर किए अपनाएं ये खास उपाय

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अगर आपके तुलसी के पौधे में मंजरी निकल आई है तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु को तुलसी अतिप्रिय है और उनकी पूजा में तुलसी का विशेष तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में अगर आप तुलसी के पत्तों के साथ ही तुलसी की मंजरी भगवान विष्णु को अर्पित करते हैं तो इससे रूका हुआ धन वापस आने की संभावना बढ़ती है। साथ ही आय में भी वृद्धि होती है।



यदि आप धन प्राप्ति व धन लाभ की कामना रखते हैं तो तुलसी की मंजरी को एक लाल रंग के कपड़े में बांधें और फिर उस कपड़ै को अपने घर की तिजोरी में रख दें। कहते हैं कि इससे घर में हमेशा मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और बरकत होती है।

तुलसी की तरह ही गंगाजल को भी हिंदू धर्म में पवित्र माना गया है। इसलिए तुलसी की मंजरी को गंगाजल में मिलाकर घर की उत्तर दिशा में रख दें। फिर रोजाना इस जल का पूरे घर में छिड़काव करें। ऐसा करने से घर में आ रही निगेटिविटी दूर होती है और आर्थिक स्थिति में भी सुधार होता है।

इसके अलावा मां लक्ष्मी की पूजा करते समय पूजन सामग्री में तुलसी की मंजरी को शामिल करना शुभ माना जाता है। खासतौर पर शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी को तुलसी की मंजरी जरूर अर्पित करें। इससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और धन का आगमन होता है।

## 1680 में शिवाजी का निधन

### मराठों का इतिहास

नवंबर 1678 में शिवाजी को एक बड़ा झटका लगा, जब उनके बड़े बेटे संभाजी मुगलों के साथ चले गए। फिर दिसंबर 1679 से शिवाजी की सेहत खराब रहने लगी। इसके बाद वह कभी ठीक नहीं हुए। लंबी बीमारी के बाद 5 अप्रैल 1680 को उनका निधन हो गया।

वरिष्ठ पत्रकार गिरीश कुबेर अपनी किताब 'द रेनेसां स्टेट' में लिखते हैं,कई लोग शिवाजी के राज्य को 'हिंदू राज्य' समझते हैं। जिस तरह आज धर्म को देखा जाता है, शिवाजी का राज्य उस तरह का हिंदू राज्य नहीं था। न ही उन्हें संकीर्ण अर्थ में मराठा माना जा सकता है। वह इन सबसे बढ़कर थे। उनके शासन में कई मुसलमान ऊंचे ओहदों पर थे, सेना में 700 से ज्यादा पठान थे। उनके निजी रक्षकों में भी एक मुसलमान था। पूरे जीवन में उन्होंने एक मस्जिद नहीं गिराई। मुगल इतिहासकार खफी खान शिवाजी के बड़े आलोचक थे। उन्होंने शिवाजी को 'नरक का कुत्ता' तक कह दिया था। इसके बावजूद खफी खान ने शिवाजी की तारीफ में लिखा था, अगर कभी शिवाजी के हाथों में कुरान पड़ जाती, तो वे उसे श्रद्धा, सम्मान के साथ रखते और अपने मुस्लिम सेवकों को दे देते थे।



छत्रपति शिवाजी के निधन के बाद उनके बेटे संभाजी ने रायगढ़ की सत्ता संभाली। शिवाजी की मौत के 2 महीने बाद ही औरंगजेब ने मराठा साम्राज्य पर हमला करने के लिए 2 लाख सैनिकों की फौज भेजी। संभाजी का खजाना खाली था, सेना भी घटकर सिर्फ 30 हजार की रह गई थी। संभाजी में अपने पिता की तरह मराठाओं को एकजुट रखने का कौशल नहीं था। उनके कई अपने लोग भी औरंगजेब की जासूसी करने लगे थे।

फरवरी 1689 में कोंकण इलाके में एक जंग के दौरान मुगलों ने संभाजी और उनके 25 साथियों को पकड़ लिया। कहा जाता है कि उन्हें अहमदनगर के बहादुरगढ़ ले जाकर औरंगजेब के सामने झुकने को कहा गया।**(जारी)**

## हथेली में ऐसी सूर्य रेखा किस्मत में लिख देती है राजयोग

हस्तरेखा शास्त्र में कुछ लकीरों को ऐसा बताया गया है, जिनके हाथ में होने से व्यक्ति भाग्यशाली होता है। हथेली में इन लकीरों के होने से व्यक्ति को बहुत कम मेहनत करने पर भी बहुत लाभ होता है। आपने भी अपने आसपास ऐसे कई लोगों को देखा होगा, जो बहुत कम मेहनत करने पर भी कुछ लोग बहुत सफल हो जाते हैं।




जिन लोगों की हथेली पर सूर्य रेखा होती है, उनकी किस्मत बहुत ही अच्छी होती है। बहुत कम मेहनत करने पर भी ऐसे लोगों को बहुत कुछ प्राप्त हो जाता है। सूर्य रेखा हाथ की रिंग फिंगर यानी अनामिका उंगली के एकदम नीचे होती है। ये भाग सूर्य पर्वत कहलाता है। यहां सीधी रेखा हो, तो वह सूर्य रेखा कहलाती है। यह रेखा सूर्य पर्वत से हथेली के निचले हिस्से हृदय रेखा की ओर जाती है। आपकी हथेली पर सूर्य रेखा अगर स्पष्ट और बिना टूटी-फूटी होकर ऊपर की तरफ बढ़ रही है, तो यह आपके भाग्यशाली होने की सूचक है।

सूर्य रेखा या सूर्य पर्वत का उभरा होना, इस बात का भी सूचक है कि आपको जीवन में तरक्की मिलेगी। साथ ही सूर्य रेखा का स्पष्ट और बिना टूटी हुई दिखाई देने से आपको समाज में मान-सम्मान भी मिलता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अगर हथेली पर एक साथ दो सूर्य रेखाएं एक-दूसरे के समानांतर चल हो, तो हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार इसे और भी शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इससे व्यक्ति को सरकारी नौकरी या फिर प्राशसनिक सेवाओं में कोई बड़ा पद मिलता है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, अगर आपकी हथेली में सूर्य पर्वत से निकलने वाली रेखा की एक शाखा मध्यमा उंगली और दूसरी शाखा छोटी उंगली की तरफ जाए, तो आप बुद्धिमान होते हैं। ऐसे लोग बहुत अच्छे वक्ता भी माने जाते हैं।

**सूर्य रेखा पर स्वास्तिक का निशान होना है शुभ**

सूर्य रेखा पर स्वास्तिक का निशान होना यानी कई रेखा से मिलकर बनी स्वास्तिक की आकृति बहुत ही शुभ होती है। हथेली पर स्वास्तिक का निशान होना इस बात की सूचक है कि व्यक्ति के जीवन में सुख, प्रेम, सम्मान और ऐशो-आराम की कभी भी कमी नहीं होगी।

# मालविका ने सुनाई 'हीरोइन' बनने की कहानी



मालविका मोहनन बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस तो है ही, उसने अपनी पहचान एक बेहतरीन अभिनेत्री के रूप में भी कायम की है। । वह एक 'पैन इंडिया स्टार' बन चुकी है जो दक्षिण भारतीय फिल्मों से लेकर हिन्दी तक दोनों ही इंडस्ट्रीज में एक्टिव है। विश्वविख्यात ईरानी निर्देशक माजिद मजीदी की फिल्म 'बियॉन्ड द क्लाऊड्स' में नजर आ चुकी मालविका पिछले दिनों साऊथ की फिल्म 'थंगलान' और बॉलीवुड फिल्म 'युध्रा' को लेकर चर्चा में रही।

जाने-माने सिनेमैटोग्राफर के. यू. मोहनन की बेटी मालविका उच्च शिक्षा पाने की राह पर थी कि एक दिन पिता के सैट पर उसे साऊथ के सुपरस्टार ममूटी की तरफ से रोल ऑफर हुआ और उसकी जिंदगी बदल गई।

हीरोइन बनने का दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए मालविका बताती है, मैं उन दिनों कॉलेज में थी और मुझे पता नहीं था कि मुझे किस दिशा में जाना है। यह तो तय था कि मुझे साइंस और कॉमर्स नहीं करना है, जो कुछ करना है आर्ट्स में ही करना है। और, उन्हीं दिनों यह घटना हो गई। हम लोग घर में मलयालम फिल्में खूब देखते हैं और मैं ममूटी सर की बहुत बड़ी फैन रही हूं। वह बहुत बड़े सुपरस्टार हैं। हम लोग उनकी एक विज्ञापन फिल्म की शूटिंग देखने गए हुए थे। वहीं उन्होंने मुझे देखा और अपने पास बुलाया।

ममूटी ने मालविका को मिलने के लिए ही नहीं बुलाया, बल्कि हाथों हाथ उसका वहीं ऑडिशन भी ले लिया। मालविका यह बात बहुत उत्साह से बताते हुए कहती है, ₹हां, वह मुझसे देर तक बातें करते रहे और मुझे यहां- वहां चलाकर भी देखा और उसे शूट भी कर लिया। बाद में ये सब उन्होंने फिल्म निर्देशक के पास भेज दिया। मुझे तो बाद में समझ आया कि मेरे करियर का पहला ऑडिशन ममूटी सर ने रिकॉर्ड किया है। सोचिए, यह किसी भी कलाकार के लिए बड़ी बात है। इसी ऑडिशन के बाद मुझे उनके बेटे दुलकर सलमान के साथ अपनी पहली फिल्म मिली।

कुछ साल पहले हिन्दी में डब हो क र रिलीज हुई साऊथ के अभिनेता विजय की फिल्म 'मास्टर' में हिन्दी भाषी राज्यों के दर्शकों ने पहली बार मालविका की खूबसूरती को बड़े पर्दे पर देखा था। मालविका की मातृभाषा मलयालम है लेकिन तमिल सिनेमा की बात चलते ही वह उछल जाती है।

वह कहती है, जब भी मैं चेन्नई जाती हूं तो पाती हूं कि जिस तरह का पागलपन हम रजनी सर की फिल्मों के लिए देखते थे, तकरीबन लोग अब उतना ही विजय सर की फिल्म के लिए पागल रहते हैं। मुझे लगता लोगों को उनका ऑनस्क्रीन स्टाइल पसंद है। उनका स्वैग पसंद है। वह बहुत ही उम्दा एंटरटेनर हैं। लोग उन्हें बहुत प्यार करते हैं।

सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म 'पेटा' में काम कर चुकी मालविका वह दिन कभी नहीं भूलती है जब उसकी पहली मुलाकात हुई थी। मालविका बताती है, उनसे मेरी पहली मुलाकात मसूरी में हुई। है। मैं वहां फिल्म 'पेटा' की शूटिंग के लिए थी। शूटिंग शुरू करने से एक दिन पहले मैं लोकेशन पर सबसे मिलने गई। मैंने उनका इंतजार किया और थोड़ी देर बाद ही मेरे लिए बुलावा आ गया। उनसे मिलना यादगार क्षण रहा। उनका आभामंडल इतना मजबूत है कि वह आपको अपनी तरफ खींच लेता है। वह इतने बड़े स्टार हैं लेकिन उनकी विनम्रता सीखने लायक है। मुझे बहुत ही सहज महसूस कराया उन्होंने। उनके साथ मैंने जो वक्त बिताया वह पूरा जीवन यादगार रहेगा।

**नहीं पढ़ती ट्रोल्स के कमैंट्स**

वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय है लेकिन कई बार ट्रोल्स उसके भी पीछे पड़ जाते हैं। वह इसे कैसे सम्भालती है, पर उसने कहा, ₹हमारे जमाने में सोशल मीडिया एक पोर्टफोलियो की तरह बन गया है। आप यदि नए हैं और अपनी जमीन तलाश रहे हैं, तो सोशल मीडिया आपके लिए एक ऐसा माध्यम है, जहां आप लोगों को दिखा सकते हैं कि आप क्या कुछ कर सकते हैं मगर इसका सबसे बड़ा नुकसान ट्रोलिंग ही होती है। मैं ट्रोल्स को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देती हूं। मैं कमैंट्स पढ़ती ही नहीं हूं।

# फोटोग्राफरों पर 'भड़की' सना मकबूल



सितारों की एक झलक पाने और अपने कैमरे में कैद करने के लिए फोटोग्राफर 24 घंटे न केवल एक्टिव रहते हैं, बल्कि उनके साथ चिपके भी रहते हैं। ऐसे में सितारे कई बार काफी असहज महसूस करते हैं। फिर ये फोटोग्राफर भी कम नहीं हैं। कई बार वे ऐसी बातें कह डालते हैं कि सितारों का नाराज होना स्वाभाविक है। अब देखिए न 'बिग बॉस ओटीटी-3' की विजेता सना मकबूल उन पर भड़क गई। दरअसल वह अभिनेता अर्जुन बिजलानी की बर्थडे पार्टी में गई थी। वहां एक फोटोग्राफर ने फोटो के लिए पोज दे रही मकबूल से 'मजा नहीं आ रहा है' कहा। बस इतना सुनते ही मकबूल भड़क उठी। उसने कहा, ₹यह बहुत खराब है। यह बहुत गिरी हुई बात है।₹ सोशल मीडिया यूजर्स ने भी फोटोग्राफर की आलोचना की।

दूसरी ओर सना फिर से सुर्खियों में है क्योंकि हाल ही में उसने एक शानदार कार खरीदी है। सोशल मीडिया पर कार के साथ उसकी तस्वीर जमकर वायरल हो रही है। इस फोटो में सना को प्यारी सं मुस्कान के साथ कार के सामने पोज देते हुए देखा जा सकता है भारतीय पोशाक में सना और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही है।

अपने इन खुशी के पलों को सना ने सोशल मीडिया पर साझा क हुए तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, इस यात्रा के हर कदम के आभारी हूं। यह नई शुरुआत है!

# फिल्मों से भरी वामिका की 'झोली'



गत वर्ष वामिका गब्बी के लिए बहुत शानदार रहा जब फिल्म 'फुर्सत', 'खुफिया', 'कली जोटा' जैसी फिल्मों के साथ ही वैब सीरीज' जुबली', 'मॉडर्न लव चेन्नई' और 'चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलांग वैली' जैसी वैब सीरीज में उसे काफी पसंद किया गया और अब उसकी झोली अच्छी फिल्मों से भरी हुई है लेकिन एक समय था जब वह अभिनय छोड़ देना चाहती थी, क्योंकि उसे लगता था कि वह इसके लिए नहीं बनी है। हालांकि, बाद में उसने अपनी शानदार अभिनय क्षमता से खुद को साबित किया।

वामिका ने पंजाबी फिल्मों से अपना करियर शुरू किया था और अब वह हिन्दी फिल्मों तथा वैब सीरीज से लेकर साऊथ की फिल्मों में भी काम कर रही है। चंडीगढ़ के एक पंजाबी परिवार में जन्मी वामिका ने बतौर बाल कलाकार अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी जब 8 साल की उम्र में ही वह एक धारावाहिक में नजर आई।

हाल ही में अक्षय कुमार की अगली हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में भी वामिका को लिया गया है। सूत्रों की मानें तो वामिका के अलावा फिल्म में दो और हीरोइनें होंगी। यह हॉरर तत्वों से भरपूर एक कॉमिक फिल्म है, जिसकी कहानी एक घर में रहने वाली तीन लड़कियों के इर्द-गिर्द घूमती होगी।

**आने वाली फिल्में**

बात करें वामिका के वर्क फ्रंट की तो इन दिनों वह कई तमिल, हिन्दी और पंजाबी फिल्मों में काम कर रही है। उसके पास 'जीनी' नामक एक तमिल फिल्म है। इसके अलावा वह पंजाबी फिल्म 'किकली' में भी नजर आएगी। इसके साथ ही बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता वरुण धवन के साथ वह जल्द ही फिल्म 'बेबी जॉन' में नजर आने वाली है। यह फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी जिसे लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है।

# फैशन 'मजेदार' होना चाहिए : मौनी रॉय



फैशन को अपनी अभिव्यक्ति का एक रूप मानने वाली मौनी रॉय एक ट्रेंडसैटर रही है। चाहे वह साटन की झिलमिलाती ड्रैस में सजना हो या जींस व टी-शर्ट वाली कैजुअल लुक हो या साड़ी की शान को आकर्षक ढंग से अपनाना हो, मौनी जानती है कि हर तरह की ड्रैस में किस तरह बेहद सुंदर लगना है।

हाल ही में मालदीव में अपना जन्मदिन मनाकर लौटी मौनी कहती है, फैशन बिना कुछ कहे अपने भीतर छुपी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक तरीका है। 'गोल्ड' (2018), 'मेड इन चाइना' (2019) और 'ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा' (2022) जैसी फिल्मों के साथ छोटे पर्दे से बॉलीवुड में कदम रखने के बाद से ही मौनी को किरदारों के हर पहलू में गहराई से जुड़ना पसंद रहा है जिसमें उसकी वेशभूषा भी शामिल है।

इसलिए, जब उससे पूछा गया कि क्या उसने कभी किसी भूमिका के लिए दी गई पोशाक को पहनने से मना किया है, तो 39 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, ₹हां, ऐसा हो चुका है। कई बार मैंने कुछ ऐसा पहनने से मना कर दिया जिसमें मैं सहज महसूस नहीं करती। मुझे लगता है कि अभिनेत्रियों के लिए खुद को लेकर आत्मविश्वास महसूस करना महत्वपूर्ण है। अगर कोई पोशाक किरदार के हिसाब से फिट नहीं बैठती या आपको असहज महसूस कराती है, तो आपको अपनी टीम से इस बारे में बात करनी चाहिए।

आत्मविश्वास बहुत जरूरी है। 33.8 मिलियन इंस्टाग्राम फॉलोअर्स वाले फैनबेस के साथ मौनी एक पब्लिक फिगर के रूप में अपने प्रभाव को समझती है। वह कहती है, मुझे पता है कि लोग मुझ से प्रेरित होते हैं... यहीकारण है कि मैं हमेशा ही प्रामाणिक बने रहने में विश्वास करती हूं। फैशन मजेदार और आपको सशक्त करने वाला होना चाहिए यह केवल ट्रेंड का अनुसरण करना नहीं है।

करियर से क्या सीखा ? मैंने अपने करियर में सीखा है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। आपको बस उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जो आप कर सकते हैं, बजाय उन चीजों के बारे में तनावग्रस्त होने के जो आपके हाथ में नहीं हैं।

बचपन से है डांस का शौक अच्छी एक्ट्रैस होने के साथ वह अच्छी डांसर भी हैं। डांस के अपने शौक के बारे में वह बताती है, मुझे बचपन से ही डांस का शौक रहा है। डांस को लेकर दिलचस्पी दादा जी की वजह से मेरे में पैदा हुई। मेरे दादा जी थिएटर आर्टिस्ट थे, बहुत अच्छा डांस करते थे। मेरे मम्मी-पापा भी थिएटर आर्टिस्ट हैं। इस तरह डांस-एक्टिंग मेरे खून में है। जहां तक डांस की बात है तो टी.वी. पर डांस परफॉर्मेंस बहुत दिए हैं। फिल्मों में भी आइटम सांग किए हैं, इनसे मुझे परहेज नहीं है।

कैसी भूमिकाएं करना चाहती है अपनी पसंदीदा भूमिकाओं के बारे में बात करते हुए मौनी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब तक निभाई गई सभी भूमिकाएं बहुत पसंद हैं। वे सभी अपने तरीके से विशेष हैं और मुझे उनकी तैयारी करने और उन्हें कैमरे के सामने निभाने में बहुत आनंद आया लेकिन मेरे कुछ पसंदीदा किरदार मोनोबिना (गोल्ड), शिवन्या (नागिन) और जुनून (ब्रह्मास्त्र) हैं।

मौनी एक पुस्तक-प्रेमी है और उसने खुलासा किया कि वह किसी दिन अपनी पसंदीदा किताबों में से कुछ प्रतिष्ठित पात्रों को निभाना पसंद करेगी। उसने कहा, उपन्यासों के जिन फंतासी काल्पनिक पात्रों को मैं पर्दे पर निभाना करना पसंद करूंगी उनमें 'फैंटम ऑफ द ओपेरा' से क्रिस्टीन डेए, 'शेक्सपियर इन लव' से वियोला और एनोला होम्स, पारो व चंद्रमुखी तक यह सूची अंतहीन है। वह किन फिल्मकारों के साथ काम करना चाहती है, पर उसने कहा, मैं अयान मुखर्जी के साथ फिर से काम करना चाहती हूं। संजय लीला भंसाली सर, अनुराग बसु सर, राजू हिरानी सर और करण जौहर सर के साथ भी।

# जैकलीन फर्नांडीज ने की नेक पहल



जैकलीन फर्नांडीज ने यूट्यूबर 'मिस्टर बीस्ट' के साथ मिलकर उसके चैरिटेबल ट्रस्ट 'बीस्ट फिलेंथ्रोपी' को सहयोग दिया है। 'मिस्टर बीस्ट', जिसको जेम्स स्टीफन जिमी डोनाल्डसन के नाम से भी जाना जाता है, के यूट्यूब पर 320 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं। 'मिस्टर बीस्ट' ने अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की मदद से सामुदायिक सेवा अभियानों के जरिए लाखों डॉलर जुटाने में मदद की है।

अ प नी प ह ल के तहत बीस्ट फिलेंथ्रोपी भारत में कमजोर महिलाओं और बच्चों के लिए काम करने वाली भारतीय समाजसेवी संस्था उदयन केयर के साथ भागीदारी करता है। बच्चों को मेंटर मुहैया कराने की दिशा में संस्था के प्रयासों के तहत जैकलीन ने दिल्ली का दौरा किया। अभिनेत्री उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की एक युवा डिजाइनर शीतल की ड्रेस से प्रभावित हुई जिसे शीतल ने दिग्गज डिजाइनर अलैग्जेंडर मैकक्वीन से प्रेरित होकर बनाया था।

इस ड्रैस को पहनने के दौरान जैकलीन ने कहा, आपने मुझे वाकई बहुत अच्छा महसूस कराया। इसे पहनने से बहुत शक्तिशाली महसूस होता है। इस ड्रेस को तीन महीने के भीतर तैयार किया गया है। इस शानदार ड्रैस की नीलामी बीस्ट फिलेंथ्रोपी वैबसाइट पर की जाएगी, जिससे होने वाली कमाई उदयन केयर के मिशन में लगाई जाएगी।

अभिनेत्री ने इस नए सहयोग के बारे में बात करते हुए कहा, शीतल से मिलना प्रेरणादायक था। हालांकि, इससे मुझे यह भी एहसास हुआ कि कई लड़कियों को अभी भी महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कुछ संस्थाएं इन लड़कियों को सशक्त बनाने में अविश्वसनीय काम कर रही हैं। उनके भविष्य में निवेश करना हमारा सामूहिक कर्त्तव्य है। मिस्टर बीस्ट के साथ इस पहल का हिस्सा बनना एक खूबसूरत अनुभव था, और यह कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा अपने दिल में संजो कर रखूंगी।

**चुनी गई सबसे सुंदर शाकाहारी**

हाल ही में जैकलीन को पेटा द्वारा सबसे खूबसूरत शाकाहारी सैलिब्रिटी का खिताब भी दिया गया है। उसके साथ ही यह सम्मान रितेश देशमुख को भी मिला जो उन दोनों के पशु कल्याण के प्रति समर्पण और दयालु जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता की मान्यता के रूप में प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि जैकलीन को जानवरों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने के लिए जाना जाता रहा है और उसने अपने प्रशंसकों को कई तरीकों से इस दिशा में प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रेरित किया है, जिसमें 'फ्री गजराज' अभियान भी शामिल है, जिसके तहत 50 से अधिक वर्षों से जंजीरों में बंधे एक हाथी को बचाया गया था।

जैकलीन ने लोगों को आश्रय स्थलों से जरूरतमंद कुत्तों को गोद लेने व शाकाहारी भोजन खाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उसने अंगोरा ऊन के उपयोग के खिलाफ एक विज्ञापन अभियान में भी अभिनय किया और लोगों से घोड़ा-गाड़ी से बचने के लिए कहा था। रितेश देशमुख ने शाकाहारी मांस कपनी खोली है

**इस बीच, रितेश शाकाहारी भोजन को बढ़ावा देता है** और उसने अपनी पत्नी जेनेलिया के साथ एक शाकाहारी मांस कम्पनी की सह-स्थापना भी की, जो कि प्लांट बेस्ड मांस बनाती है। पेटा इंडिया के सैलिब्रिटी और जनसंपर्क उपाध्यक्ष सचिन बंगेरा कहते हैं, ₹अभिनय से लेकर पशु अधिकार सक्रियता तक, जैकलीन फर्नांडीज और रितेश देशमुख असली सुपरस्टार साबित हुए हैं। जानवरों के प्रति दयालुपन सबसे सुंदर है।

**जैकलीन का अब तक का करियर**

अभिनेत्री के फिल्मी करियर की बात की जाए तो उसने सुजॉय घोष की फिल्म 'अलादीन' (2009) से रितेश देशमुख के साथ ही बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। इस फंतासी-ड्रामा में अमिताभ बच्चन और संजय दत्त भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आए थे। इसके बाद उसने 'मर्डर 2' (2011), 'हाऊसफुल 2' (2012), 'रेस 2' (2013), 'किक' (2014), 'ब्रदर्स' (2015), 'हाऊसफुल 3' (2016), 'रेस 3' (2018) और 'सर्कस' (2022) जैसी कई बड़ी हिन्दी फिल्मों में काम किया है। अगली फिल्म जैकलीन इन दिनों अपने 8 अपकमिंग प्रोजैक्ट्स में व्यस्त है। वह अगले साल फिल्म हाऊसफुल 5 में भी वाली है।



# 'सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे ने छोटे कारोबारियों को आगे बढ़ने में मदद की': वित्त मंत्री

नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। सरकारी पैसे से डिजिटल बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को फैलाने के भारत के दृष्टिकोण ने अन्य देशों के विपरीत भारत में छोटे कारोबारियों और व्यवसायों को बढ़ने में मदद की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार बंगलूरू में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। बंगलूरू में जैन विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत करते हुए, सीतारमण ने कहा कि सरकार और हितधारकों ने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, डिजिटल नेटवर्क फैलाने के लिए भारत का दृष्टिकोण पूरी तरह से देश के सार्वजनिक धन से प्रेरित था। इसे सरकार की ओर से वित्त पोषित किया गया था। भारत ने दुनिया के कई देशों जो डिजिटल भुगतान तकनीक के लिए निजी क्षेत्र पर निर्भर थे, के विपरीत एक विशाल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया, इसे बैंकिंग उद्देश्यों के लिए अनुमति दी, इसे स्वास्थ्य उद्देश्यों के लिए अनुमति दी, इसे विपणन



उद्देश्यों के लिए अनुमति दी, इसे भुगतान उद्देश्यों के लिए अनुमति दी और इसे शिक्षा उद्देश्यों के लिए अनुमति दी।सीतारमण ने कहा, इसलिए जो सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बनाया गया, उसे छोटे और आम उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त रख गया। इसलिए एक छोटा व्यवसाय जो बढ़ना चाहता था, आज अपने गांव से परे बाजारों तक पहुंचना चाहता है। देश में डिजिटल क्रांति की सफलता पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नगालैंड की यात्रा के दौरान अपनी बातचीत का उदाहरण दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में हुई डिजिटल क्रांति की सफलता के कारण नगालैंड के गैर सरकारी संगठनों को भी क्रिसमस के दौरान अमेरिका से ऑर्डर मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क लेकर आई है, जो डिजिटल कॉमर्स के लिए एक खुला नेटवर्क है जो बड़े ई-कॉमर्स व्यवसायों की भी मदद कर रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, डिजिटल समावेशन और वित्तीय समावेशन के मामले में लोग किसी के आने और उन्हें शिक्षित करने का इंतजार नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह पहले से ही सरल भाषा में है और उनके फोन तक पहुंच रहा है। वे इसे एक्सेस करने में सक्षम हैं और यह केवल बढ़ेगा। हमें भविष्य में केवल प्रौद्योगिकियों को लगातार अपडेट करने की आवश्यकता है।

**निर्मला सीतारमण ने दक्षिणी क्षेत्र के 10 आरआरबी के प्रदर्शन की समीक्षा की**

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बेंगलुरु में दक्षिणी क्षेत्र के 10 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के प्रदर्शन की समीक्षा की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के आरआरबी के प्रदर्शन की समीक्षा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव, डीएफएस के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकारों के अधिकारी, सिडबी, नाबार्ड के प्रतिनिधि, आरआरबी के हितधारक और प्रायोजक बैंक भी शामिल हुए। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के कारण वित्त मंत्री देश भर के आरआरबी के प्रदर्शन की समीक्षा रही हैं।

# रिजर्व बैंक ने साउथ इंडियन बैंक पर लगाया भारी जुर्माना, डिपॉजिट को लेकर मिली थीं शिकायतें

नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक देश के बैंकों का नियामक है और बैंकों में मिलने वाली किसी भी अनियमितता पर एक्शन लेता रहता है। रिजर्व बैंक की ओर से समय-समय पर कई बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के खिलाफ कदम लेने की खबरें आती रहती हैं। ताजा खबर में रिजर्व बैंक ने एक और बड़े बैंक के खिलाफ एक्शन लिया है और इस पर लाखों रुपये का जुर्माना ठोका है।




**रिजर्व बैंक ने साउथ इंडियन बैंक पर लगाया 59.20 लाख रुपये का जुर्माना**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिपॉजिट पर ब्याज दर और बैंकों में कस्टमर सर्विसेज पर कुछ निर्देशों के कंप्लाइंस (अनुपालन) में खामी के लिए साउथ इंडियन बैंक पर 59.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक ने यह जानकारी दी है। बैंक की 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय स्थिति के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक के ऑडिट वैल्यूएन के लिए एक टेस्ट किया गया था।

**आरबीआई ने साउथ इंडियन बैंक को जारी किया था नोटिस**

आरबीआई के निर्देशों और संबंधित कॉरोस्पोंडेंस के नॉन कंप्लाइंस के आधार पर साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए वर्बल प्रेसेंटेशन पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि बैंक के खिलाफ लगाए गए आरोप सही हैं, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना या मॉनिट्री पेनल्टी लगाया जाना जरूरी है। आरबीआई ने कहा कि साउथ इंडियन बैंक ने एसएमएस या ई-मेल या लेटर के जरिए कुछ कस्टमर्स को जानकारी दिए बिना मिनिमम बैलेंस/एवरेज मिनिमम बैलेंस रकम न बनाए रखने पर पेनल्टी और चार्ज लगाए थे। इसके खिलाफ आरबीआई ने बैंक के खिलाफ ये कार्रवाई की है। आरबीआई ने कहा कि यह जुर्माना वैधानिक और रेगुलेरी कंप्लाइंस में कमियों पर आधारित है।

# दिल्ली, मुंबई, लखनऊ में प्याज की कीमतें आसमान छू रहीं, आम लोगों की बढ़ी परेशानी

नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। प्याज की कीमतों में उछाल के कारण दिल्ली, मुंबई और लखनऊ समेत देश के कई शहरों में लोगों की आंखें नम होने लगी है। इससे ग्राहक और विक्रेता दोनों परेशान हैं। थोक बाजारों में प्याज की कीमत 40-60 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। एएनआई से बात करते हुए, दिल्ली के एक बाजार में एक विक्रेता ने कहा, प्याज की कीमत 60 रुपये से बढ़कर 70 रुपये प्रति किलो हो गई है। हम इसे मंडी से खरीदते हैं, इसलिए वहां से हमें जो कीमतें मिलती हैं, वे उस कीमत को प्रभावित करती हैं, जिस पर हम इसे बेचते हैं। कीमतों में बढ़ोतरी के कारण बिक्री में कमी आई है, लेकिन लोग इसे अभी भी खरीद रहे हैं क्योंकि यह यहां के खाने की आदतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी पर एक खरीदार फैजा ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा, याज की कीमत बढ़ गई है, जबकि मौसम के हिसाब से इसमें कमी आनी चाहिए थी। मैंने 70 रुपये प्रति किलो प्याज खरीदा। इसने घर में खाने-पीने की आदतों को प्रभावित किया है। मैं सरकार से अपील करता हूं कि कम से कम हर दिन खाई जाने वाली सब्जियों की कीमतें कम करें। 8 नवंबर 2024 तक दिल्ली में प्याज की कीमत लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम रही। मुंबई के बाजारों समेत देश



के कई राज्यों में प्याज की कीमत में उछाल आया है। मुंबई के एक खरीदार डॉ. खान ने एएनआई से कीमतों में उछाल के बारे में बात की और कहा, प्याज और लहसुन की कीमत कई गुना बढ़ गई है। यह दोगुनी हो गई है। इससे घर का बजट भी प्रभावित हुआ है। मैंने 360 रुपये में 5 किलो प्याज खरीदा। एक अन्य खरीदार आकाश ने कहा, प्याज की कीमतें बढ़ गई हैं। प्याज की कीमत 40-60 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 70-80 रुपये प्रति किलो हो गई है। लेकिन सेंसेक्स की तेजी और गिरावट की तरह प्याज की कीमत में भी गिरावट आएगी। बाजार में एक विक्रेता किशोर ने कहा, प्याज की कीमत में महंगाई की वजह से उछाल आया है। कीमत 60 से 70-75 रुपये तक बढ़ गई है, लेकिन यह एक मुख्य सब्जी है, इसलिए उपभोक्ता इसे खरीद रहे हैं। देशभर में प्याज की कीमत में उछाल आया है और यह सब्जी 80 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे में बिक रही है।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही गिरावट : सोना 1,043 रुपए गिरकर 77,382 रुपए पर आया, चांदी 91,130 रुपए प्रति किलो बिक रही

नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 2 नवंबर को सोना 78,425 रुपए पर था, जो अब (9 नवंबर) को 77,382 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,043 रुपए कम हुई है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 93,501 रुपए पर थी, जो अब 91,130 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है।इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 2,371 रुपए कम हुई है। वहीं 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,510 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत



72,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,360 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 72,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 79,360 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,360 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,410 रुपए है

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,850 रुपये है।

# पीयूष गोयल बोले- 21वीं सदी भारत की

## 25 साल में 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा देश



नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। भारत की विकास गाथा देश की मौजूदा 3.5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था को अगले 25 साल में 35 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचा देगी। 10 गुना की यह तेज बढ़ोतरी भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद के दम पर है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को अमेजिंग गोवा ग्लोबल बिजनेस समिट-2024 के उद्घाटन सत्र में कहा, 21वीं सदी भारत की है और यह तीन साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी बनने की राह पर है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। आज हम जो कर रहे हैं, वह सबसे बेहतर व सबसे व्यापक है। मंत्री ने कहा, हम 2047 तक भारत को विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए केंद्रित दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सबसे कम जोखिम वाले देशों में से एक है।

**पिछले 10 साल में दोगुना प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया**

गोयल ने कहा, हम सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं। कम महंगाई, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल की वजह से देश में पिछले 10 साल में उससे पिछले दशक की तुलना में दोगुना प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। इस तीन दिवसीय समिट में तटीय राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न सत्र, बिजनेस-टु-बिजनेस बैठकें और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# 25 साल में भारत करेगा कमाल: 35 हजार अरब डालर होगी जीडीपी

नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। अगले 25 साल भारत के नाम होने वाले हैं। देश के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने साफ कर दिया है कि भारत की इकोनॉमी का साइज 25 साल के बाद डबल हो जाएगा। इसका मतलब है कि भारत की मौजूदा जीडपी 3. 5 ट्रिलियन डॉलर से 35 ट्रिलियन हो जाएगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की विकास गाथा देश की मौजूदा 3,500 अरब डॉलर की इकोनॉमी को अगले 25 साल में 35,000 अरब डॉलर तक पहुंचा देगी। अमेजिंग गोवा ग्लोबल बिजनेस समिट 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि 21वीं सदी भारत की है और यह तीन साल में तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। वाइब्रेंट गोवा फाउंडेशन की पहल पर आयोजित शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु सहित कई अन्य हस्तियां मौजूद रहीं।

**25 साल में 10 गुना होगा इजाफा**

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सही कहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है...आज हम जो कर रहे हैं, वह सबसे बेहतर और सबसे व्यापक है। उन्होंने कहा कि हम 2047 तक भारत को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए केंद्रित दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं, जब (2047 में) हम स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएंगे। मंत्री ने कहा कि भारत की विकास गाथा अगले 25 साल में हमारी अर्थव्यवस्था को 3,500 अरब अमेरिकी डॉलर से 35,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा देगी। गोयल ने कहा कि यह 10 गुना वृद्धि भारत




की मजबूत आर्थिक बुनियाद के दम पर है। हम सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं। कम मुद्रास्फीति, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल की वजह से देश में पिछले 10 साल में उससे पिछले दशक की तुलना में दोगुना प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

**ग्लोबल मैप पर होगी गोवा की पहचान**

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इस मौके पर कहा कि गोवा प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज हम यहां नए गोवा को पेश करने आए हैं, जो भविष्य में एक जीवंत निवेश गंतव्य के रूप में उभरने के लिए तैयार है। हम पर्यटन से आगे बढ़कर राज्य को उभरते उद्योगों का एक संपन्न केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो गोवा को वैश्विक मानचित्र पर पहचान दिलाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत जोखिम विश्लेषण के मामले में सबसे कम जोखिम वाले देशों में से एक है। इस तीन दिवसीय अमेजिंग गोवा ग्लोबल बिजनेस समिट 2024 में तटीय राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न सत्र, बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# अमेरिका में ट्रंप की जीत से एलन मस्क की बल्ले-बल्ले

## टेस्ला का मार्केट कैप एक ट्रिलियन डॉलर के पार

नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप जीत के बाद उनके समर्थन में खुलकर उतरे एलन मस्क को बड़ा फायदा होता दिख रहा है। ट्रंप की जीत के बाद शुक्रवार को उनकी कंपनी टेस्ला का बाजार मूल्य तेजी से बढ़कर 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 84 हजार करोड़ रुपये) के स्तर को पार कर गया। निवेशकों को इस बात पर भरोसा जताया है कि ट्रंप की जीत से एलन मस्क की कंपनियों को फायदा मिलेगा। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी के शेयर शुक्रवार को 8.2 प्रतिशत बढ़कर 321.22 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर पहुंच गए, जिससे कंपनी का मूल्यांकन दो वर्षों से अधिक समय में पहली बार ट्रिलियन डॉलर के स्तर से ऊपर पहुंच गया। स सप्ताह स्टॉक में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे बाजार



पूंजीकरण में 230 बिलियन डॉलर से अधिक की वृद्धि हुई, जो जनवरी 2023 के बाद से इसका सर्वश्रेष्ठ स्तर है। सीएफआरए रिसर्च के वरिष्ठ इक्विटी विश्लेषक गैरेट नेल्सन के अनुसार, टेस्ला और सीईओ एलन मस्क शायद चुनाव परिणाम के बाद सबसे बड़े विजेता हैं, और हमारा मानना है कि ट्रम्प की जीत कंपनी की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक के विनियामक अनुमोदन में तेजी लाने में मदद करेगी। एक सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि अरबपति टेस्ला की योजना के अनुसार स्वचालित वाहनों के अनुकूल विनियमन के लिए दबाव डाल सकते हैं, और अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन को टेस्ला की वर्तमान चालक-सहायता प्रणालियों की सुरक्षा से संबंधित संभावित प्रवर्तन कार्रवाइयों पर रोक लगाने के लिए राजी कर सकते हैं। मस्क ने 30,000 डॉलर से कम कीमत वाली किफायती कार बनाने की योजना को छोड़कर, स्व-चालित वाहन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया है। हालांकि, विकास और विनियामक बाधाओं के कारण ऐसी प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण में देरी हुई है है। मॉर्निंगस्टार के इक्विटी रणनीतिकार डेविड व्हिस्टन ने कहा, यदि मस्क ट्रम्प को संघीय स्तर पर स्वायत्त वाहन नियम बनाने करने के लिए राजी कर लेते हैं, तो हमें लगता है कि यह ऑटो उद्योग के लिए अच्छी बात होगी, क्योंकि हमें लगता है कि कंपनियां एक ही नियम चाहती हैं, न कि प्रत्येक राज्य अपने स्वयं के नियम बनाए। फोर्ब्स रियल-टाइम अरबपतियों की सूची के अनुसार, मस्क की संपत्ति 300 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई है। अक्तूबर के अंत में टेस्ला के शेयरों में उछाल आया, जब कंपनी ने तिमाही लाभ मार्जिन में वृद्धि की सूचना दी तथा अगले वर्ष डिलीवरी में 20 से 30 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया। टेस्ला वर्षों से विश्व की सबसे मूल्यवान कार निर्माता कंपनी रही है, जबकि जापान की टोयोटा मोटर और चीन की बीवाईडी और अन्य कंपनियां इसकी तुलना में काफी पीछे हैं।

# 35 पैसे के शेयर ने बना दिया करोड़पति

**एक साल में 2300% से ज्यादा रिटर्न, रोज लग रहा अपर सर्किट**

नई दिल्ली,9 नवंबर (एजेंसियां)। शेयर मार्केट में कई शेयर निवेशकों को बेहद कम समय में करोड़पति बना रहे हैं। इनमें ऐसे भी शेयर हैं जिनकी कीमत कभी एक रुपये से भी कम रही थी। आज भी इन शेयरों की कीमत बहुत ज्यादा नहीं है। ऐसा ही एक शेयर इस समय धमाल मचा रहा है। इस शेयर ने बेहद कम समय में निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। खास बात यह है कि इसमें पिछले काफी समय से लगातार 2% का अपर सर्किट लग रहा है। हम जिस मल्टीबैगर शेयर की बात कर रहे हैं उसका नाम बिट्स लिमिटेड है। एक साल में इसने 2300 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। यही नहीं, इस शेयर ने 14 महीने में निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। 14 महीने पहले इसके शेयर की कीमत मात्र 35 पैसे थी। अभी इसकी कीमत 24.41 रुपये है।इस शेयर ने दो महीने से भी कम समय में निवेश को जबरदस्त रिटर्न दिया है। 18 सितंबर को इसके शेयर की कीमत 12.32 रुपये थी। अब 24.41 रुपये है। ऐसे में इसने दो महीने से कम समय में निवेशकों को रकम को दोगुना कर दिया है। 6 महीने में इस शेयर ने निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। यह रिटर्न 200, 300 फीसदी नहीं, बल्कि 700 फीसदी से ज्यादा है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय -06-22
सूर्यास्त. -17-37
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे | तुला-- | 04-39 | बजे |
| चंद्र- | कुंभ | मे | वृश्चिक- | 06-49 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | धनु---- | 09-03 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | मकर... | 11-09 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कुंभ- | 13-00 | बजे |
| शुक्र- | धनु | मे | मीन- | 14-38 | बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मेष--- | 16-13 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृष--- | 18-00 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मिथुन | 20-00 | बजे |
| | | | कर्क-- | 22-11 | बजे |
| | | | सिंह--- | 00-23 | बजे |
| | | | कन्या-- | 02-34 | बजे |

दिशाशूल -- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी 21-01 तक उपरान्त दशमीं
मास - कार्तिक शुक्ल, रविवार 10 November
नक्षत्र - धनिष्ठा 10-59 तक उपरान्त शतभिषा
योग - धुव्र 01-41 तक उप व्याघात
करण- बालव 09-57 तक उप कौलव
विशेषः-
व्रत -त्योहार - अक्षय आंवला नवमी

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 16:15 से 17:40 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:22 - 07:45 | अशुभ | शुभ. | 17:37 - 19:15 | शुभ |
| चंचल | 07:45 - 09:10 | शुभ | अमृत | 19:15 - 20:50 | शुभ |
| लाभ | 09:10 - 10:35 | शुभ | चंचल | 20:50 - 22:25 | शुभ |
| अमृत | 10:35 - 11:59 | शुभ | रोग | 22:25 - 00:00 | अशुभ |
| काल | 11:59 - 13:25 | अशुभ | काल. | 00:00 - 01:35 | अशुभ |
| शुभ. | 13:25 - 14:50 | शुभ | लाभ | 01:35 - 03:10 | शुभ |
| रोग | 14:50 - 16:15 | अशुभ | उत्पात | 03:10 - 04:45 | अशुभ |
| उत्पात | 16:15 - 17:37 | अशुभ | शुभ. | 04:45 - 06:22 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे । आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करने के लिए भी उतावले हैं । परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा । शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी । दिन बाधारहित गुजरेगा । यात्रा कर सकते हैं ,सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती है ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है,कुछ मजेदार भी नही हो रहा । अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शामिल करें । अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें ताकि एकाग्रता से काम कर पायें ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आप एडजस्ट करने के मूड में रहेंगे |आपकी लोगों से मिलकर और बातचीत के जरिये किसी समझौते पर पहुचने की कोशिश से आप सबको बहुत अच्छे लगेंगे । आप तुरंत किसी भी समस्या का समाधान निकाल लेंगे । आप इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि किस तरह आपके आसपास और खुद को भी खूबसूरत बनाकर रखा जाए और सारे कार्यक्रम तय योजना के अनुसार अच्छे से पूरा हो जाए ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आप बदली हुई भूमिका में हैं ,आप बेहतर वक्ता तो हमेशा से रहे ही हैं,अब आप बेहतर श्रोता भी बन गये हैं ।अब सबको यह पता चल जाएगा कि आप आत्म केन्द्रित नहीं हैं और दूसरों की भलाई के लिए भी काम करने की इच्छा रखते हैं । एक चालीस वर्षीय महिला आपकी बहुत मदद करेगी ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे । अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं । अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे । किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा । बोलते हुए सावधान रहें । किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
पिछले कुछ समय से आप आवेग के प्रभाव में आकर फैसले ले रहें हैं ,लेकिन आज आपको योजना बनाकर सही ढंग से काम करने की महता का पता चलेगा । इसी से आपकी प्रवृति बदल जायेगी और आपके काम का ढंग नियोजित होता जाएगा । योजना बनाने के लिए कभी देर नही होती,जब जागो तभी सवेरा । योजना बनाकर आप सभी कामो को सही ढंग से कर भी पायेंगे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपको आज कोई अप्रत्याशित अनुभव हो सकता है । ऐसा नही है कि आप इससे परेशान ही होंगे लेकिन इससे आपके मन में हलचल जरूर मच जायेगी ।इससे आपके दृष्टिकोण में ख़ासा बदलाव भी आ सकता है । अपनी भावनाओं को व्यक्त करने न घबराएं लेकिन यह समय अपने स्थान पर दूसरों की भावनात्मक मांगों को प्राथमिकता देने के लिए अधिक उपयुक्त है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
अपने वादों का सम्मान करें । आपको इसके लिए अपने मजे तथा आनंद के समय से समझौता करना पड़ सकता है परन्तु अगर आप दूसरों को दुःख नही पहुंचना चाहते तो आपको यह करना पड़ेगा । आपकी कल्पनात्मक शक्ति आपको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता करेगी । आप मानवीय आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं, आपकी प्रगति तय है ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आपको गृहों की स्थिति के कारण हर भावना काफी गहन प्रतीत होगी । आपको प्यार और नफरत दोनों ही का बहुत गहनता से अनुभव होगा । आपको यह समझाने वाले अवसर भी आयेंगे कि आप किस कारण अब अपने करीबी दोस्तों से पुरानी भावना से बात नही कर पा रहे? हालाँकि तुरंत कोई भी फैसला लेने के स्थान पुर रूककर और सोच समझकर कदम उठाना ही सही होगा ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप अधिकार जताने के मूड में हैं । आप सबसे आगे रहकर अपना अधिकार जताना चाहते हैं । इस बारे में सावधान रहें कि आपको अभिमानी न समझा जाए । आप न चाहते हुए भी किसी को परेशान कर सकते हैं । अगर आपको लगता भी है कि आप सब जानते हैं और सबसे बेहतर कर सकते हैं तब भी कार्य में औरों का सहयोग लेने की कोशिश करें ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपके लिए अच्छा दिन है । आपका सुंदर व्यक्तित्व दूसरों को आकर्षित करेगा । आज आप कुछ भी करें,सफलता मिलेगी । आप काफी लोकप्रिय हैं ।आप सृजनात्मक भी हैं और नम्र भी ,आपके इन्ही गुणों ने आपको इस मुकाम पर पहुंचाया है । चालाकी और अभिमान को आने दिये बिना इसी रास्ते पर चलते रहें ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
यह समय अपने लक्ष्य के लिए गंभीरता से कोशिश करने का है ,आपको बहुत जल्दी इसका फल भी मिलेगा । आप अभी कुछ बातों के बारे में सोच रहे थे,उनको कार्यान्वित करने का समय आ गया है । आपको अपना सारा ध्यान अब इसी पर लगाना होगा । हालाँकि आप इसके कारण बहुत व्यस्त रहेंगे ,लेकिन आपको इसका अच्छा फल भी जल्दी मिलेगा और आपकी सफलता की इच्छा बढ़ेगी ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# गडकरी बोले- छत्तीसगढ़ एनएच का नेटवर्क अमेरिका की तरह होगा

## 2 साल के अंदर होगा काम, रायपुर में 4 और फ्लाईओवर बनेंगे

रायपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रायपुर में कहा कि छत्तीसगढ़ नेशनल हाइवे का नेटवर्क 2 साल के अंदर अमेरिका की तरह होगा। वहीं रायपुर में 4 फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति दी है। इसमें सरोना, तेलीबांधा, उद्योग भवन, धनेली जंक्शन पर फ्लाईओवर की मंजूरी मिली है। इसके लिए 20 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की है। इसके साथ ही फोर लेन और डबल लेन की डीपीआर की स्वीकृति दी है। इस दौरान गडकरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पानी की कमी है, इसलिए हमारे यहां 10 हजार किसानों ने आत्महत्या की। गडकरी ने कहा कि रोड बनाते हैं तो पेड़ काटे नहीं उसका ट्रांसप्लांट करें। एनएचा पर अब तक हमने साढ़े 3 करोड़ पेड़ ट्रांसप्लांट किए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार को रायपुर पहुंचे। मंत्री यहां प्रदेश में पहली बार होने जाने रहे भारतीय सड़क कांग्रेस अधिवेशन में शामिल हुए। रायपुर इस 83वें कॉन्फ्रेंस की मेजबानी करेगा। ये अधिवेशन 11 नवंबर तक शहर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में होगा।



डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रकृति की अकूत संपदा है, जाहिर है कि अगर यातायात और ट्रांसपोर्ट करना है तो उसके लिए सड़कें दुरुस्त होनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा सड़कें होंगी तो हम भी देश के विकास की भागीदारी में अपना सहयोग और बेहतर तरीके से दे पाएंगे। भारत की हर मेट्रो सिटी के बड़े डेवलपर्स इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर जैसे देशों के कंस्ट्रक्शन एक्सपर्ट और वैज्ञानिक भी यहां पहुंचेंगे। 4 दिनों तक चलने वाले इस अधिवेशन में रोड कंस्ट्रक्शन से जुड़ी नई तकनीक पर चर्चा होगी। देशभर से 3000 प्रतिनिधि इस अधिवेशन में शामिल होने रायपुर पहुंच रहे हैं। दुनिया में निर्माण के क्षेत्र में जो नई टेक्नोलॉजी आ रही है, जो नए प्रयोग हो रहे हैं उन सब पर यहां चर्चा होगी। हमने निर्धारित किया है कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति सभ्यता से पूरे देश के लोगों को परिचित करा सकें। उप मुख्यमंत्री साव ने एनएमडीसी, एनटीपीसी, सेल (भिलाई स्टील प्लांट), छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी और कई विकास निगमों के स्टॉल और प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिथियों को छत्तीसगढ़ की कला, शिल्प और लोक संस्कृति से अवगत कराने छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग, पर्यटन, संजीवनी, वन विकास के स्टॉल्स का भी समुचित समायोजन आयोजन स्थल पर करने को कहा। कार्यक्रम में तकनीकी प्रदर्शनी भी होगी और युवा इंजीनियरों के लिए प्रतियोगिताएं होंगी। एनआईटी, आईआईटी और अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों के 60 स्टूडेंट्स को आईआरसी का मेंबर बनाया जाएगा। इस दौरान सड़क से संबंधित अविष्कारों पर प्रेजेंटेशन होंगे और उन पर चर्चा भी होंगी। सेमिनार से आए उपयोगी सुझावों पर अमल भी किया जाएगा। सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 1929 में जयकर कमेटी का गठन किया गया था। इसके सुझावों पर 1934 में भारतीय सड़क कांग्रेस की स्थापना की गई थी। इसके जरिए राष्ट्रीय स्तर पर सड़कों के विकास के लिए मानक और स्पेसिफिकेशन का निर्धारण किया जाता है।

अधिवेशन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आज सुदेश भोसले, अनूप जलोटा और कई कलाकारों की परफॉर्मेंस होंगी।

# अमित जोश एनकाउंटर केस, 3 सदस्यीय टीम करेगी जांच

## भिलाई पुलिस ने 16 राउंड की फायरिंग, क्राइम सीन से ब्लड सैंपल, बुलेट और 8 खोखे जब्त

भिलाई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में पुलिस ने कुख्यात अपराधी अमित जोश को एनकाउंटर में मार गिराया है। पुलिस ने 16 राउंड फायरिंग की है। वहीं अमित ने 6-7 बार गोली चलाई है। एक गोली पुलिस की गाड़ी में भी धंसी। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन के लिए 3 सदस्यीय टीम गठित की गई है। मॉनिटरिंग सिटी एएसपी सुखनंदन राठौर कर रहे हैं। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि एनकाउंटर के बाद क्राइम सीन को सुरक्षित कर दिया गया है। घटना स्थल पर ब्लड के सैंपल, आरोपी के कपड़े और अन्य सामानों को जुटाया गया। एफएसएल के डॉक्टर मोहन पटले ने सबूतों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। सीएसपी ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल से 8 से अधिक गोलियों के खोखे और बुलेट को जब्त किया है। इसके अलावा अमित जोश के गन से फायर बुलेट पुलिस की गाड़ी में धंसी थी। पुलिस ने उस बुलेट को भी बरामद किया है। सभी बुलेट को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अमित जोश के एनकाउंटर के लिए दुर्ग पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने एनकाउंटर टीम को प्रमोशन और सम्मान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्यपाल रामेन डेका को पत्र लिखा है।



एसपी- जितेन्द्र शुक्ला

डीएसपी- हेम प्रकाश नायक

मृतक- अमित जोश

विधायक ने लिखा कि जिस बहादुरी के साथ एसीसीयू की टीम ने अपराधी का सामना किया और जवाबी फायरिंग में मार गिराया वह सम्मान की हकदार है। साथ ही पुलिस के लिए चुनौती बने असामाजिक तत्वों के लिए कड़ा संदेश के साथ वर्दी पर हमला करने वालों को सबक भी है।

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि 10 महीनों में दो-दो एसपी कॉन्फ्रेंस कर सीएम विष्णुदेव साय ने पुलिस को अपराधियों से कड़ाई से निपटने ताकीद कर दिया था। ऐसे हालातों में 35 अपराधों में लिप्त अमित जोश का एनकाउंटर अपराधियों के लिए एक बड़ा संदेश और पुलिस टीम की बहादुरी का प्रमाण भी है। दरअसल, बदमाश अमित जोश पर पुलिस लगातार नजर बनाकर रखी थी। इसी बीच पता चला कि वह पिछले 3 दिनों से भिलाई में है। हाल ही जेल से छूटे अपने जीजा लकी जॉर्ज से मिलने भिलाई पहुंचा। जैसे ही इसकी जानकारी क्राइम ब्रांच को हुई, एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची। आरोपी को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई। जोश के ठिकाने पर छापेमारी की गई। लॉज से लेकर हर जगहों पर तलाशी की गई। इस दौरान शुक्रवार को पुलिस और आरोपी की जयंती स्टेडियम के पास आमना-सामना हो गया।

# पेट के बल लेटी महिलाएं, ऊपर से चले बैगा

## धमतरी के मां अंगारमोती माता मंदिर में संतान प्राप्ति की मान्यता, 52 गांवों से आते हैं देवी-देवता

धमतरी, 9 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में अंगारमोती माता का मंदिर है, जहां दिवाली के बाद शुक्रवार को मंडई मेला लगा। जिसमें 52 गांव से देवी-देवता, डांग, डोरी, बैगा, सिरहा और गायता पुजारी पहुंचे। इसी दौरान संतान प्राप्ति के लिए सैकड़ों महिलाएं मंदिर प्रांगण में पेट के बल लेट गई। जिनके ऊपर से बैगा के गुजरने का वीडियो सामने आया है। मान्यता है कि, ऐसा करने से महिलाओं को संतान की प्राप्ति होती है। इसे करने के लिए महिलाएं बाहें फैलाकर नींबू, नारियल और अन्य पूजा सामग्री लेकर पेट के बल लेटी रहीं। मान्यता है कि, जिस भी महिला पर बैगा के पैर पड़ते हैं, उसे संतान के रूप में माता अंगारमोती का आशीर्वाद मिलता है। उसकी सूनी गोद भर जाती है। मनोकामना पूरी होने के बाद इच्छा अनुसार महिलाएं फल चढ़ाती है। यह परंपरा कई सालों से परंपरा चली आ रही है, जो देर रात देर रात तक चलती है। संतान के लिए आधुनिकतम टेस्ट ट्यूब और आईवीएफ तकनीक के दौर में भी महिलाओं के इसका लाभ मिल रहा है। दरअसल, धमतरी के गंगरेल में आदिशक्ति मां अंगारमोती माता विराजमान है। यहां श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। गंगरेल की मां अंगारमोती माता के प्रांगण में जिले भर में सबसे पहले मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। मन्नत पूरी करने पहुंची महिला सविता साहू, दुर्गा कश्यप, सुनीता देवांगन, पूजा और नंदनी का कहना है कि, मां अंगारमोती माता के बारे में सुनने के बाद वो भी माता के दरबार पहुंची हैं। माता के दरबार में आने से हर मनोकामना पूरी हो जाती है।



ज्यादातर महिलाओं की शादी को 3 साल हो गए, लेकिन बच्चा नहीं हुआ है। मां अंगारमोती माता के बारे में सुनकर गंगरेल में मन्नत के लिए सुबह 4 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मनोकामना के लिए खड़ी रही। महिलाएं शाम को हाथ में नारियल और पूजा सामग्री लेकर पेट के बल लेट गई।

# बलरामपुर में कोहरा छंटने से मौसम हुआ सामान्य

## लोगों को लेना पड़ रहा था अलाव का सहारा विजिबिलिटी थी कम, हफ्तेभर में फिर लुढ़केगा पारा

रायपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में दिन और रात के वक्त ठंड का अहसास होने लगा है। बलरामपुर जिला बीते कुछ दिनों से ठंड की चपेट में था, हालांकि कोहरा छंटने से अब यहां मौसम सामान्य हो गया है। धुंध छाने से जिले में लगातार रात का तापमान गिर रहा था, जिससे ठंड बढ़ गई थी। दो दिन पहले जिले में कोहरा छाने से विजिबिलिटी में कमी आई थी। सुबह और शाम के वक्त लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा था। मौसम विभाग के मुताबिक अगले सप्ताह से प्रदेशभर में ठंड और बढ़ेगी। आमतौर पर यहां 15 नवंबर के बाद ही ठंड बढ़ती है, इस साल भी यही संकेत मिल रहे हैं। हालांकि पिछले दिनों की तुलना में तापमान में थोड़ी गिरावट आई है। छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान स्थिर है। ज्यादातर जिलों में रात का पारा 16 डिग्री से 20 डिग्री के बीच है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे ठंडा बलरामपुर रहा, यहां रात का तापमान 15.7 डिग्री रहा। वहीं सबसे गर्म दुर्ग रहा, यहां अधिकतम तापमान 33.2°C दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव के आसार नहीं है। फिलहाल अभी रायपुर समेत कई जिलों में दिन में गर्मी महसूस हो रही है। लेकिन रात में हल्की ठंड पड़ने लगी है। आज मौसम साफ रहेगा।

सुबह धूप निकलने से पहले रायपुर में हल्की धुंध रही। मौसम विभाग के मुताबिक आज दिन का तापमान 32 डिग्री और रात का तापमान 20 डिग्री के आस-पास रहने की संभावना है। शुक्रवार को बिलासपुर में 31 डिग्री, कोरबा 32, रायपुर 32.5, दुर्ग 33.2 और दंतेवाड़ा में 33 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

# कोल्हान में टेंशन और ईगो की जंग

## बाप-बेटा का भविष्य दांव पर, पत्नी-बहू का प्रदर्शन तय करेगा पूर्व सीएम का दम

रांची, 9 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड की 43 सीटों पर पहले चरण में 13 नवंबर को वोट पड़ेंगे। इसमें सबसे बड़ी लड़ाई कोल्हान में हो रही है। यहां राजनीति का हर दांव-पेंच इस्तेमाल किया जा रहा है। टेंशन, ईगो और ओवर कॉन्फिडेंस का जलवा भी दिख रहा है। कोल्हान की 14 सीटों पर चार पूर्व सीएम के रिश्तेदारों और तीन मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। पहले फेज की सबसे हॉट सीट सरायकेला विधानसभा है। भाजपा ने यहां से 'कोल्हान टाइगर' चंपाई सोरेन को टिकट दिया है। उनके खिलाफ जेएमएम ने भाजपा के पुराने नेता गणेश महली को उतारा है। यहां दोनों के बीच सीधा मुकाबला है। झारखंड बनने के बाद 2005 से सरायकेला सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा रहा है। यहां से चंपाई सोरेन जेएमएम के सिंबल पर लगातार चुनाव जीतते रहे हैं। 2005 में पहला विधानसभा चुनाव हुआ, तब चंपाई ने भाजपा के लक्ष्मण टुडू को 882 वोटों से हराया था। 2010 में दोनों फिर एक-दूसरे के सामने थे। तब चंपाई 3,246 वोटों से जीते थे। 2014 और 2019 में चंपाई ने भाजपा कैंडिडेट गणेश महली को हराया। सरायकेला सीट पर जेएमएम को जिताते आ रहे चंपाई अब भाजपा में हैं। जेएमएम ने भाजपा के बागी नेता गणेश महली को चंपाई के खिलाफ टिकट दिया है। सरायकेला में सबसे ज्यादा वोटर्स आदिवासी कम्युनिटी के हैं। अब तक इनकी बड़ी आबादी जेएमएम का साथ देती आई है। अब चंपाई के पाला बदलने के बाद यहां पेंच फंस गया है। आदिवासी वोटर्स का भरोसा अगर जेएमएम पर कायम रहा, तो गणेश महली को पहली बार इस सीट पर जीत मिल सकती है। हालांकि, ग्राउंड पर माहौल को देखते हुए ऐसा होने की संभावना कम दिख रही है। कुल 3.6 लाख वोटर्स में से 34% आदिवासी वोटर्स हैं। यही जेएमएम के कोर वोटर्स हैं। यहां के आदिवासी जेएमएम के संस्थापक शिबू सोरेन को अपना गुरु मानते हैं। जेएमएम सरकार रहते हुए यहां के आदिवासी गांवों में स्कूल, अस्पताल और हैंडपंप जैसी सुविधाएं दी गईं। इसका प्रभाव वोटर्स पर दिखता है। आदिवासी महिलाओं को मइयां योजना में जेएमएम हर महीने 1 हजार रुपए देती है। चुनाव बाद इसे 2.5 हजार किया जाएगा। ये बात वोटर्स के दिमाग में है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद सरायकेला विधानसभा सीट से भाजपा कभी नहीं जीती।

हालांकि पार्टी यहां नंबर दो रहकर जेएमएम को हमेशा क्लोज फाइट देती रही। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गणेश महली को चंपाई सोरेन के खिलाफ उतारा था।

इस चुनाव में पार्टी जीतते-जीतते हार गई। चंपाई को 94,746 और गणेश को 93,631 वोट मिले। भाजपा महज 1,115 वोट से हार गई। 2019 के चुनाव में चंपाई को 1.1 लाख, जबकि गणेश महली को 95,887 वोट मिले।

# 77 लाख का अफीम धराया, दो गिरफ्तार

## किरायेदार के रूप में रहते थे तस्कर घर से बरामद किया 15 किलो अफीम



खूंटी, 9 नवंबर (एजेंसियां)। खूंटी पुलिस ने तोरपा बाजार टांड स्थित शशिभूषण साहु के घर 15.550 किलोग्राम अफीम बरामद किया है। वहीं इस मामले में जोडन नाग और अल्बर्ट कंडीर को गिरफ्तार किया है। दोनों शशिभूषण साहु के घर किराएदार के रूप में रहते थे। जानकारी के मुताबिक खूंटी एसपी गुप्त सूचना मिली की हेन्देहस्सा का रहने वाला जोडन नाग अपने किराए के मकान में अफीन रखा हुआ है। वहीं उसका दोस्त भी आया हुआ है। दोनों अफीम को बेचने के लिए तत्काल बाहर ले जाने की फिराक में है। प्राप्त सूचना के वेरिफिकेशन के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम ने छापेमारी करते हुए शशिभूषण नाग के घर से दोनों को अरेस्ट किया। पुलिस ने बताया कि छापेमारी के क्रम में 15.550 किग्रा अफीम के साथ-साथ 14 लाख 58 हजार रुपए नगद, एक आर15 मोटरसाईकिल, एक केटीएम ड्यूक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी सहित पांच मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपनी-अपनी संलिप्तता की बात को स्वीकार कर लिया है।

# सरसों तेल से भरे ट्रक में लगी आग

## चालक-परिचालक ने कूदकर बचाई जान, हाईवे पर घंटों लगा रहा जाम

कबीरधाम, 9 नवंबर (एजेंसियां)। शुक्रवार देर रात करीब 2 से तीन बजे के बीच कवर्धा से जबलपुर नेशनल हाईवे सड़क पर एक ट्रक में आग लग गई। ट्रक में सरसों का तेल भरा हुआ था। ट्रक के चालक व परिचालक ने कूद कर अपनी जान बचाई है। घटना कवर्धा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जोराताल से सिंघनपुरी के बीच हुई है। हाईवे सड़क पर ट्रक में आग लगने के कारण दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई।

इस बीच रायपुर से कवर्धा होते हुए जबलपुर जाने वाली यात्री बस भी जाम में फंस गए। ऐसे में यात्रियों को परेशानी हुई। करीब दो घंटे कवर्धा -जबलपुर नेशनल हाईवे जाम रहा। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# आरोपी को ढूंढने यूपी गयी थी पुलिस वापस लौटते समय हुआ सड़क हादसा

## एसआई की मौके पर मौत, आरक्षक समेत तीन घायल

कोरबा, 9 नवंबर (एजेंसियां)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गौरेला थाना क्षेत्र में आज एक बड़ा हादसा हुआ है, हादसे में कोरबा जिले की पाली पुलिस की स्कार्पियो वाहन हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एक सब इंस्पेक्टर की मौके पर मौत हो गई, तो एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। जबकि एक आरक्षक और दो चालको को हल्की चोटे आई है। घटना की सूचना मिलते ही जिले के पुलिस विभाग के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए है। प्रथम दृष्टया हादसे की वजह वाहन के सामने कुत्ते के आ जाने से होना बतलाया जा रहा है। हादसे में एक सब इंस्पेक्टर की मौके पर मौत हो गई, तो एक आरक्षक गंभीर रूप से घायल है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं जबकि एक आरक्षक और दो चालकों को हल्की चोटे आई है। हादसे में सब इंस्पेक्टर विलायत हुसैन की मौके पर मौत हो गई, जबकि आरक्षक शैलेंद्र तंवर को गंभीर चोट आई। एक आरक्षक नारायण कश्यप और दो चालक ड्राइवर गोपी नागवंशी और वरमु चौहान को मामूली चोट आई है। हादसे के वक्त वाहन को गोपी नागवंशी चला रहा था कि वाहन वेंकटनगर रोड से गौरेला की ओर आने सड़क पर मेंढूका गाव के पास आज सुबह सड़क में उनके वाहन के सामने अचानक एक कुत्ते के आ जाने से चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 4 बार पलटते हुए सड़क से 50 मीटर अंदर चले गई।

घटना की सूचना मिलते ही जीपीएम जिले के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घायलों को त्वरित इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। जानकारी के अनुसार पाली पुलिस की टीम 1 सब इंस्पेक्टर 2 आरक्षक और 2 चालको के साथ पाली से 6 तारीख को कानपुर गई हुई थी किसी प्रकरण में आरोपी की पता साजी के लिए और कल कानपुर से वापस पाली आने को निकली थी। इस दौरान सुबह आज यह हादसा हो गया है। फिलहाल गौरेला पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है, तो शव का पोस्टमार्टम के बाद मृतक सब इंस्पेक्टर के परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# अंबाजी तीर्थस्थल में किशोरी से 6 लोगों ने किया गैंगरेप

## परिचित बाइक पर बैठाकर झाड़ियों में ले गया था, बेहोशी की हालत में छोड़कर भागे

अंबाजी, 9 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी क्षेत्र में एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की शर्मनाक घटना सामने आई है। अंबाजी क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग से 6 लोगों ने गैंगरेप किया। आरोपियों ने वारदात के दौरान लड़की के मुंह में कपड़ ठूंस दिया था, जिससे नाबालिग बेहोश हो गई। अंबाजी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नाबालिग अपने बड़े पिता के घर जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान एक परिचित व्यक्ति ने उसे बाइक पर बैठा लिया और इसके बाद उसे सुनसान जगह पर ले गया, जहां 6 लोगों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया। लड़की शोर न मचाए इसलिए आरोपियों ने उसके मुंह में कपड़ा भी ठूंस दिया था। इस वजह से पीड़िता मौके पर ही बेहोश हो गई, तब उसी हालत में सभी उसे छोड़कर भाग निकले। नाबालिग किसी तरह राहगीरों की मदद से घर पहुंची। इस मामले में नाबालिग की मां ने अंबाजी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर अंबाजी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और नाबालिग का मेडिकल चेकअप की भी कार्रवाई शुरू की है। शिकायत में नाबालिग की मां ने आरोपी घोडा टांकणी गांव के होने का जिक्र किया है, जो नाबालिग को बाइक पर बिठाकर छापरी रोड पर सुनसान जगह पर ले गया था।

# एक बार फिर कबाड़ व्यवसायी मुकेश साहू के घर पर जीएसटी का छापा

## गोपनीय ढंग से हो रही कार्रवाई

कोरबा, 9 नवंबर (एजेंसियां)। राताखार थाना क्षेत्र में कबाड़ का व्यवसाय करने वाले मुकेश साहू उर्फ बरबट्टी के गोदाम और घर पर जीएसटी की टीम ने छापेमारी की। रायपुर से आई टीम जांच कर रही है। विभाग की यह कार्रवाई पूरी तरह से गोपनीय ढंग से हो रही है। इस कारण छापेमारी की वजह सामने नहीं आ सकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सर्विस टैक्स में चोरी करने को लेकर जीएसटी ने यह छापा मारा है। विभाग की यह कार्रवाई अब भी जारी है। इस कार्रवाई से कबाड़ के व्यवसाय में लिप्त लोगों में हडकंप की स्थिती देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि रायपुर से टीम चारपहिया वाहन मे सवार होकर दोपहर लगभग एक बजे कोरबा पहुंची और घर पर दबिश दी गई, जहां तमाम दस्तावेज की जांच शुरू की गई। सूत्रों की मानें तो इससे पहले भी इसके ठिकाने पर जीएसटी की टीम छापा मार चुकी है।

# विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगत-पंगत की रथयात्रा रवाना

पटना, 9 नवंबर। राज्यसभा के पूर्व सांसद और राष्ट्रीय संगत-पंगत के संस्थापक डॉ आर के सिन्हा की अगुवाई में राष्ट्रीय संगत-पंगत की रथयात्रा आज यहां आदि चित्रगुप्त मंदिर, नौजर घाट, पटना सिटी से बक्सर जिला के मुरार गांव के लिए रवाना हुई। रथयात्रा में दिल्ली, कानपुर, मिरजापुर, जौनपुर, वाराणसी समेत देश के कई हिस्सों से काफी संख्या में लोग 30 से अधिक गाड़ियों में शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ सिन्हा ने कहा कि हमारी रथयात्रा का पूरी तरह गैर राजनीतिक है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को बिहार की विभूतियों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह रथयात्रा पटना, भोजपुर और बक्सर जिले से होकर गुजरेगी। इसके अंतर्गत हमलोग बिहार निर्माता और भारतीय संविधान सभा के पहले अध्यक्ष रहे स्व डॉ सच्चिदानंद सिन्हा के जन्मस्थान मुरार, लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मस्थान सिगरौल लख और हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार तथा मूर्धन्य संपादक आचार्य शिवपूजन सहाय के पैतृक गांव इटाढ़ी प्रखण्ड के उनवास तक जाएंगे।

रथयात्रा का अगला चरण राष्ट्रीय संगत-पंगत की बैठक में तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धीरे - धीरे हम देशभर में जाएंगे। रथयात्रा का पहला पड़ाव कदम कुआं स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण का आवास (अब महिला चरखा समिति का कार्यालय) रहा जहां डॉ आर के सिन्हा समेत कई गणमान्य लोगों ने जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रभा - जयप्रकाश स्मृति संग्रहालय के प्रभारी अमिताभ रंजन और सुजाता वर्मा ने डॉ सिन्हा की अगवानी की। रथयात्रा का दूसरा पड़ाव सिन्हा लाइब्रेरी रहा, जहां डॉ आर के सिन्हा ने बिहार निर्माता और संविधान सभा के पहले अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# सीएम सोरेन के पीएस के घर आईटी रेड


## रांची-जमशेदपुर में 17 ठिकानों पर छापेमारी, चुनाव में हवाला के जरिए पैसों के लेन-देन का मामला

रांची, 9 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के घर पर इनकम टैक्स की छापेमारी हुई है। टीम ने सुनील कुमार श्रीवास्तव और उनके संबंध रखने वाले 17 ठिकानों पर रेड मारी है। जानकारी के मुताबिक, इनकम टैक्स की रेड रांची में सात जगह और जमशेदपुर में नौ जगह के करीब छापेमारी चल रही है। जमशेदपुर के अंजानिया इस्पात समेत अन्य ठिकानें भी शामिल हैं। छापेमारी को लेकर विस्तृत जानकारी आना बाकी है। इनकम टैक्स की यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब 13 नवंबर को पहले फेज की वोटिंग होनी है। जानकारी के मुताबिक, आयकर विभाग को विधानसभा चुनाव में हवाला के सहारे पैसों की लेन-देन की सूचना मिली थी। इस पर आईटी ने 26 अक्टूबर को रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और कोलकाता में 35 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान करीब 150 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति और निवेश से संबंधित दस्तावेज जब्त किया गया था। साथ ही छापेमारी के दौरान मिली राशि का व्यापारियों के बुक्स ऑफ एकाउंट से मिलान करने के बाद 70 लाख रुपये जब्त कर बैंक में जमा करा दिया गया था। इसके तार झारखंड चुनाव से भी जुड़े हैं। इस छापेमारी को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कुछ दिनों पहले भी इनकम टैक्स विभाग रांची में दो जगहों पर कार्रवाई की थी। इससे पहले 5 नवंबर को 1200 करोड़ के अवैध खनन घोटाले में सीबीआई ने सीएम हेमंत सोरेन के करीबी पंकज मिश्रा के नजदीकियों के 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान जांच एजेंसी ने 60 लाख रुपए कैश, एक किलो सोना, सवा किलो चांदी और 61 जिंदा कारतूस बरामद की थी।

# कट्टरपंथियों ने इस्कॉन पर बैन की मांग की

## रैली में भक्तों के कत्लेआम की धमकी दी, इस्कॉन ने सुरक्षा मांगी

ढाका, 9 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के चिटगांव में कट्टर इस्लामिक संगठन हिफाजत-ए-इस्लाम ने शुक्रवार की नमाज के बाद इस्कॉन के खिलाफ रैली निकाली। इसमें इस्कॉन भक्तों को पकड़ने और उनका कत्ल करने के नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस्कॉन पर बैन नहीं लगाया गया तो वे आंदोलन करेंगे। उन्होंने 5 नवंबर को हजारी लेन इलाके की घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाने की मांग की।




**मुस्लिम व्यापारी की फेसबुक पोस्ट से शुरू हुआ विवाद**

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक मुस्लिम व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकी संगठन कहा था। इससे हिंदू नाराज हो गए थे। उन्होंने 5 नवंबर को चटगांव में हजारी लेन इलाके में उस्मान की दुकान के आगे विरोध प्रदर्शन किया।

आर्मी ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इससे वे और भड़क गए। इसमें 12 पुलिसवाले और कई हिंदू घायल हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके बाद रात में अचानक पुलिस और सेना हजारी लेन पहुंची और स्थानीय हिंदुओं को खूब पीटा। हजारी गली इलाके में करीब 25,000 लोग रहते हैं, इनमें 90% हिंदू हैं। वही, इस्कॉन ने दावा किया है कि हजारी लेन की घटना में उनका हाथ नहीं है। उन्होंने अपने भक्तों की सुरक्षा की मांग भी की है।

**भारत में भी बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा की मांग उठी**

इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हम बांग्लादेश में गंभीर स्थिति से बेहद चिंतित हैं। इस्लामी कट्टरपंथी खुलेआम भक्तों को पकड़ने, उन्हें यातना देने और फिर उन्हें मार डालने की धमकी दे रहे हैं। हम उनकी सुरक्षा के लिए चिंतित हैं। इन हिंसक कार्रवाइयों को रोकने की कोशिश की जानी चाहिए।'

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हैं हमले, 3 महीने में 250 से ज्यादा मामले**

कुछ ही दिन पहले, चटगांव में इस्कॉन संगठन के सचिव चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी उर्फ चंदन कुमार धर पर भी मामला दर्ज किया गया था। उन पर चटगांव के न्यू मार्केट में आजादी स्तंभ पर लगे नेशनल फ्लैग से ऊपर भगवा ध्वज फहराने का आरोप था। इस ध्वज पर 'सनातनी' लिखा हुआ था। बांग्लादेश में 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार गिर गई थी। तब से अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमले के 250 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

# अमेरिका में जहां वोटिंग नियम सख्त वहां ट्रम्प जीते

### 9 राज्यों में जहां आईडी कार्ड जरूरी, वहां कमला हारीं, अप्रवासियों से डेमोक्रेटिक पार्टी को फायदा

वॉशिंगटन, 9 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प को ऐतिहासिक जीत मिली है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद वे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जो 4 साल के अंतर के बाद सत्ता में लौटे हैं। ट्रम्प ने जीत के बाद कहा कि वे अमेरिका में सभी स्विंग स्टेट्स को जीतकर इतिहास बनाने जा रहे हैं। स्विंग स्टेट्स उन राज्यों को कहा जाता है जहां दोनों उम्मीदवारों के बीच वोटों का अन्तर काफी कम रहता है और ये किसी भी ओर जा सकते हैं। ब्लू स्टेट वो राज्य हैं, जहां कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रभाव है। वहीं ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को वोट करने वाले राज्यों को रेड स्टेट कहा जाता है। ट्रम्प ने इन चुनावों में 7 स्विंग स्टेट्स में 5 में जीत हासिल की है और बाकी 2 राज्यों में (नेवादा और एरिजोना) में मजबूत बढ़त बनाई हुई है। इतनी बड़ी जीत के बावजूद ट्रम्प एक भी ब्लू स्टेट नहीं जीत पाए हैं। स्टोरी में आंकड़ों के आधार पर समझते हैं कि ट्रम्प एक भी ब्लू स्टेट क्यों नहीं जीत पाए?

# ट्रंप को बधाई देकर फंसे पीएम शहबाज

## कानून के उल्लंघन का लगा आरोप, X यूजर्स ने एलन मस्क से की शिकायत



इस्लामाबाद, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देना उनके लिए भारी पड़ गया है। उन पर अपनी ही सरकार के दौरान बनाए गए कानूनी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा है। यह पूरा मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से जुड़ा है। दरअसल, एक्स को पाकिस्तान में प्रतिबंधित किया गया है। यह बैन खुद शहबाज शरीफ की सरकार ने लगाया था। हालांकि, शहबाज की तरफ से एक्स पर पोस्ट ने अब उनके लिए ही मुसीबत खड़ी कर दी है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस पाखंडी बैन और वीपीएन के इस्तेमाल का आरोप लगाकर शरीफ को घेरा है।

शहबाज शरीफ ने 6 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए ट्रंप को बधाई दी थी। इसमें उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ आगे करीब से काम करने की इच्छा जताई थी। इसके बाद उनके पोस्ट पर कुछ ही देर बाद एक कम्युनिटी नोट नजर आने लगा। इस पोस्ट में साफ कहा गया कि पीएम शहबाज शरीफ ने खुद एक्स को पाकिस्तान में प्रतिबंधित किया है। लेकिन वह खुद वीपीएन के जरिए एक्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो कि पाकिस्तान में गैरकानूनी है।

**क्या बोले सोशल मीडिया यूजर्स?**

जहां पाकिस्तान में आम लोग एक्स से दूर हैं, वहीं प्रधानमंत्री, उनके कैबिनेट मंत्री और सभी मंत्रालय, विदेशी अधिकारी जनता तक पहुंचने के लिए एक्स का उपयोग कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार के इस पाखंड को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स ने निशाना साधा है। एक यूजर ने लिखा- अगर पाखंड का इंसानी चेहरा होता तो वो बिल्कुल शहबाज शरीफ जैसा होता। एक और यूजर ने एलन मस्क को टैग करते हुए लिखा, मिस्टर ट्रंप, ये जोकर आपको बधाई देने के लिए वीपीएन के जरिए एक्स का इस्तेमाल कर रहा है। एलन मस्क, पाकिस्तान में एक्स पर बैन लगाया गया है।

**इस साल की शुरुआत में ही एक्स पर लगा था प्रतिबंध**

पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवारों के आक्रोश के बाद, 17 फरवरी, 2024 से एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

जबकि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पहले ही सोशल मीडिया को शातिर मीडिया घोषित कर चुके हैं और इस डिजिटल आतंकवाद से लड़ने की जरुरत पर जोर दे चुके हैं।

# पाकिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक

## धमाके में 26 लोगों की मौत, इनमें 14 सैनिक, बलूच लिबरेशन आर्मी ने जिम्मेदारी ली



इस्लामाबाद, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। बीएलए प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना मिलिटेंट इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे।

अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गए लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक हैं।

उधर, अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे बीएलए है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक सुसाइड ब्लास्ट लग रहा है। पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जाफर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले यह हादसा हुआ। क्वेटा के एक सीनियर पुलिस अफसर ने कहा कि ट्रेन को 9 बजे पेशावर के लिए रवाना होना था। हादसे के वक्त यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट के वक्त प्लेटफॉर्म पर 100 से ज्यादा लोग थे। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि धमाका बुकिंग ऑफिस के पास हुआ। 26 अगस्त को बीएलए ने रेलवे पुल को ब्लास्ट से उड़ा दिया था। इसके बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवा बंद हो गई थी। करीब डेढ़ महीने बाद 11 अक्टूबर से दोबारा दोनों शहरों के बीच ट्रेन सर्विस शुरू की गई थी। आज 9 नवंबर को क्वेटा से पेशावर जाने वाली ट्रेन के आने से पहले रेलवे स्टेशन पर ब्लास्ट कर दिया गया।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने घटना के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई और तुरंत जांच का आदेश दिया।

# अवामी लीग पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार सख्त

### कहा- 'फासीवादियों' को रैली करने की नहीं देंगे अनुमति

ढाका, 9 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को 'फासीवादी' करार देते हुए कहा कि उसे रविवार की रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी। मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि अंतरिम सरकार देश में किसी भी तरह की हिंसा या कानून-व्यवस्था की स्थिति को तोड़ने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, अपने मौजूदा स्वरूप में अवामी लीग एक फासीवादी पार्टी है।

इस फासीवादी पार्टी को बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि जो कोई भी सामूहिक हत्यारे और तानाशाह शेख हसीना के आदेश पर रैली, सभा और जुलूस आयोजित करने की कोशिश करेगा, उसे कानून लागू करने वाली एजेंसियों की पूरी ताकत का सामना करना पड़ेगा।

# ट्रम्प-जेलेंस्की की बातचीत में मस्क के शामिल होने का दावा

## तीनों की 25 मिनट तक बात हुई, ट्रम्प बोले- यूक्रेन जंग में साथ दूंगा

वॉशिंगटन, 9 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की। एक यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि इस बातचीत में बिजनेसमैन इलॉन मस्क भी शामिल हुए। सबसे पहले अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस ने दावा किया था कि इस बातचीत में मस्क भी शामिल थे। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के एक बड़े अधिकारी ने बातचीत में इस दावे को सही ठहराया। रिपोर्ट में मीटिंग की जानकारी रखने वाले 3 सूत्रों के हवाले से बताया गया कि यह बातचीत 25 मिनट तक चली। इस दौरान ट्रम्प ने जेलेंस्की को भरोसा दिलाया कि वे रूस से चल रही जंग में उनकी मदद करेंगे। ट्रम्प ने जेलेंस्की से कहा कि वे डिप्लोमेसी को एक और मौका देना चाहते हैं। मैं वादा करता हूं कि आप मुझसे निराश नहीं होंगे।



इसके बाद ट्रम्प ने मस्क को फोन थमा दिया। मस्क की जेलेंस्की से बातचीत हुई। जेलेंस्की ने यूक्रेन को इंटरनेट मुहैया कराने के लिए मस्क का धन्यवाद दिया। मस्क ने कहा कि वे अपने स्टारलिंक सैटेलाइट से यूक्रेन की मदद करते रहेंगे। 2022 में जंग शुरू होने के बाद रूस ने यूक्रेन में कम्युनिकेशन नेटवर्क को बर्बाद कर दिया था। इसके बाद से मस्क का स्टारलिंक सिस्टम यूक्रेन में इंटरनेट मुहैया करा रहा है। इससे पहले तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को कहा था कि उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत की थी। उस समय ट्रम्प और मस्क साथ में डिनर कर रहे थे। इस दौरान मस्क का बेटा भी उनके साथ था।

एर्दोगन ने बताया कि उन्होंने ट्रम्प से मिडिल ईस्ट में जंग को रोकने की अपील की थी। उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी मस्क से बातचीत हुई या नहीं। दो वर्ल्ड लीडर्स की बातचीत के बीच मस्क की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में ट्रम्प प्रशासन में टेस्ला चीफ की बड़ी भूमिका हो सकती है। ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वे अपनी आने वाली सरकार में मस्क को किसी सलाहकार की भूमिका में शामिल करना चाहते हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स मस्क ने ट्रम्प के कैंपेन में बड़ा रोल निभाया था। वह पहले ऐसे चर्चित बिजनेसमैन रहे, जिन्होंने खुलकर ट्रम्प के पक्ष में प्रचार किया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्क ने ट्रम्प के प्रचार में करीब 900 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए। राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी प्राप्त करने के बाद अपने पहले संबोधन में ट्रम्प ने जेलेंस्की की आलोचना की थी और उन्हें एक 'शानदार सेल्समैन' बताया था। ट्रम्प का कहना था कि अमेरिकी टैक्सपेयर्स के पैसे को यूक्रेन पर खर्च करने के बजाय, उसे अमेरिकी नागरिकों की भलाई पर खर्च किया जाना चाहिए।

# ईरान की यूनिवर्सिटी में छात्रा ने कपड़े उतारकर भड़का दी चिंगारी

## कट्टर शिया मुल्क में विरोध का नया दौर

तेहरान, 9 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान के तेहरान स्थित आजाद यूनिवर्सिटी की सीढ़ियों पर दो नवंबर को बिना कपड़ों के बैठी अहू दरयाई की तस्वीर देख ईरान की महिलाओं को सहर खोडयारी याद आ गई होगी। 29 साल की फुटबॉल फैन सहर ने पांच साल पहले तेहरान में एक अदालत के सामने खुद को आग लगा ली थी। उसे मोरल पुलिस ने फुटबॉल स्टेडियम से मैच देखते हुए पकड़ा था। आरोप था कि उसने पब्लिक प्लेस पर हिजाब नहीं पहना। विद्रोह की वैसी ही चिंगारी अहू ने भी भड़काई। हिजाब न पहनने पर जब मोरल पुलिस ने उसे पकड़ा, तो उसने अपने कपड़े ही खोलकर रख दिए। दिलचस्प है कि जिस यूनिवर्सिटी और फुटबॉल स्टेडियम में दोनों घटनाएं घटीं, उनके नामों में आजादी शब्द प्रमुखता से दर्ज है। दुनियाभर में महिलाओं का संघर्ष देश के हालात और वक्त के मुताबिक बदलता रहा है, लेकिन ईरान सरीखा सांप-सीढ़ी का खेल कहीं और नहीं दिखता। पुरानी पीढ़ी को 45 साल पहले का मंजर याद होगा, जब इसी तेहरान में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हजारों महिलाएं हाथों में तख्ती लिए पैदल मार्च कर रही थीं, कि क्रांति का मतलब पीछे कदम लेना नहीं होता। दरअसल नए सत्ता-नशीं हुए खुमैनी ने हिजाब को जरूरी बना दिया था। इस आदेश की आधिकारिक भाषा थी, 'महिलाएं वर्कप्लेस पर नग्न होकर न जाएं।' महिलाओं का हल्लाबोल इसी के खिलाफ था, लेकिन सरकारी दमन के आगे किसी की नहीं चली। सरकार तय करने लगी कि महिलाएं क्या और कैसे पहनें। ईरानी महिलाओं ने हर जन आंदोलन में मर्दों का पूरा साथ दिया, इस उम्मीद में कि उन्हें भी बराबर लोकतांत्रिक अधिकार मिलेंगे, लेकिन राजनीति और व्यवस्था ने उन्हें हर बार ठगा। 1895 के तंबाकू विरोध से लेकर 1905-1911 के दरम्यान हुई संवैधानिक क्रांति तक में महिलाओं की क्या भूमिका रही, इसका इब्राहिम तयमोरी की किताब 'तम्बाकू बहिष्कार' में विस्तार से जिक्र है। 16 दिसंबर 1906 को इदलात अखबार में रिपोर्ट पब्लिश हुई कि महिलाओं ने जूलरी देकर आंदोलन को मजबूती दी। हालांकि जब मोजफ्फर अद-दीन शाह काजर ने नए संविधान पर हस्ताक्षर किए, तो उसमें महिलाओं की ओर से एजुकेशन को लेकर दिया गया प्रस्ताव शामिल नहीं था। यहां से महिलाओं की लड़ाई संगठित तौर पर शुरू हुई। इसी दौरान कई महिलावादी संगठनों ने जन्म लिया। द असोसिएशन ऑफ विमिंस फ्रीडम, सीक्रेट लीग ऑफ विमिन, द विमिंस कमिटी जैसी संस्थाओं ने प्रतिरोध की आग को

# जस्टिन ट्रूडो की जुबान से बाहर आ गया सच

## पहली बार कबूला कनाडा में खालिस्तानियों की मौजूदगी

ओटावा, 9 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के साथ कूटनीतिक तनाव के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पहली बार स्वीकार किया है कि उनके देश में खालिस्तानियों की मौजूदगी है। भारत लंबे समय से कनाडा के ऊपर भारत विरोधी चरमपंथियों को जगह देने की बात करता रहा है। कनाडाई प्रधानमंत्री ने एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में देश के अंदर खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों की मौजूदगी को स्वीकार तो किया लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वे सभी सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उन्होंने ओट्टावा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली समारोह के दौरान यह टिप्पणी की थी। ट्रूडो ने कहा, 'कनाडा में खालिस्तान के कई समर्थक हैं, लेकिन वे समूचे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। कनाडा में मोदी सरकार के समर्थक हैं, लेकिन वे समग्र रूप से सभी हिंदू कनाडाई लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उसी तरह कनाडा में मोदी सरकार के समर्थक हैं, लेकिन वे समग्र रूप से सभी हिंदू कनाडाई लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।'

कनाडा और भारत के संबंध उस समय खराब होने शुरू हो गए थे, जब ट्रूडो ने बीते साल आरोप लगाया था कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ था।

# पाकिस्तान के पंजाब में स्मॉग के चलते प्रदूषण बढ़ा

## सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की एंट्री बैन, 17 नवंबर तक स्कूल-कॉलेज भी बंद

लाहौर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते सार्वजनिक जगहों जैसे पार्क, ज़ू, प्लेग्राउंड और म्यूजिम में लोगों की एंट्री भी बैन कर दी है। पंजाब में स्मॉग के बढ़ने की वजह से हवा की क्वालिटी खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। इसके अलावा सभी स्कूल और कॉलेजों को 17 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया है।

लाहौर में गुरुवार को स्मॉग की मोटी परत छाई रही। इस दौरान शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 1000 के खतरनाक स्तर को भी पार कर गया। सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनसे सार्वजनिक जगहों और अनावश्यक बाहर निकलने पर बैन लगा दिया है। शुक्रवार को पंजाब सरकार की तरफ जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि लाहौर,



गुरजनवाला, फैसलाबाद, मुल्तान, शेखुपुरा सहित अन्य 12 शहरों में 17 नवंबर तक ये बैन लागू रहेगा। सरकार पहले स्कूल और कॉलेजों को बंद कर चुकी है। इसके लाहौर समेत 18 जिलों में सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा गया है। पंजाब सरकार ने पिछले हफ्ते ही स्मॉग के चलते चिंता जाहिर की थी। इसके अलावा लाहौर के कई इलाकों में ग्रीन लॉकडाउन भी लागू किया था। इसके अलावा सरकार राज्य में कृत्रिम बारिश भी कराने पर विचार कर रही है।

हालांकि इसकी तारीख तय नहीं हुई है। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने पिछले साल दिसंबर 2023 में यूएई की मदद से स्मॉग से निपटने के लिए एक प्रयोग किया था। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक लाहौर में कृत्रिम बारिश हुई थी। इसमें क्लाउड सीडिंग प्रयोग की वजह से करीब 10 फीसदी इलाकों में बारिश हुई थी। तत्कालीन मंत्री बिलाल अफजल ने कहा था कि कृत्रिम बारिश के बाद एक्यूआई 150 पर आ गया था, लेकिन यह राहत सिर्फ 2-3 दिन के लिए ही थी।

# किलर ड्रोन, फाइटर जेट, पाकिस्तान को हथियारों से पाट रहे तुर्की के खलीफा एर्दोगान

## भारत यूं ले सकता है बदला

अंकारा, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान और तुर्की के बीच बढ़ते सैन्य संबंध भारत के लिए संकट का सबब बनते जा रहे हैं। 21वीं सदी में भारत को पाकिस्तान और चीन का तो खतरा है ही, तुर्की भी एक बड़ी चुनौती बन रहा है। मुस्तफा कमाल अतातुर्क के तुर्की की स्थापना बाद अब रेसेप तैयप एर्दोगान देश के सबसे महत्वपूर्ण नेता बन चुके हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि एर्दोगान तानाशाही को बढ़ावा दे रहे हैं और दुनियाभर में राजनीतिक इस्लाम को बढ़ावा देने में जुट गए हैं। एर्दोगान खुद को इस्लामकि देशों का खलीफा बनाना चाहते हैं। तुर्की अपने इस वैचारिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने हथियारों के उद्योग को इस्तेमाल कर रहे हैं। तुर्की दुनिया में ड्रोन पावर हाउस के नाम जाना जाता है और यूक्रेन से लेकर नगर्नो कराबाख तक में तुर्की के ड्रोन कहर बरपा चुके हैं। तुर्की भारत के दुश्मन पाकिस्तान को किलर ड्रोन से लेकर घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक साल 2002 में जब एर्दोगान सत्ता में आए थे तब तुर्की का घरेलू उद्योग देश की रक्षा जरूरतों का 20 फीसदी पूरा करता था लेकिन आज तुर्की की सेना को 80 फीसदी हथियारों की सप्लाई स्वदेशी कंपनियां करने लगी हैं। तुर्की खुद से युद्धपोत बना लेता है और वह कान फाइटर जेट की टेस्टिंग कर रहा है जो पांचवीं पीढ़ी माना जाता है। माना जा रहा है कि तुर्की ने अमेरिकी एफ-35 जेट की तकनीक नकल करके इसे बनाया है। तुर्की ने इसे पाकिस्तान को भी ऑफर किया है। तुर्की की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका बायरकतार टीबी2 हमलावर ड्रोन है जिसे एर्दोगान के दामाद सेलकूक बायरकतार की कंपनी बनाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक एर्दोगान तुर्की की नीतियों पर अपनी पकड़ मजबूत रखते हैं और पार्टी से ज्यादा अपने परिवार के सदस्यों पर ज्यादा भरोसा करते हैं। बायकर ही उनका परिवार है। तुर्की ने अलकायदा से लेकर अजरबैजान- पाकिस्तान तक को हथियारों की सप्लाई की है। अजरबैजान की सेना ने तुर्की के ड्रोन की मदद से आर्मेनिया की सेना को हराकर नगर्नो कराबाख पर कब्जा किया था। अब तुर्की की नजर अफ्रीका पर है जहां वह नए सैन्य बनाने की फिराक में है। अफ्रीका में तुर्की के ड्रोन तबाही मचा रहे हैं। कई विश्लेषकों का कहना है कि इस्लामिक उग्रवादियों को बढ़ावा देने के लिए 20वी सदी में जो सऊदी अरब ने किया अब वही 21वीं सदी में तुर्की कर रहा है। सऊदी ने यह पैसा देकर किया था, वहीं तुर्की इसे हथियारों का निर्यात करके कर रहा है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का सबब पाकिस्तान है जिसे तुर्की हथियारों से पाट रहा है।

पाकिस्तान पहले से परमाणु हथियारों से लैस है और तुर्की के अत्याधुनिक हथियार और किलर ड्रोन इस संकट को बढ़ा रहे हैं। विशेष्ज्ञों का कहना है कि तुर्की जिस तरह से पाकिस्तान को हथियारों से सपोर्ट कर रहा है, ठीक उसी तरह से भारत को कुर्द वद्रोहियों को सपोर्ट करना चाहिए। हाल ही में कुर्दो ने तुर्की में बड़ा हमला बोला था, इसके बाद तुकी की सेना ने उनके ठिकानों पर हमला बोला था।

# माउंट लेवोटोबी में फिर विस्फोट

जकार्ता, 9 नवंबर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में माउंट लेवोटोबी में शुक्रवार को फिर विस्फोट हुआ। विस्फोट की वजह से राख 10,000 मीटर (10 किमी) ऊंचाई तक फैल गई। इसके बाद उच्चतम एविएशन अलर्ट जारी किया गया। यह जानकारी ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने दी। विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह 10:48 बजे हुआ। राख क्रेटर (ज्वालामुखी के शीर्ष पर एक गड्ढा) के पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर की ओर फैल गई।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईस्ट फ्लोरेस रीजेंसी में स्थित माउंट लेवोटोबी उच्चतम अलर्ट स्तर पर है और क्रेटर से 7 किमी की दूरी तक का क्षेत्र खतरे वाला घोषित किया गया है। एविएशन के लिए ज्वालामुखी ऑब्जर्वेटरी नोटिस, 'रेड लेवल' पर जारी किया गया, जो उच्चतम चेतावनी है, जिसमें क्रेटर के ऊपर और उसके आसपास 6,000 मीटर से नीचे उड़ानों पर प्रतिबंध है। विमानों को राख के बादलों की भी चेतावनी दी गई, जो उड़ानों को बाधित कर सकते हैं। बता दें माउंट लेवोटोबी रविवार देर रात फट गया था, जिसकी वजह से 9 लोगों की मौत हो गई, 63 लोग घायल हो गए। वहीं 4,000 से अधिक लोगों अपना घर छोड़ना पड़ा। गर्म बादलों और ज्वालामुखीय पदार्थों ने सैकड़ों घरों और इमारतों को नष्ट कर दिया, जिससे क्षेत्र में आग लग गई। 1,584 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट लेवोटोबी इंडोनेशिया के 127 सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। इससे पहले ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय आपदा न्यूनीकरण केंद्र के अनुसार, गुरुवार को इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में माउंट मारापी में सुबह विस्फोट हुआ, जिससे राख 800 मीटर ऊंचाई तक हवा में फैल गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, विस्फोट सुबह 8.54 बजे जकार्ता समय पर हुआ, जिसके बाद राख क्रेटर के पूर्व और उत्तर-पूर्व में फैल गई।

निवासियों को कड्रेटर के 4.5 किलोमीटर के दायरे में गतिविधियों से बचने की चेतावनी दी गई। ज्वालामुखी की ढलानों पर उत्पन्न होने वाली नदियों के किनारे रहने वालों को भारी बारिश के दौरान संभावित लावा प्रवाह के लिए सतर्क रहने की सलाह दी गई।

# गो तस्करों से पुलिस की मुठभेड़

### दो दिन पहले खेतों में किया था गो वध एक के पैर में लगी गोली, तीन गिरफ्तार

मेरठ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। मेरठ के मवाना थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुलिस की गौकशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक गौकश के पैर में गोली लगी है। जिससे वह घायल हो गया और पकड़ा गया। उसके दो अन्य साथी भी पुलिस ने कांबिंग के बाद अरेस्ट किए हैं। इनके नाम आकाश, गोपाल और आलोक हैं। तीनों ही आरोपी दिल्ली पहाड़गंज के रहने वाले हैं। मेरठ और आसपास के इलाकों में जाकर बैलों को काटते थे। हाल में 5 नवंबर को तीनों ने तिगरी गांव मवाना में खेतों में बैलों का कटान किया था। गुरुवार देर रात पुलिस तिगरी गांव अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक जाती दिखी। बाइक पर तीन युवक सवार थे।



# एक्सपोर्टर्स की हो सकती है बल्ले-बल्ले
# 20 फीसदी बढ़ सकता है निर्यात

जयपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के गुलाबीनगरी जयपुर सहित प्रदेशभर के एक्सपोर्टर्स को एयर कनेक्टिविटी का अभाव खटक रहा है। उनका कहना है कि इंटरनेशनल फ्लाइट्स बढ़ें तो पर्यटन के साथ प्रदेश से निर्यात भी बढ़ सकता है। उनका दावा है कि एयर कनेक्टिविटी बढ़ने पर जयपुर सहित विभिन्न जिलों से स्टोन, ज्वैलरी, गारमेंट, हैंडीक्राफ्ट जैसे उत्पादों का निर्यात 20 फीसद तक बढ़ सकता है। जयपुर एयरपोर्ट पर टर्मिनल वन को अब इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए रिजर्व कर दिया है, यानी यहां से विदेश यात्रा पर जाने वाले यात्री ही प्रवेश कर सकेंगे।

पहले यही एकमात्र टर्मिनल हुआ करता था, जहां केवल कार्गो का काम होता था। टर्मिनल वन को फिर से केवल इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए खोल देने से यात्रियों का आना-जाना ज्यादा सुविधाजनक हो जाएगा, लेकिन मुख्य मुद्दा जयपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ने का है।




**नए उत्पादों का निर्यात संभव**

एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से प्रदेश के नए निर्यातकों को फायदा होगा। परिधान, ज्वैलरी व हैंडीक्राट के साथ ही यहां से खिलौने, मेटल, होम डेकोर जैसे नए सेक्टर में भी निर्यात बढ़ेगा। इनकी मांग लैटिन अमरीकी देशों में ज्यादा है, जिनमें चिली, कोलंबिया, इक्वेडोर, साउथ जार्जिया, उरूग्वे, कोस्टारिका जैसे देश शामिल हैं।

जयपुर से फिलहाल मस्कट, शारजाह, दुबई, अबू धाबी, कुआलालंपुर और बैंकॉक तक हवाई संपर्क है, लेकिन यहां से कारोबारियों का यूरोप, अमरीका, अफ्रीकी देशों के साथ-साथ जापान, सिंगापुर, हांगकांग, चीन, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया, रूस, कजाकिस्तान जैसे देशों में आना-जाना रहता है।

इन देशों तक सीधी उड़ान नहीं होने से अभी दिल्ली या मुंबई होकर यात्रा करनी पड़ती है।

मार्बल निर्यातक सुरेंद्र जैन ने कहा राजस्थान से स्टोन एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए टर्की, वियतनाम, जर्मनी, इटली जैसे देशों के लिए जयपुर से सीधी लाइट होनी चाहिए। इन देशों के लिए दिल्ली से लाइट पकड़ने के लिए 12 से 16 घंटे खराब होते हैं।

एनआरआई आशीष बंसल ने कहा कि अभी अमरीका के किसी शहर के लिए जयपुर से सीधी फ्लाइट नहीं है।

नए टर्मिनल पर इमिग्रेशन के साथ यूएस के लिए सीधी लाइट की जरूरत है, अभी अमेरिका से जयपुर आने के लिए मुंबई उतरना पड़ता है, फिर जयपुर के लिए फ्लाइट लेनी पड़ती है।

**उत्पाद – बाजार – मूल्य वृद्धि**

1- परिधान – 4000 – 15-20 फीसद।
2- हैंडीक्राट – 8000 – 10-15 फीसद।
3- ज्वैलरी – 9000 – 20-25 फीसद।
*राशि करोड़ रुपए में ।

# राजकुमार रोत का मदन राठौड़ पर हमला
## कहा- 'पीएम मोदी की कृपा से आप शेर बने हैं'

जयपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। विधानसभा उपचुनाव में चौरासी सीट दिन प्रतिदिन विवादित बयानों के घेरे में आती जा रही है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ चौरासी आए थे। युवा मोर्चा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदन राठौड़ ने राजकुमार रोत को चूहा बताते हुए एक कहानी सुनाई थी।




मदन राठौड़ ने कहा था कि एक चूहा था, जो संत की कृपा से शेर बन गया और शेर बनते ही उसने संत को खाने का प्रयास किया तो संत ने उसे पुनः चूहा बना दिया।

इसलिए की जनता ने जिस चूहे को लोकसभा सांसद बनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजा है। अब वक्त आ गया है कि यही जनता मंत्र पढ़कर शेर बन गए राजकुमार रात को दोबारा चूहा बना दे।

मदन राठौड़ के इस बयान पर सांसद राजकुमार रोत ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो खुद प्रधानमंत्री मोदी की कृपा पर चल रहे हैं, वह मुझे बताएंगे कि मैं कौन हूं मुझे डूंगरपुर बांसवाड़ा की जनता ने आशीर्वाद दिया है और यह जनता 13 तारीख को तय करेगी की कौन चूहे से शेर बनता है और कौन शेर से चूहा।

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी में राजकुमार रोत पर 5 साल में मोटरसाइकिल से गाड़ी पर आने का कच्चे मकान से पक्का मकान बनाने का आरोप लगाया था, जिसका जवाब देते हुए राजकुमार रोत ने कहा कि चार बार का विधायक बाबूलाल खराड़ी अपने घर में नहाने के लिए बाथरुम नहीं बन सके।

वह क्षेत्र के विकास की बात करते हैं, जो अपना घर नहीं बना पाए। वह क्षेत्र का विकास क्या करेंगे और अगर कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कोई विकास किया है तो हमें बताएं। राजकुमार ने कहा कि मैं और मेरी पत्नी दोनों के पगार आते हैं और उसी पगार से अगर मैं गाड़ी चला रहा हूं तो भाजपा नेताओं को क्या तकलीफ है?

उसी पगार से अगर मैंने पक्का घर बना लिया तो इनको क्यों तकलीफ हो रही है। भारतीय आदिवासी पार्टी में फूट की खबरों पर उन्होंने कहा कि भाजपा को हमारी इतनी चिंता क्यों है? वह क्यों खुद की चिंता नहीं कर लेते, क्यों पूरा दलबल लगाकर चौरासी में लगे हुए हैं। राजकुमार रोत ने कहा कि इस बार हमारी जनता ने ठान लिया है कि भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाएंगे।

# डोटासरा का किरोड़ी मीणा पर तंज
## बोले- 'भाई साहब, जनता भिक्षा नहीं देगी, अब आराम देगी'



जयपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। दौसा में अपने भाई के जगमोहन मीणा के लिए चुनाव प्रचार कर रहे बीजेपी सरकार के मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने प्रचार का अनोखा तरीका इस्तेमाल किया। वे लोटा लेकर घर-घर वोट की भिक्षा मांगने निकले। किरोड़ी के इस अंदाज पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जोरदार तंज कसा। उन्होंने दौसा में ही चुनावी सभा में कहा कि मंत्री होकर जनता को कुछ देने की जगह हाथ फैला रहे हैं। दौसा की गलियों में भिक्षां देहि कह रहे हैं, उन्हें जनता आराम देहि का आशीर्वाद देगी।

क्या बोले डोटासरा

डोटासरा ने कहा कि जो सरकार में हैं, कुछ देने की हैसियत रखते हैं, जिनके पास सब कुछ देने के लिए है, वो खुद भिक्षा मांगने को उतारू हैं। मैं आपको मान गया, आपको सैल्यूट करता हूं। प्रणाम करता हूं। जो मंत्री हैं, पूरे प्रदेश में सातों सीटों पर जाना चाहिए। वह गली-गली में घूम रहे हैं तो आपको मानना पड़ेगा। भवानी रूठ गई और भवानी जाग गई, क्या बात है क्या चल रहा है। कल आपने देखा नहीं क्या पिक्चर, भिक्षा देही। अब भिक्षा देही नहीं आराम देहि होगा। भाई साहब, जनता यह भिक्षा नहीं देगी, अब आराम देगी।

# थाइलैंड से उदयपुर घूमने आई युवती को मारी गोली
## लोगों ने अस्पताल में कराया भर्ती



उदयपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां थाईलैंड से घूमने आई एक युवती को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार दी। बताया जा रहा है कि थानचैंग नाम की युवती के पीठ में गोली लगी है। लोगों ने उसे गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। हालांकि गोली किसने मारी और किसने अस्पताल में भर्ती करवाया यह भी नहीं बता पा रही है। पुलिस जांच में जुटी है। थाईलैंड निवासी थानचैंग नामक युवती पर्यटक वीजा पर भारत आई है। इसके साथ एक और साथी भी है। दोनों गत कुछ दिनों से माली कॉलोनी स्थित होटल वीर में ठहरी हुई थी। पुलिस साथी महिला से पूछताछ कर रही है। हालांकि अभी तक पूरी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

# '2 बार तो जिता दिया', एक व्यक्ति ने बाबा पर साधा निशाना
## गुस्साए किरोड़ी ने दिया जबाव

दौसा, 9 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है। दौसा विधानसभा सीट से कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीना के भाई जगमोहन मीना को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। जगमोहन मीना की जीत पक्की करने के लिए किरोड़ी लाल पूरे दमखम के साथ प्रचार कर रहे है। ऐसे में किरोड़ी लाल मीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

इस वायरल वीडियो में किरोड़ी लाल मीना सभा के दौरान कहते हुए नजर आ रहे है कि आप गारंटी दोगे... बालाजी की कसम खाकर करके कि हम कमल के फूल को जीताएंगे तो मैं साफा बाधूंगा। तभी वहां भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति ने तेज स्वर में कहा कि 'दो बार तो जीता दिया और कतेक जितावा।' जिस पर किरोड़ी लाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'बैठ जा ना... फालतू बात मतकर'।

हाल ही में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने दौसा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दौसा वालों को सैल्यूट है। किरोड़ी लाल मीना को "वोट भिक्षाम देहि" के हालत पर ला दिया। लेकिन दौसा की जनता उनको "आराम देहि करो" का आशीर्वाद देगी।

**किरोड़ी और पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर**

हॉट सीट दौसा से कांग्रेस ने डीसी वैरवा को चुनावी मैदान में उतारा है। जो कि पायलट समर्थक माने जाते है।

यहां दोनों प्रत्याशियों की जगह किरोड़ी लाल मीना और सचिन पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर है। दोनों ही राजनीतिक पार्टियां यहां मजबूती से चुनाव प्रचार में जुटी है। बताते चलें कि 12 नबंवर की शाम को चुनाव प्रचार पर रोक लग जाएगी। चूंकि 13 नबंवर को सभी सात विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। जबकि नतीजे 23 नबंवर को आएंगे।

# पुष्कर मेले में आकर्षण का केंद्र बनी गाय पुंगनूर
## पीएम मोदी सहित अन्य सीएम ने भी घर में पाल रखा है



पुष्कर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पुष्कर के अंतराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला ऐसे ही नहीं दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, बल्कि यहां देश के अनेक हिस्सों से आये पशु इस मेले को दूसरे मेलों से अलग और भव्य बनाते है। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला में एक से बढ़कर एक पशु अपनी पहचान बनाए हुए है, इस मेले में 1 लाख से लेकर एक करोड़ रुपए तक का घोड़ा बिकने के लिए मैदान में खड़ा है तो वहीं दूसरी ओर इस बार पुष्कर पशु मेले में विलुप्त होती पुंगनूर प्रजाति की गाय आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस गाय को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है तो वही लोग इस छोटी गाय की फोटो लेने के लिए भी उत्साहित नजर आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी इस प्रजाति की गाय अपने घर में पाल रखी है। जयपुर से आए अभिराम ब्रीडिंग फार्म के अभिनव तिवारी ने बताया कि पुंगनूर प्रजाति की गाय की हाइट 28 से 36 इंच होती है। एक गाय प्रतिदिन 3 किलो चारा खाती है और तीन से पांच लीटर प्रतिदिन दूध देती है।

# अनीता चौधरी हत्याकांड: हत्यारे को जोधपुर लेकर पहुंची पुलिस

जोधपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की सनसिटी जोधपुर में मौत के घाट उतारी गई ब्यूटीशियन अनीता चौधरी हत्याकांड के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन मुंबई से जोधपुर ले आया गया। जोधपुर पुलिस की टीम ने मुंबई पुलिस की मदद से गुलामुद्दीन को पकड़ा था। अब गुलामुद्दीन की यहां गिरफ्तारी किए जाने के बाद उससे पूछताछ होगी।

8 दिन से पोस्टमार्टम नहीं हुआ

दूसरी तरफ हत्याकांड को 9 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक अनीता चौधरी के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। उसका शव छह टुकड़ों में एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ है। अब तक पुलिस पर आरोप लगा रहे अनीता के परिजनों पर अब पुलिस ने जांच में सहयोग नहीं करने का बड़ा आरोप लगाया है। इससे पहले पुलिस ने पूरे केस को लूट के इरादे से की गई हत्या बताते हुए मुख्य अभियुक्त गुलामुद्दीन की पत्नी आबिदा को गिरफ्तार किया था, लेकिन यह बात अनिता के परिजनों के गले नहीं उतर रही।




उनका कहना है कि यह हत्या लूट के लिए नहीं बल्कि किसी और इरादे से की गई है। परिजनों का व्यवहार पैदा कर रहा है नए शक इस बीच अनीता के पति और उसकी सहेली सुनीता उर्फ सुमन सेन की बातचीत का एक ऑडियो सामने आया था। उसके तैयब अंसारी पर अनीता की हत्या का अंदेशा जताया गया था।

इसके साथ ही कुछ फोटो और वीडियो को लेकर बात की गई थी। पुलिस इस मामले में लूट, बदला और ब्लैकमेल सभी एंगल से जांच कर रही है, लेकिन अनीता के परिजनों का धरना स्थल से गायब हो जाना और पुलिस के आने के बाद फिर लौट आना नए शक पैदा कर रहा है।

# विराट कोहली की मदद से पूजा बिश्नोई ने किया धमाल
## बना दिया नया रेकॉर्ड



जोधपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। जोधपुर शहर की एथलीट 13 साल की पूजा बिश्नोई ने अंडर 19 के 59 वें ऑल इंडिया एथलेटिक्स टूर्नामेंट में चार गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पूजा ने एक नया रेकॉर्ड स्थापित किया। उनके बेहतरीन खेल और असाधारण कौशल के कारण उन्हें बेस्ट एथलीट के अवॉर्ड से नवाजा गया है। पूजा वर्तमान में विराट कोहली फाउंडेशन से अपनी ट्रेनिंग कर रही हैं। पूजा की मेहनत और सफलता से जोधपुर शहर के युवा खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिल रही है। इस टूर्नामेंट में पूजा बिश्नोई ने 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर और 4 किलोमीटर क्रॉस कंट्री में स्वर्ण पदक जीता। साथ ही पूजा ने 3000 मीटर में नया रेकॉर्ड बनाया।

पूजा बिश्नोई को इस टूर्नामेंट में बेस्ट एथलीट के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो उनकी असाधारण प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है। यह अवॉर्ड उनके पूरे कॅरियर की मेहनत और लगन का प्रतीक है। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए पूजा बिश्नोई ने कहा कि उसने इस जीत के लिए बहुत मेहनत की है और इस सम्मान को पाकर वह बेहद खुश है।

# लूट के दो मुख्य आरोपी पकड़े
## रिवॉल्वर, कारतूस और चाकू बरामद



बारां, 9 नवंबर (एजेंसियां)। गत माह हुई सर्राफा व्यापारी से लूट के दो प्रमुख आरोपी अंता पुलिस ने धर दबोचे। इन पर पुलिस की और से दस दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि अंता पुलिस उपाधीक्षक श्योजी लाल मीणा, थानाधिकारी दिग्विजय गुर्जर की अगुवाई में गठित विशेष जिला पुलिस टीम ने आबिद हुसैन उर्फ काका, शोयब उर्फ गमोरी को पकड़ कर इनके कब्जे से एक रिवाल्वर,चार ङ्क्षजदा कारतूस और एक चाकू भी बरामद किया है। अंता थानाधिकारी दिग्विजय ङ्क्षसह गुर्जर के अनुसार इन आरोपियों को अब रिमांड पर लिया है। इनसे पूछताछ कर माल बरामद करने के सख्ती से प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस को अब वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी फरार मुलजिम सोनू सरदार की तलाश है। जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा। इससे पूर्व इस प्रकरण में पलायथा निवासी आरिश पठान और शौकीन सहित कोटा निवासी मेहराब को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पलायथा में सर्राफा की दुकान लगाने वाले अजय सोनी 17 अक्टूबर को रोज की तरह बाइक से रात को दस किलो चांदी,पचास ग्राम सोना और पैंतीस सौ रुपए नकदी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पलायथा बाग के निकट इन अपराधियों ने रिवाल्वर अड़ा कर इससे लूट कर ली।

**कई वारदातें कबूल की**

आबिद उर्फ काका, सोएब उर्फ गमोरी निवासी कोटा पीसी रिमाण्ड पर चल रहे हैं। पूछताछ के बाद इनसे लूट का माल बरामद किया जाएगा। अंता थाना अधिकारी दिग्विजय ङ्क्षसह ने बताया कि इन्होंने पूछताछ में कोटा व अन्य जिलो में भी लूट की कई वारदातों को अन्जाम देने की बात कबूल की है। गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है। आरोपी कोटा शहर के कई थानों में वांछित हैं।

# बकरी के लालच में पिंजरे में फंस गया तेंदुआ
## वन विभाग को भदेसर में मिली सफलता



चित्तौड़गढ, 9 नवंबर (एजेंसियां)। जिले के भदेसर उपखंड क्षेत्र में कुछ दिनों से जनता के लिए चिंता का विषय बना तेंदुआ आखिर वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। बकरी के लालच में यह तेंदुआ पिंजरे में आ गया। इसकी जानकारी मिली तो मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों को दूर करने के लिए भदेसर थानाधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। तेंदुए को अब चित्तौड़गढ़ लाया जा रहा है, जिसे वन विभाग की सेमलपुरा स्थित नर्सरी में रखा जाएगा। बाद में उसे प्राकृतिक आवास पर छोड़ा जाएगा।

जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय से करीब 25-30 किलोमीटर दूर स्थित भदेसर उपखंड मुख्यालय के आस-पास तेंदुए का मूवमेंट था। इसे देख कर लोगों में दहशत व्याप्त थी। क्षेत्र के लोगों की मांग और सुरक्षा को देखते पिंजरा लगाने का निर्णय किया था। इस पर उपवन संरक्षक विजय शंकर पांडे के निर्देश पर एक पिंजरा भदेसर कस्बे में थाने के पीछे कस्बे से बाहर घाटी के जंगल में लगाया गया था। यह पिंजरा मंगलवार को ही लगा दिया था। फ्लाइंग रेंजर नेपालसिंह के नेतृत्व में टीम तेंदुए पर नजर रखे हुई थी। वहीं, इसमें बकरी को बांधा गया था। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग पिंजरे के पास जाने लगे। इस पर भदेसर सीआई मोतीराम सारण मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। लोगों को पिंजरे से दूर भगाने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। बाद में पिंजरे को वाहन में रख कर चित्तौड़गढ़ भेजने की तैयारी की जा रही है।

आखिर चौथे दिन जाकर मिली सफलता

तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे में वन विभाग की टीम ने बकरी को बांधा था। इसकी खुशबू और शिकार के लालच में तेंदुआ पिंजरे तक खींचा चला आया। चार दिन से पिंजरा लगा हुआ था और सफलता मिल गई। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली है। वहीं वन विभाग की टीम ने बकरी को सुरक्षित निकाल कर उसके मालिक को सौंप दिया।

# शिफ्टिंग करते समय चिड़ियाघर में हुई एमू की मौत, गुपचुप दफनाया



जयपुर, 9 नवंबर (एजेंसियां)। रामनिवास बाग स्थित चिड़ियाघर से एमू पक्षियों को नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में शिफ्ट करने के दौरान शुक्रवार सुबह एक मादा एमू पक्षी की मौत हो गई। जू प्रशासन ने घटना के बाद पोस्टमार्टम कर एमू को चिड़ियाघर में ही दफना दिया गया। जू प्रशासन ने इस मामले की किसी को भनक तक नहीं लगने नहीं दी। एमू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना अभी बाकी है। चिड़ियाघर के एक कर्मचारी ने बताया कि यह मादा एमू स्वस्थ थी और इन्हें नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में शिफ्ट किया जा रहा था। सुबह 10.30 पौने ग्यारह बजे के करीब पिंजरे में जब एमू को पकड़ने गए तो वह इधर-उधर भागने लगी। इस बीच बचने के लिए वह पिंजरे में बनी गुमटी में घुस गई। टीम ने उसकी आंखों को ढक दिया और गुमटी से बाहर ला रहे थे उसी वक्त उसने अपनी लंबी गर्दन को झटके से घुमाया जिससे सिर गुमटी की दीवार में लगा और वहीं ढेर हो गई। एमू के साथ हुई इस घटना से पूरी टीम घबरा गई और आनन-फानन में उसका पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया।

# पोन्नम ने जाति जनगणना और आरक्षण पर भाजपा की नीतियों की आलोचना की



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने जाति आधारित जनगणना और आरक्षण नीतियों पर भारतीय जनता पार्टी के रुख की कड़ी आलोचना की है, उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में इसके दृष्टिकोण में विसंगतियों को उजागर किया है।शनिवार को गांधी भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, मंत्री ने झारखंड में पिछड़ा वर्ग (बीसी) आरक्षण को 14 से 27 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रयासों में भाजपा के हस्तक्षेप पर सवाल उठाया, जहां भाजपा ने विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी से रोका। उन्होंने भाजपा पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया, जिसने जाति आधारित गणना के लिए प्रस्ताव शुरू किए थे। पोन्नम प्रभाकर ने जाति से संबंधित मुद्दों पर विरोधाभासी संदेश भेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह सहित भाजपा नेतृत्व की भी आलोचना की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो झारखंड में आरक्षण की सीमा हटा दी जाएगी। उन्होंने आरएसएस के पूर्ण अधिवेशन का हवाला देते हुए भाजपा के विरोधाभास की ओर इशारा किया, जिसमें कहा गया था कि वे जाति जनगणना या 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण बढ़ाने के विरोधी नहीं हैं। तेलंगाना में पिछड़ा वर्ग के राज्य अध्यक्ष की जगह रेड्डी समुदाय के नेता को लाने के भाजपा के फैसले पर प्रकाश डालते हुए मंत्री पोन्नम ने दावा किया कि यह चुनाव के दौरान किए गए वादों का खंडन करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछड़ा वर्ग के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के आश्वासन के बावजूद भाजपा ने केवल आठ सीटें हासिल करने के बाद रेड्डी को विधायक दल का नेता नियुक्त किया। पोन्नम ने समाज के कमजोर वर्गों को आश्वस्त किया कि सामाजिक-आर्थिक डेटा एकत्र करने के उद्देश्य से चल रहे घरेलू सर्वेक्षण से हाशिए पर पड़े समुदायों को लाभ होगा और सामाजिक न्याय प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यूपीएससी में प्रतिनिधित्व की कमी पर भी प्रकाश डाला और कहा कि मोदी की नीतियों के कारण 90 में से केवल 3 आईएएस अधिकारी पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं। पोन्नम प्रभाकर ने इसी तरह का सर्वेक्षण करने में तेलंगाना सरकार की पारदर्शिता पर जोर दिया और पिछली बीआरएस सरकार के विपरीत, परिणामों को सार्वजनिक डोमेन में साझा करने का वचन दिया। मंत्री ने पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों से भाजपा की नीतियों के बारे में सतर्क रहने का आग्रह किया है और इसे एक ऐसी पार्टी बताया है जो मुख्य रूप से अभिजात वर्ग के हितों की सेवा करती है।

## श्री राजस्थानी समाज का दिपावली मिलन व अन्नकूट आज

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरी साईबाबा नगर स्थित साईबाबा मंदिर में श्री राजस्थानी समाज अन्नकूट समिति के तत्वावधान मे रविवार 10 नवंबर को संगीतमय सुंदरकान्ड के साथ अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में कमलकिशोर पंड्या ने बताया कि हर वर्ष की भांति श्री राजस्थानी समाज अन्नकूट समिति मलकाजगिरी हैदराबाद के तत्वावधान में दिपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। सायं 7 बजे से बालाजी भक्त मंडली मौलाली हाउसिंग बोर्ड द्वारा संगीतमय सुंदरकान्ड का आयोजनकर महाआरती के पश्चात् बालाजी को भोग लगाकर पधारे भक्तों के लिए अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

दिपावली मिलन व अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम में श्री राजस्थानी समाज अन्नकूट समिति के सदस्यगण पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेगे। सभी भक्तों से निवेदन है सपरिवार, मित्रगणों सहित पधारकर दर्शन, सुंदरकान्ड व अन्नकूट प्रसादी का लाभ लेवे।

## राजस्थान राजपूत समाज का दिपावली स्नेह मिलन आज

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीताराम बाग स्थित द्रौपदी गार्डन में राजस्थान राजपूत समाज एवं राजस्थान राजपूत युवा संगठन हैदराबाद-सिकंदराबाद (तेलंगाना) के तत्वावधान में ग्यारहवां दिपावली स्नेह मिलन समारोह रविवार 10 नवंबर प्रात: 8.30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में समाज के अभयसिंह दहिया ने बताया कि हर वर्ष की दभांति ग्यारहवां दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम समाज बन्धुओं के सानिध्य में माँ भवानी की तस्वीर पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलितकर आयोजित किया जाएगा। सम्मान समारोह कार्यक्रम में बत्तौर

मुख्य अतिथि विधायक टी. राजा सिंह पधारेंगे। सम्मानित अतिथियों एवं समाज के भामाशाहो को मंच पर आमंत्रितकर राजस्थानी परम्परा से विशेष सम्मान किया जाएगा। भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। समाज बन्धु व क्षत्राणीयां अपनी राजस्थानी वेष-भूषा में पधारे।

अध्यक्ष दीपसिंह राठौड़, युवा संगठन अध्यक्ष गंगासिंह चौहान ने राजस्थान राजपूत समाज बन्धुओं व आमंत्रित समाज बन्धुओं से निवेदन किया है कि उपरोक्त कार्यक्रम में सपरिवार समय पर पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

# तेलंगाना में मौसम की मार ने ली थी 66 लोगों की जान

**मारे गए थे 4,350 पशु * तेलंगाना में चरम मौसम की घटनाओं में हुई वृद्धि * जनवरी से सितंबर के बीच की रिपोर्ट जारी**

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। डाउन टू अर्थ की नवीनतम क्लाइमेट इंडिया 2024 रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष तेलंगाना में चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिससे मानव जीवन और पशुधन दोनों पर गंभीर असर पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से सितंबर के बीच राज्य में तीव्र मौसम की स्थिति के कारण 66 मानव मृत्यु और 4,350 पशु मृत्यु दर्ज की गई, जिसमें लगातार बारिश, तूफान और बाढ़ शामिल थी, जिससे फसलें और बुनियादी ढांचा भी तबाह हो गया।

'जनवरी से सितंबर तक चरम मौसम की घटनाओं का आकलन' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट भारतीय मौसम विभाग और केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आपदा प्रबंधन प्रभाग के आंकड़ों पर आधारित है।

इसमें बताया गया है कि तेलंगाना ने 50 दिनों तक भयंकर मौसम का सामना किया (मूल्यांकन अवधि का लगभग पांचवां हिस्सा) जिसका असर समुदायों और कृषि पर पड़ा। अकेले अगस्त में, 32,000 हेक्टेयर से अधिक फसल भूमि तबाह हो गई, जबकि नौ महीनों के दौरान कुल मिलाकर लगभग 73,500 हेक्टेयर भूमि को नुकसान हुआ। अन्य क्षेत्रों के विपरीत, तेलंगाना में तीव्र तूफानों के बावजूद घरों को कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ।

2023 में तेलंगाना में चरम मौसम की घटनाओं वाले 52 दिन थे, जो इस साल दर्ज किए गए 50 दिनों से थोड़ा ज्यादा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों सहित पूरे दक्षिण प्रायद्वीप में इस साल चरम मौसम की घटनाओं वाले 168 दिन थे, जिससे 4,25,000 हेक्टेयर से ज्यादा कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा। केरल को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा, जहां 113 दिन चरम स्थितियों वाले रहे- जो इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा है।

## महीने के अंत तक हल्की सर्दी की संभावना

**बारिश की भी आशंका**

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में सर्दी का मौसम नवंबर के अंत तक हल्का रहने की उम्मीद है तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तापमान में उल्लेखनीय गिरावट की सीमित संभावना जताई है। आईएमडी-हैदराबाद की वैज्ञानिक डॉ.ए. श्रावणी के अनुसार, तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आएगी और बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में, शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो मौसमी मानक से 1.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

शनिवार को सुबह न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक था। बीएचईएल फैक्ट्री में सबसे कम 17.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आर्द्रता के स्तर में उतार-चढ़ाव रहा है, सुबह के समय तापमान 69 प्रतिशत रहा। सात दिन के पूर्वानुमान में हल्के तापमान का अनुमान लगाया गया है, जिसमें दैनिक अधिकतम तापमान 31-32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19-20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

# राजभवन में उत्तराखंड का स्थापना दिवस मनाया



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राजभवन ने शनिवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह मनाया, जिसमें तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भारत सरकार की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत आयोजित इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों और अतिथियों ने उत्तराखंड की भावना और विरासत को एक साथ लाया। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने अपने संबोधन में उत्तराखंड के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी लोगों और नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। तेलंगाना और उत्तराखंड के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों पर विचार करते हुए राज्यपाल ने कहा, जैसा कि हम उत्तराखंड की यात्रा का जश्न मनाते हैं, हम उन गहन संबंधों का भी जश्न मनाते हैं, जिन्होंने समय के साथ तेलंगाना और उत्तराखंड को एकजुट किया है। उत्तराखंड, अपनी पवित्रता, शक्ति और लचीलेपन के सार के साथ,

## सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, तीन महिलाओं को बचाया गया

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्वसनीय सूचना मिली कि कुछ लोग बांग्लादेश/पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से महिलाओं/लड़कियों की तस्करी कर रहे हैं और हैदराबाद शहर में वेश्यावृत्ति का धंधा चला रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर एएचटीयू टीम, हैदराबाद शहर ने होटल अक्षय, लकडीकापूल, हैदराबाद में छापा मारा। जहां यह कमरा नंबर 104 और 204 में आयोजक सलीम मंडल और उनकी पत्नी मारिया इंचेम (उप-आयोजक) और 3 सेक्स वर्कर (पीड़ित महिलाएं) एक ग्राहक मिला। सभी आरोपी व्यक्तियों के साथ सेक्स वर्कर/पीड़ित महिलाएं, ग्राहक और जब्त सामग्री को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित सैफाबाद पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। गिरफ्तार लोगों में रैकेट चलाने वाला बांग्लादेश निवासी सलीम मंडल, उसकी पत्नी मारिया इमचेन, बांग्लादेश से महिलाओं/लड़कियों की तस्करी करने वाला सुमन कुमार गुरु उर्फ रवि कुमार शामिल हैं। एक फरार ग्राहक की पुलिस तलाश कर रही है।

# सरकारी कर्मचारी साइबर अपराधियों का हुआ शिकार

## डिजिटल गिरफ्तारी को लेकर डरने की जरूरत नहीं

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केवल एक महीने पहले, 9 अक्टूबर को शहर साइबर अपराध पुलिस ने स्पष्ट रूप से कहा था कि देश में कहीं भी डिजिटल गिरफ्तारी लागू नहीं है और लोगों को धमकियों और डिजिटल गिरफ्तारी से डरने की सलाह दी। अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि साइबर अपराधी धमकियों और डिजिटल गिरफ्तारी के विभिन्न तरीकों को अपना रहे हैं और लोगों को अपराधियों की ऐसी चालों का शिकार नहीं बनना चाहिए। इतना ही नहीं, खुद प्रधानमंत्री ने हाल ही में अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से स्पष्ट रूप से कहा था कि डिजिटल गिरफ्तारी की धमकियों पर विश्वास न करें और यह अपराधियों की धोखाधड़ी की चाल है। अधिकारियों की बार-बार चेतावनी के बावजूद, यह विडंबना की बात है कि एक 55 वर्षीय सरकारी कर्मचारी साइबर अपराधियों की चालों का शिकार बन गया है और साइबर ठगों ने डिजिटल गिरफ्तारी की धमकियों के माध्यम से उससे 48 लाख रुपये लूट लिए हैं। साइबर ठगों ने उसे धमकी दी है कि वह पैसों के अवैध लेन-देन में लिप्त है और उसे विश्वास दिलाया है कि अगर वह निर्दोष पाया गया तो वे उसकी रकम वापस कर देंगे। सात घंटे की डिजिटल गिरफ्तारी के दौरान 48 लाख रुपये गंवाने के बाद कर्मचारी को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है और फिर उसने साइबर क्राइम पुलिस से शिकायत की।

लोगों को पता होना चाहिए कि डिजिटल गिरफ्तारी जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर उनके पास इस तरह की कॉल आती है तो उन्हें घबराना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचित करना चाहिए।

# कुमावत समाज की नई कार्यकारिणी का गठन



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री कुमावत समाज कुकटपल्ली देवेन्द्र नगर राधा कृष्णा मंदिर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित से हुआ।

इसमें संरक्षक हीरालाल हिंदड व पारसमल मोटावत, अध्यक्ष पद पर बाबूलाल मालीवाड़, उपाध्यक्ष रामलाल जकिया, सचिव महेंद्र दुबलदिया, सहसचिव केवल राम बाकरेचा, कोषाध्यक्ष रामेश्वर लाल बाकरेचा, सह कोषाध्यक्ष दिनेश दुबलदिया, प्रचार मंत्री राजुराम खेडावत, सहप्रचार मंत्री राजूराम बाकरेचा सुचित्रा, संगठन मंत्री-रामलाल लारना, बुधाराम होतवाल, बाबूलाल अडाणिया, सलाहकार मंत्री हेमाराम रेणवाल, बुधाराम खरनालिया, लालाराम लारना, गेर मंडली केसाराम नागोरा, नेमाराम दुबलदिया, रमेश दुबलदिया, केलाश मनावत, प्रकाश रोहिवाल को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर हरजीराम लारना नवीन ने कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी और कहा कि आप सब समाज हितैषी कार्य करेंगे। अध्यक्ष ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप समाज में शिक्षा संस्कार एवं संगठन के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। सचिव ने कहा कि जिनको भी पद मिला है आप उन पद की गरिमा बनाए रखेंगे एवं 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र से समाज का विकास जरूर करेंगे। प्रचार मंत्री राजूराम खेडावत ने बताया कि तेलंगाना में चल रही जातीय जनगणना में अपने नाम के पीछे कुमावत जरूर लगाएं।

# महिलाओं को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए : शोभा रानी

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना मेडिकल काउंसिल की सदस्य डॉ. प्रतिभा लक्ष्मी आज प्रसिद्ध वैज्ञानिक मैडम क्यूरी की जयंती के अवसर पर वीरनारी चाकली ऐलम्मा महिला विश्वविद्यालय में विज्ञानदर्शनी नेता शोभा रानी की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए और यह दुखद है कि देश में विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 प्रतिशत है। महिलाओं की भागीदारी में बहुत वृद्धि की आवश्यकता है। छात्रों को विज्ञान से प्रेम करना चाहिए और अनुसंधान के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करनी चाहिए। आज भारत में महिला वैज्ञानिक कई क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। वे कई शोधों के साथ प्रतिदिन अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का प्रदर्शन कर रही हैं। जब महिलाएं अंधविश्वासों को छोड़ती हैं और वैज्ञानिक सोच विकसित करती हैं, तो समाज उच्च प्रगति की ओर बढ़ता है। अंधविश्वास मानव प्रगति में बाधा बन गए हैं। उन्होंने कहा, हमें उन्हें छोड़कर वैज्ञानिक मनुष्य के रूप में विकसित होना होगा। इस अवसर पर बोलते हुए विज्ञान दर्शिनी के अध्यक्ष रमेश ने कहा कि यह दुखद है कि विज्ञान के क्षेत्र में भी पुरुषों का वर्चस्व जारी है। उन्होंने कहा कि आज भी दुनिया भर में शोध के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या बहुत कम है। उन्होंने कहा, महिलाओं की सीमित संख्या के बावजूद शोध के क्षेत्र में कई चमत्कार हुए हैं। हालांकि, उनके प्रयासों को उचित मान्यता नहीं मिल रही है। यही कारण है कि भारत में महिला वैज्ञानिकों ने 100 से अधिक वैज्ञानिकों की वैज्ञानिक उपलब्धियों को लेकर लीलावती डॉटर्स नामक पुस्तक प्रकाशित की है। विज्ञान दर्शिनी छात्राओं और युवाओं में विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में रुचि पैदा करने के लिए मैडम क्यूरी के जन्मदिवस पर नवंबर को बालिका विज्ञान माह के रूप में आयोजित कर रही है। बालिका विज्ञान माह में विज्ञान में महिलाओं पर सेमिनार, प्रदर्शनी और चर्चा मंचों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लड़कियों को विज्ञान के क्षेत्र में चुनौतियों से पार पाने और कई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से भारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं सीएम : केटीआर

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने आज नारायणपेट-कोडंगल लिफ्ट का काम मेघा और राघवा कंस्ट्रक्शन कंपनियों को सौंपे जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। केटीआर ने आरोप लगाया कि सीएम रेवंत रेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से भारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। केटीआर ने कांग्रेस सरकार से सवाल करते हुए कहा, परियोजना का काम मेघा और राघवा कंस्ट्रक्शन को केक के टुकड़ों की तरह बांटा गया था। आप मेघा और राघवा कंस्ट्रक्शन को कैसे भुगतान करेंगे, जिन्होंने एलएंडटी और एनसीसी (नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी) जैसी कंपनियों से अधिक बोली लगाई है।

## बेगमपेट हवाई अड्डे की भूमि और इमारतों का व्यावसायिक उपयोग किया जाए : गुडूर

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गुडूर नारायण रेड्डी ने शनिवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायुडू से बेगमपेट हवाई अड्डे के क्षेत्र को व्यावसायिक उपयोग के लिए रखने का आग्रह किया, ताकि अच्छी मात्रा में राजस्व उत्पन्न हो सके और हैदराबाद के लोगों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। उन्होंने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि लगभग 90 साल पुराना हवाई अड्डा लगभग बेकार पड़ा है, क्योंकि कोई भी व्यावसायिक विमानन गतिविधि नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि हालांकि सेना को इसका उपयोग करने का अवसर दिया गया है, लेकिन वह अपने अधिकांश उद्देश्यों के लिए हकीमपेट वायु सेना स्टेशन का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि 23 मार्च, 2008 को शमशाबाद में राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद से, बेगमपेट हवाई अड्डा हवाई यातायात नियंत्रण कार्यालय की गतिविधियों को छोड़कर ज्यादातर सुनसान पड़ा है। उन्होंने कहा कि इसका उपयोग चार्टर्ड फ्लाइट ऑपरेटरों द्वारा किया गया है और इसका उपयोग चार्टर्ड फ्लाइट और हेलीकॉप्टरों के लिए पार्किंग स्थल के रूप में भी किया जा रहा है। कुछ पायलट प्रशिक्षण अकादमियां भी अपने उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग कर रही हैं। रेड्डी ने कहा कि हवाई अड्डे के रखरखाव पर प्रति माह लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इससे बहुत कम लाभ मिल रहा है। हवाई अड्डे की 790 एकड़ जमीन का कम उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक न तो राज्य सरकार और न ही केंद्र ने इस क्षेत्र को वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की कोई योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के स्वामित्व में लगभग 80,000 करोड़ रुपये की संपत्ति केंद्र के लिए सोने की मुर्गी हो सकती है, अगर इसका वाणिज्यिक रूप से विकास किया जाए। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे की भूमि का उपयोग अस्पतालों, होटलों, आवासीय अपार्टमेंट और कई अन्य चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है, जो ग्रेटर हैदराबाद के लोगों के लिए बहुत उपयोगी होंगे। केंद्र में स्थित हवाई अड्डा क्षेत्र वाणिज्यिक और नागरिक गतिविधियों का केंद्र बन सकता है। हैदराबाद में इस हवाई अड्डे की तरह कोई खाली और बेकार जमीन नहीं है।

# राजस्थानी प्रगति समाज का दीपावली सम्मेलन आज



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार समग्र राजस्थानी समाज के दीपावली मिलन के उद्देश्य से 'दीपावली सम्मेलन' का आयोजन आज रविवार को रात्रि 7.30 बजे से आबिड्स स्थित होटल ताजमहल में किया जायेगा। उक्त जानकारी यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कार्यक्रम संयोजक रमेश कुमार बंग द्वारा दी गई।

राजस्थानी प्रगति समाज के मानद प्रधानमंत्री गोविन्द राठी के अनुसार डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस प्रिजंस एण्ड करेक्शनल सर्विसेस सुश्री सौम्या मिश्रा, आईपीएस, सेन्ट्रल इण्डस्ट्रियल सेक्युरिटी फोर्स के डीआईजी एस.के. मोहनका, सुप्रिंटेंडेंट ऑफ पुलिस शिमला, हिमाचल प्रदेश रोहित मालपाणी आईपीएस, चीफ जनरल मैनेजर आईआरडीए आर.के. शर्मा तथा होटल ताजमहल, आबिड्स के मैनेजिंग डायरेक्ट बी. चन्द्रशेखर राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमल नारायण अग्रवाल ने सभी राजस्थानी बन्धुओं से सपरिवार पधारकर दीपावली स्नेह मिलन का लाभ लेने की अपील की है।

## नरसिंह मंदिर में अन्नकूट संपन्न

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंदिर के ट्रस्टी गोविन्द नारायण राठी एवं पुजारी रमेश चन्द्र व्यास ने बताया मंदिर में अन्नकूट कार्यक्रम किया गया। भक्तों ने नरसिंह भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुरारी दायमा, हरिश दायमा, श्याम तिवारी, सुमीत राठी द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये।

इस अवसर पर नवनित लाल पित्ति, पान्डु यादव, डॉ. भगवत राव, ओमप्रकाश तोषनीवाल, रामा राजू, चांदमल तोतला, रमेशचन्द व्यास, रमेश बंग, सदनी नारायण व्यास, सुमित राठी, घनश्याम तोषनीवाल, श्रीनिवास लोया, कमलनारायण राठी, नघुनन्दन यादव, वेणुगोपाल कलनी,पवन भारडिया व अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्री रामा जीवा सेवा सदन में अन्नकूट महाप्रसाद आयोजित



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री रामा जिवा सेवा सदन (गौशाला) के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद एवं मंत्री कमल मर्दा ने बताया कि शनिवार को नंदिगाम पटेनचेरू स्थित श्री रामा जिवा सेवा सदन (गौशाला) में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गोपाष्टमी महोत्सव एवं अन्नकूट महाप्रसाद के अंतर्गत छप्पन भोग व गोवर्धन दर्शन एवं गौमाता के लिए निर्मित नये भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पारायण, भजन कार्यक्रम एवं मध्याह्न 12.31 बजे से अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि सोमवार को आयोजित अन्नकूट महाप्रसाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुप्ता रियालिटी के फाउंडेर चेरमेन वीरा बोम्मा श्रीनिवास गुप्ता, विशेष अतिथि के रूप में होगी। होप फाउंडेशन के चेयर मैन कोन्डा विजय, तेलंगाना राज्य ने भाग लिया। गौशाला के संस्थापक सलाहकार पुरूषोत्तमदास सोनी, वेदमाता गायत्री चेरिटेबल ट्रस्ट के रमेश व्यास, गौशाला अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद, मंत्री कमल मर्दा, सहमंत्री गिरीधर बाबू, उपाध्यक्ष गणेश सोनी, प्रभुराम चौधरी, महेन्द्र कुमावत, नथुराम कुमावत, भेराराम कुमावत, अशोक कुमावत, प्रभुराम सिरवी, हीरालाल सीरवी, जगदीश पटेल, रविन्द्र, रामगोपालन, परमेश्वर, कोमल कोठारी, नाथुराम कुमावत, पुष्पा मर्दा, भावना पटेल, पुष्पा मर्दा, चंद्रकान्ता सोनी, पूजा तापडिया, अनुप गर्ग, कांतिलाल नागला, एस.पी. मोदानी, पटनचेरू महिला मंडल की सदस्यायें आदि उपस्थित थे।

प्रचार प्रसार संयोजक राजेश तापडिया बडी संख्या मे गोप्रेमियोने प्रत्येक गौमाता का मासिक खर्च 3000 रुपये, प्रत्येक दिन की हरी घांस खर्च सेवा 11,000, गौशाला आजीवन सदस्य रुपये 11000 (कोरपस फंड) आदि मे सहयोग प्रदान किया किया। गौशाला में तुलादान व गौ दान की भी व्यवस्था की गयी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### झूठ का मुंह ...

तेलंगाना सरकार ने सामाजिक न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से जाति जनगणना शुरू की। राज्य मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रीय जनगणना-2025 के दौरान जाति जनगणना पर विचार करने की मांग की गई। महाराष्ट्र ने देश के इतिहास में एक विशेष स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र की धरती ने कई महान और लोकप्रिय नेताओं को जन्म दिया जिन्होंने देश की तकदीर बदल दी। महात्मा ज्योतिबा फुले, बालगंगाधर तिलक, सावित्रीबाई पूले, डॉ. बीआर अंबेडकर समेत कई लोगों ने लोगों को प्रेरित किया और देश को रास्ता दिखाया। सबसे प्रशंसित महाराष्ट्र राज्य किसी के हाथ में नहीं जाना चाहिए। पीएम मोदी ने 17 मेगा प्रोजेक्ट गुजरात में स्थानांतरित किए हैं, जिन्हें महाराष्ट्र में स्थापित किया जाना था।

### गुजरात के बाद ...

सीएम नायुडू के मुताबिक, सी-प्लेन सेवा राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी और रोजगार पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद आगे आकर दक्षिण के इस राज्य, जहां नियमित एयरपोर्ट के लिए ज्यादा महंगे इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की जरूरत भी नहीं है, में सी-प्लेन सेवाओं को आगे बढ़ाएंगे।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# कप्तान हरमनप्रीत बने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी

## श्रीजेश इस अवॉर्ड से हुए सम्मानित

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। स्पेन के खिलाफ ओलंपिक कांस्य पदक मैच में हरमनप्रीत ने ही दोनों गोल दागे और भारतीय हॉकी टीम को लगातार दूसरी बार कांस्य पदक दिलाने में मदद की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में लगातार दूसरा पोडियम फिनिश हासिल किया! था।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन ने साल 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना है। वहीं, पीआर श्रीजेश को एफआईएच ने साल 2023-24 सीजन सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर चुना है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस 2024 ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल में गोल समेत कुल 10 गोल दागे थे। स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मैच में भी उन्होंने ही दोनों गोल दागे और भारतीय हॉकी टीम को लगातार दूसरी बार कांस्य पदक दिलाने में मदद की थी। भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में लगातार दूसरा पोडियम फिनिश हासिल किया! था।

हरमनप्रीत ने भारतीय टीम को टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों में अपने 41 साल के पोडियम सूखे को तोड़ने में भी अहम भूमिका



निभाई थी। उन्होंने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में भी दो मौकों पर एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। अब वह तीसरी बार सम्मानित हुए हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद अवॉर्ड मिला है। कप्तानी करते हुए अपने पहले ओलंपिक में उन्होंने टीम को पदक दिलाया।

वहीं, भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में स्पेन के खिलाफ भारत के कांस्य पदक जीतते ही श्रीजेश का सफर समाप्त हो गया। इसके बाद श्रीजेश भावुक होकर मैदान पर ही लेट गए। बाकी खिलाड़ी दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे और जश्न में उनकी पीठ थपथपाने लगे। फिर जैसे ही श्रीजेश खड़े हुए, सभी भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और उनके आगे नतमस्तक हो गए। उन्होंने करियर में 336 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

36 साल के श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक था और उन्होंने इसका शानदार अंत किया। वह लगातार दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 2016 रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टीम आठवें स्थान पर रही थी। हालांकि, उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक और अब पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता है।

**श्रीजेश का करियर**

2010 में अपना पहला विश्व कप खेलने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी।

श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2022 में वह साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे। श्रीजेश ने अपनी गर्लफ्रेंड अनीषया से शादी की थी, जो कि एक लॉन्ग जंपर और आयुर्वेद डॉक्टर भी हैं। इस कपल की एक बेटी (अनुश्री) और एक बेटा भी है।

श्रीजेश 2016 में सरदार सिंह को रिप्लेस कर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान बने थे। टोक्यो ओलंपिक में उन्होंने अपनी गोलकीपिंग से भारत को 41 साल बाद पुरुष हॉकी में ओलंपिक पदक जिताने में मदद की थी।

# पीसीबी बोला-चैंपियंस ट्रॉफी के हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा नहीं

## बीसीसीआई ने लिखित में कुछ नहीं दिया

इस्लामाबाद, , 9 नवंबर (एजेंसियां)।चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। एक रिपोर्ट में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सूत्रों के हवाले से यह दावा सामने आने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसे लिखित में कुछ भी नहीं मिला है। हाइब्रिड मॉडल पर हमसे अभी तक किसी ने चर्चा नहीं की। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में 8 नवंबर को बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से दावा किया गया था कि टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। इस संबंध में बीसीसीआई ने पीसीबी को लेटर लिखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने अपने मैच दुबई में खेलने की इच्छा जताई है। हाइब्रिड मॉडल में मेजबान देश से बाहर मैच कराए जाते हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी ड्राफ्ट शेड्यूल के मुताबिक अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। इस इवेंट के मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में हो सकते हैं। इस रिपोर्ट के आने के कुछ ही देर बाद ही पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी ने लाहौर में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा, 'मुझे 'लिखित में कुछ भी नहीं मिला है। अगर हमें लिखित में कुछ मिलता है, तो मैं तुरंत इसे आपके और सरकार के साथ शेयर




करूंगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'आज तक किसी ने भी हमारे साथ हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा नहीं की है और न ही हम इस पर बात करने को तैयार हैं। हाल के सालों में पाकिस्तान ने कई बार अच्छा व्यवहार किया है और हमसे हर बार अच्छे की उम्मीद नहीं करें।'

भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं।

पिछले साल ओडीआई वर्ल्ड कप खेलने भारत आया था पाकिस्तान

पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

भारत का पाकिस्तान दौरा टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे।

पाकिस्तान का भारत दौरा पाकिस्तानी ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे में 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई है। पीसीबी ने टूर्नामेंट के वेन्यू और शेड्यूल का ड्राफ्ट आईसीसी को सौंप दिया है। टूर्नामेंट अगले साल फरवरी-मार्च में खेला जाना है। ड्राफ्ट के मुताबिक, भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।

शेड्यूल के मुताबिक भारत के तीन मैच 20 फरवरी (बांग्लादेश से), 23 फरवरी (पाकिस्तान से) और 2 मार्च (न्यूजीलैंड से) को होने हैं। भारत के सभी मैच लाहौर में खेले जा सकते हैं।

पिछले साल एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी।

# संजू टी-20 में लगातार दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय

## द.अफ्रीका के खिलाफ सबसे तेज सेंचुरी लगाई; इस साल 7वीं बार भारत का 200+ स्कोर

डरबन, 9 नवंबर (एजेंसियां)। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 61 रन से हरा दिया। डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में संजू सैमसन की सेंचुरी की मदद से भारत ने 202 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका 17.5 ओवर में 141 रन बनाकर सिमट गया।

इस मैच में कई रिकार्ड्स बने... संजू सैमसन पहले भारतीय बने जिन्होंने टी-20 की दो लगातार पारियों में शतक लगाया, एक साल में भारत ने सातवीं बार 200+ रन का स्कोर खड़ा किया, एक टी-20 इनिंग में छक्कों के मामले में संजू ने रोहित शर्मा की बराबरी की। पढ़िए डरबन टी-20 के टॉप रिकॉर्ड्स...

संजू सैमसन पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के बाहर शतक लगाया है। टेस्ट में ये कारनामा विजय मांजरेकर ने 1953 में किया था, जबकि वनडे में राहुल द्रविड़ ने 1999 में भारत के बाहर शतक लगाया था। तब द्रविड़ विकेटकीपिंग भी संभाल रहे थे।

टी-20 में इंडियन विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन ने घर पर और विदेश में दोनों जगह हा ई ए स् ट स्कोर खड़ा किया है। बांग्लादेश के खि ला फ हैदराबाद में 111 रन की उनकी पारी घर पर हा ई ए स् ट स्कोर है, जबकि डरबन टी-20 में खेली गई 107 रन की पारी विदेश में किसी भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की बेस्ट इनिंग है।

लगातार दो टी-20 मैच में शतक लगाने वाले बल्लेबाज

संजू सैमसन दुनिया के चौथे और भारत के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो टी-20 मैच में 2 शतक लगा दिए हैं। उनसे पहले फिल सॉल्ट, गुस्ताव मेकॉन और राइली रूसो ये रिकॉर्ड




बना चुके हैं।

**एक साल में सबसे ज्यादा 200+ रन**

भारतीय टीम ने लगातार दूसरे साल टी-20 में 7 बार 200 या उससे ज्यादा स्कोर बनाए हैं। डरबन में भारत ने साउथ अफ्रीका को 203 रन का टारगेट देकर ये उपलब्धि हासिल की। भारतीय टीम के अलावा जापान ने इसी साल 7 बार 200 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया है।

किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक टी-20i इनिंग में स्पिनर के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक इनिंग में स्पिन के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में संजू सैमसन दूसरे और तीसरे नंबर पर है। उन्होंने कल स्पिन बॉलिंग के खिलाफ 27 बॉल पर 58 रन की पारी खेली। अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ इसी साल 28 बॉल पर 65 रन बनाए थे।

किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक टी-20i इनिंग में सिक्स

किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक इनिंग में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के मामले में संजू ने रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। उन्होंने 107 रन की पारी में 10 सिक्स लगाए।

**भारतीय बैटर द्वारा साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे तेज शतक**

साउथ अफ्रीका के खिलाफ बॉल के हिसाब से संजू सैमसन ने सबसे तेज शतक लगाया। उन्होंने 47 बॉल पर अपनी सेंचुरी पूरी की। उनसे पहले ये रिकॉर्ड सूर्यकुमार यादव के नाम था, जिन्होंने 55 बॉल में शतक लगाया था।

**शतक के बाद खूब सर्च किए गए संजू सैमसन**

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खेले गए पहले टी-20 मैच में शतक लगाया। इसके बाद लोगों ने उन्हें खूब सर्च किया किया।

# न्यूजीलैंड से हार के बाद बीसीसीआई ने रिव्यू मीटिंग की

## छह घंटे की मीटिंग में रोहित-गंभीर शामिल



मुंबई, 9 नवंबर (एजेंसियां)। भारत को हाल ही में न्यूजीलैंड से खेली गई टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रिव्यू मीटिंग की। मीटिंग 6 घंटे तक चली। इमसें कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच गौतम गंभीर, सिलेक्शन कमेटी हेड अजीत अगरकर के साथ बीसीसीआई सचिव जय शाह और अध्यक्ष रोजर बिन्नी भी मौजूद रहे। गंभीर ऑनलाइन इस मीटिंग में शामिल हुए। इसमें मुंबई टेस्ट के लिए रैंक टर्नर पिच का सिलेक्शन, जसप्रीत बुमराह को आराम देना और गौतम गंभीर की कोचिंग स्टाइल पर चर्चा की गई। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीती थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई के अधिकारी इस बात से खुश नहीं थे कि तेज गेंदबाज और टीम के उप-कप्तान बुमराह को तीसरे टेस्ट के लिए आराम दिया गया। मैच की सुबह बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'जसप्रीत बुमराह वायरल फीवर से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं और मुंबई में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं।' बुमराह ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में 41 ओवरों में 42.33 की औसत से केवल तीन विकेट लिए। उनकी गैरमौजूदगी में भारत ने खराब फॉर्म में चल रहे मोहम्मद सिराज को तीसरे मैच में खिलाया, जो एक भी विकेट नहीं ले पाए।

वहीं, मुंबई में रैंक टर्नर पिच के सिलेक्शन को लेकर भी चर्चा की गई। टीम ने पुणे में इसी तरह की पिच पर हारने के बाद मुंबई में भी रैंक टर्नर पर खेला। यहां भारत को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, हां, बीसीसीआई सचिव जय शाह, रोहित, गंभीर और अगरकर के बीच करीब छह घंटे तक बैठक हुई। कीवी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली हार के रिव्यू के अलावा ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए तैयारी को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

# राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में उतरेंगे पेरिस ओलंपिक पदक विजेता अमन, बंगलुरू में होगा आयोजन

बंगलुरू, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत छह से आठ दिसंबर तक बंगलुरू होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले स्टार खिलाड़ियों में शामिल होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने इसकी पुष्टि की।

अमन के अलावा अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया, अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा, ओलंपियन सोनम मलिक, राधिका, मनीषा भानवाला, बिपाशा, प्रिया,



उदित, चिराग, सुनील कुमार और नरिंदर चीमा भी मैट पर उतरेंगे। यह प्रतियोगिता कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में होगी और इस चैंपियनशिप में 25 संबद्ध राज्य सदस्य इकाइयों के अलावा रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएसपीबी) के 1000 से अधिक प्रतिभागियों और अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है।

दिलचस्प बात यह है कि साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल ही में निलंबित डब्ल्यूएफआई द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन को अदालत में चुनौती दी थी। अदालत ने चैंपियनशिप के लिए मंजूरी दे दी थी, लेकिन कहा था कि रैंकिंग तय करने और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारत की प्रविष्टियों पर निर्णय लेने के लिए इसके परिणामों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा, हम इस फैसले के खिलाफ अपील करने जा रहे हैं। हम राष्ट्रीय स्तर के परिणामों को कैसे नजरअंदाज कर सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।

# ओलंपिक 2028 में खेलती नजर आएंगी बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू

हैदराबाद, 9 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी थीं और उनकी इन खेलों में पदक जीतने की हैट्रिक लगाने की उम्मीद धूमिल हो गई थी। अगला ओलंपिक चार साल बाद है और इस बात की चर्चा है कि सिंधू अगला ओलिंपक खेल पाएंगी या नहीं। अब इस पर उन्होंने अपनी राय रखी है और कहा है कि उनमें अब भी काफी कुछ हासिल करने की क्षमता है।

सिंधू का मानना है कि उनमें बीडब्ल्यूएफ सर्किट पर काफी खिताब जीतने की काबिलियत है लेकिन उनकी निगाहें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों पर लगी रहेंगी। अमेरिका में होने वाले



ओलंपिक तक वह 33 वर्ष की हो जाएंगी। हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि अगर वह चोट-मुक्त रहीं और शारीरिक रूप से फिट रहीं तो उनका लक्ष्य तीसरा ओलंपिक पदक जीतना होगा।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर होने के बाद पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटीं। सिंधू ने कहा, अगर मैं फिट हूं, अगर मैं ऐसा करने में सक्षम रहती हूं, अगर मैं चोट मुक्त हूं, तो निश्चित रूप से मैं लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करूंगी। मैं आपको यही बता सकती हूं।'

सिंधू ने महान खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण की देखरेख में बड़ी उम्मीदों के साथ पेरिस खेलों में प्रवेश किया था लेकिन राउंड 16 में चीन की ही बिंग जियाओ से हारने के बाद बाहर हो गईं। सिंधू ने कहा, ऐसा कई बार होता है। मेरे दो ओलंपिक शानदार रहे और तीसरे में मैं पदक नहीं जीत सकी। लेकिन मुझे लगता है कि मैं अच्छा खेली। मैं अपनी गलतियों से सीखती हूं और मजबूत होकर वापसी करती हूं। यह सिर्फ यहीं खत्म नहीं होता। मैं एक बार में एक साल के बारे में सोच रही हूं और अब अगला ओलंपिक फिर से चार साल बाद है।

# दक्षिण अफ्रीका में 31 दिनों तक अभ्यास करेंगे नीरज चोपड़ा, खेल मंत्रालय उठाएगा खर्च

नई दिल्ली, 9 नवंबर (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका जाएंगे जहां वह 31 दिनों तक ट्रेनिंग करेंगे। नीरज अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी शुरू करने के उद्देश्य से पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे। नीरज पेरिस ओलंपिक में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सके थे।

ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय वहन करेगा। मंत्रालय ने कहा, नीरज अपनी ट्रेनिंग जल्दी शुरू करेंगे और 31 दिन के लिए पोटचेफस्ट्रूम में रहेंगे। नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा जिसमें उनके और उनके फिजियोथेरेपिस्ट के दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान रहने, खाने-पीने और ट्रेनिंग का खर्च शामिल होगा।

पहले भी पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग कर चुके हैं नीरज

नीरज ने पहले भी टोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है। उन्होंने जनवरी 2020 में भी वहां एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जो दुनिया भर में कोविड-19 महामारी फैलने से ठीक पहले हुई



थी। नीरज पूरे वर्ष जांघ की मांसपेशियों की परेशानी से जूझते रहे जिससे पेरिस ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल में उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही थी जिससे वह इस समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराने या नहीं कराने पर फैसला ले सकें।

हाल ही में छूटा था कोच का साथ

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के तीन साल बाद पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले इस स्टार एथलीट ने कहा था, 'यह चोटों से घिरा हुआ वर्ष रहा लेकिन अब चोट ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह फिट रहूंगा।' हाल में वह जर्मनी के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गS जिन्होंने पारिवारिक प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के साथ अपनी पांच साल की साझेदारी समाप्त कर दी।

## 2025 तक हैदराबाद में झीलों का किया जाएगा पुनरुद्धार

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। 'लेक मैन ऑफ इंडिया' के नाम से मशहूर आनंद मल्लिगावाद के अनुसार, शहर में 2025 तक 10 से 20 जलाशयों का कायाकल्प किया जाएगा। यह घोषणा हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बेंगलुरू के डोड्डाथोगुरु झील के दौरे के दौरान की गई। टीम शहर में लागू करने के लिए प्रभावी झील संरक्षण रणनीतियों की खोज कर रही है, जहां कई झीलों पर गंभीर अतिक्रमण किया गया है।

मल्लिगावाद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अवैध अतिक्रमणों के कारण शहर की कई झीलों की सीमाएं कम हो गई हैं, जिससे मानसून के मौसम में बाढ़ की समस्या और बढ़ गई है। उन्होंने इन जल निकायों को बहाल करने के लिए पुनरोद्धार प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया, जो शहरी बाढ़ के प्रबंधन और भूजल स्तर में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में मैंने शहर की कई झीलों का पुनरुद्धार किया है।

# 14 नवंबर से 9 दिसंबर तक पूरे राज्य में सार्वजनिक विजय समारोह : डिप्टी सीएम

## कैबिनेट उप समिति की बैठक में कार्यक्रमों पर हुई चर्चा



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने घोषणा की है कि राज्य में जनता की सरकार की स्थापना को एक साल पूरा हो रहा है, इसलिए 14 नवंबर से 9 दिसंबर तक बड़े पैमाने पर 26 दिनों के लिए राज्य भर सार्वजनिक विजय समारोह आयोजित किए जाएंगे। इन उत्सवों के आयोजन को लेकर गठित कैबिनेट उप समिति की बैठक आज सचिवालय में उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर, राज्य सरकार के सलाहकार के. केशव राव, वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य सरकार की मुख्य सचिव शांति कुमारी, राज्य साहित्य अकादमी के अध्यक्ष आलेख्य पुंजला, प्रजाकवि जयराज और विभिन्न विभागों के सचिव शामिल हुए।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में बनी पीपुल्स सरकार ने इस वर्ष के दौरान कई क्रांतिकारी और अकल्पनीय विकास और कल्याण कार्यक्रम चलाए हैं जो देश में किसी भी अन्य राज्य सरकार द्वारा नहीं किए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम एक शो केस के रूप में और सरकार के दृष्टिकोण को बताने के लिए बनाए जा रहे हैं। इन 26-दिवसीय कार्यक्रमों में, महिलाओं के लिए सरकार की गारंटी वाली योजनाओं में आरटीसी में मुफ्त बस यात्रा के साथ सरकार द्वारा लागू किए गए कई कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करेंगे, जिनमें 500 रूपए में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, राजीव आरोग्य श्री, इंदिरा महिला शक्ति, 50 हजार नौकरियाँ, 18 हजार करोड़ का कृषि ऋण माफी और महिला समूहों को 20 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध, बंद कमलापुर रेयॉन उद्योग को 4,000 करोड़ से बहाली की चर्चा होगी।

पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान बताया गया कि तेलंगाना लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित ग्रुप 4 परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को भर्ती दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे और विभिन्न विभागों से संबंधित नीतियों की घोषणा की जाएगी।

भट्टी विक्रमार्क ने खुलासा किया कि उद्योगों की स्थापना के लिए कई कंपनियों के साथ समझौते किए गए हैं, खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, 16 नर्सिंग कॉलेजों, 28 पैरा मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन समारोह, उस्मानिया अस्पताल के नए भवन का शिलान्यास और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नवगठित राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का शुभारंभ किया जाएगा, इसी प्रकार पुलिस विभाग द्वारा नशा विरोधी कार्यक्रम, डॉग शो और पुलिस बैंड प्रदर्शन भी आयोजित किए जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के सचिवों को इन कार्यक्रमों के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में सरकार के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन, मुख्य सचिव रवि गुप्ता, क्रिस्टीना जोंग्थू, एम. श्रीधर, सचिव दसारी हरिचंदना, लोकेश कुमार और अन्य ने भाग लिया।

# बीआरएस नेताओं से पुलिस की झड़प

## विधायक अस्पताल में भर्ती दलित बंधु फंड की कर रहे थे मांग

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हुजूराबाद में बीआरएस विधायक पडी कौशिक रेड्डी और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दलित बंधु लाभार्थियों के लिए तत्काल धनराशि जारी करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने के बाद शनिवार को पुलिस द्वारा हमला किए जाने से तनाव बढ़ गया। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में इलाज कराना पड़ा, जबकि कौशिक रेड्डी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। विधायक कौशिक रेड्डी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की अमानवीयता के रूप में निंदा की गई और दलित बंधु सहायता में देरी पर सवाल उठाने का नतीजा इस तरह के कठोर व्यवहार के रूप में नहीं होना चाहिए। मुद्दा उठाने वाला व्यक्ति एक विधायक था।

पूर्व मंत्री हरीश राव ने विधायक कौशिक रेड्डी पर पुलिस के हमले पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष, हम हुजुराबाद चौरास्ता में विधायक कौशिक रेड्डी पर पुलिस के हमले की कड़ी निंदा करते हैं। क्या कौशिक रेड्डी द्वारा दलित बंधु लाभार्थियों के लिए दूसरे चरण की वित्तीय सहायता जारी करने की मांग करना गलत है? क्या सरकार से सवाल करने पर जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है?

राव ने सरकार की कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे इंदिरा गांधी के समय के आपातकाल की याद दिलाने वाला अत्याचारी शासन बताया। उन्होंने कांग्रेस सरकार को अपने विधायक के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया, जिनका वर्तमान में सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। राव ने गिरफ्तार किए गए बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई की भी मांग की।

एससी/एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष एरोला श्रीनिवास ने कहा कि अगर कौशिक रेड्डी को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दलित समुदाय कौशिक रेड्डी के साथ मजबूती से खड़ा है और दलित बंधु लाभार्थियों के लिए तत्काल धनराशि जारी करने की मांग की।

## केटीआर ने विधायक कौशिक रेड्डी पर पुलिस हमले की निंदा की

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने हुजूराबाद विधायक कौशिक रेड्डी पर पुलिस द्वारा किए गए हमले की निंदा की है। यह घटना उस समय हुई जब कौशिक रेड्डी और बीआरएस कार्यकर्ताओं ने दलित बंधु योजना के लाभार्थियों को वित्तीय सहायता के दूसरे चरण में देरी से जारी होने पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। केटीआर ने पुलिस की लापरवाही से काम करने और मौजूदा विधायक के तौर पर कौशिक रेड्डी की स्थिति का कोई सम्मान न करने के लिए आलोचना की। उन्होंने राज्य सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए सरकार से जानना चाहा कि क्या इंदिराम्मा राज्यम सिर्फ़ सरकार से सवाल करने पर जनप्रतिनिधियों पर हमला करने के लिए सही है? रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए केटीआर ने उस पर अपने वादों को पूरा करने में अक्षम होने और उसकी अक्षमताओं पर सवाल उठाने वालों के खिलाफ हिंसा का सहारा लेने का आरोप लगाया। केटीआर ने कहा कि वादों को लागू करने में असमर्थ, रीढ़विहीन रेवंत सरकार ने सवाल उठाने वालों पर हमले शुरू कर दिए हैं। उन्होंने सरकार के कार्यों को सांस्कृतिक पतन का एक रूप बताया। केटीआर ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को भी चेतावनी दी तथा कहा कि बीआरएस के सत्ता में वापस आने के बाद सरकार को खुश करने के लिए उनकी अतिशयोक्ति को दंडित किया जाएगा।

# महिला की हत्या का मामला सुलझा, एक गिरफ्तार



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने महिला की हत्या का मामला सुलझा लिया है। इस मामले ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ए. प्रवीण कुमार, पोचम्मावाड़ा, उत्नूर गांव, आदिलाबाद जिले का निवासी है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर, शनिवार को एक पुलिस टीम ने सिकंदराबाद में आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त एन. कोटि रेड्डी मेडचल जोन ने कहा कि पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया। आरोपी, ए. प्रवीण कुमार, 2013 में एक सेल फोन की दुकान चलाता था, जहाँ उसकी मुलाकात मृतक बी. शारदा से हुई थी। समय के साथ, उनके बीच घनिष्ठ संबंध बन गए, अक्सर व्हाट्सएप पर संवाद करते थे और व्यक्तिगत रूप से मिलते थे। 2020 में, मृतका हैदराबाद आ गई। पिछले साल, उसने पैसे के लिए उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया, उसके परिवार को उनके रिश्ते के बारे में बताने और उसकी प्रतिष्ठा को बर्बाद करने की धमकी दी। इन धमकियों से डरकर, आरोपी ने एक साल पहले उसे दो लाख का भुगतान किया। उसे ब्लैकमेल करने से रोकने के लिए, आरोपी ने उसके फोन से आपत्तिजनक वीडियो बरामद करने और उसे खत्म करने की योजना बनाई। 23 नवंबर को, वह उत्नूर से मल्लमपेट में उसके निवास पर गया। अपनी मुलाकात के दौरान, उसने उससे अपने वीडियो वापस करने को कहा, लेकिन उसने और पैसे मांगे। गुस्से में आकर, आरोपी ने उसका गला घोंट दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। घटना के बाद, आरोपी घटनास्थल से भाग गया और छिपने के लिए अपने मूल स्थान पर लौट आया। जांचकर्ताओं को गुमराह करने के लिए, उसने एक चेन और बालियां सहित उसके गहने छीनकर डकैती का नाटक किया। डुंडीगल पुलिस ने शनिवार को उसे एक मेडिकल विजिट के दौरान सिकंदराबाद में गिरफ्तार कर लिया।




## राजेंद्रनगर में 22 टन पीडीएस चावल जब्त

हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद एसओटी ने शनिवार को 22 टन पीडीएस चावल जब्त किया, जब इसे कर्नाटक ले जाया जा रहा था। विशेष सूचना पर विशेष अभियान दल (राजेन्द्रनगर) ने राजेंद्रनगर में चावल की बोरियां ले जा रहे एक ट्रक को रोका। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया और दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस को पता चला कि ये लोग गरीब लोगों से चावल इकट्ठा कर उसे कर्नाटक में तस्करी कर रहे थे, जहां इसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता था।



**प्रमुख सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया, बुर्रा वेंकटेशम, जिला कलेक्टर अनुदीप डुरीशेट्टी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा के यहां एक व्यापक घरेलू सर्वेक्षण के संचालन में भाग लिया।**

## ओवैसी ने की भाजपा के 'वोट जिहाद' टिप्पणी की आलोचना



छत्रपति संभाजीनगर, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को भाजपा नेताओं की 'वोट जिहाद' टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की और पूछा कि क्या वे प्रधानमंत्री के अरब देशों के दौरे पर भी इसी भाषा का इस्तेमाल करते हैं। हैदराबाद के सांसद ने सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या जैसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर में औरंगाबाद सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से बातचीत की। एआईएमआईएम ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नसीर सिद्दीकी को उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में शिवसेना के मौजूदा विधायक प्रदीप जायसवाल और शिवसेना (यूबीटी) के बालासाहेब थोराट से है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख ने पूछा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य में 'वोट जिहाद' की बात कर रहे हैं लेकिन क्या वे उसी भाषा का इस्तेमाल तब करते हैं जब प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) अरब देशों का दौरा करते हैं। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) संभाग में 324 किसान आत्महत्या कर चुके हैं, लेकिन कोई इस बारे में बात नहीं कर रहा है।







## बिना कागजात के दो ऑटो रिक्शा और 54 बाइक जब्त

कोत्तागुडेम, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने शनिवार को जिले के पलोंचा टाउन पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत एक सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। एसपी बी रोहित राजू और पलोंचा डीएसपी सतीश कुमार के निर्देश पर कार्यक्रम के तहत 250 घरों की तलाशी ली गई। पुलिस ने बिना उचित दस्तावेजों के पाए गए 54 दोपहिया वाहन और दो ऑटो रिक्शा जब्त किए। वनमा नगर और हमाली कॉलोनियों में संदिग्ध व्यक्तियों के घरों की खोजी कुत्तों द्वारा तलाशी ली गई। पलोंचा के पुलिस निरीक्षक विनय कुमार ने निवासियों से कहा कि अगर उन्हें इलाके में कोई संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ दिखे तो वे पुलिस को सूचित करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे असामाजिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की सूचना पुलिस को दें तथा सूचना देने वालों का विवरण गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराध नियंत्रण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में पलोंचा टाउन के एसआई सुमन और जीवन कुमार, पलौंचा ग्रामीण के एसआई सुरेश, मुलाकलापल्ली के एसआई राजशेखर और विशेष दल के कर्मियों तथा स्थानीय पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

## मंत्री ने परिवार सर्वेक्षण में भाग लिया



हैदराबाद, 9 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री पोन्नम प्रभाकर के आधिकारिक आवास पर व्यापक घर-घर परिवार सर्वेक्षण के हिस्से के रूप में प्रगणकों ने उनकी पारिवारिक जानकारी एकत्र की। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सर्वेक्षण पुस्तिका में प्रश्न पत्र से पूछे गये सवालों का जवाब दिया। जिन प्रगणकों ने मंत्री पोन्नम प्रभाकर द्वारा दिए गए उत्तरों को दर्ज किया। हैदराबाद के जिला कलेक्टर अनुदीप दुराशेट्टी, जीएचएमसी जोनल कमिश्नर स्नेहा सबरीश, आरडीओ, एमएमएआरओ और अन्य अधिकारियों ने सर्वेक्षण में भाग लिया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.